

कांग्रेस की रैली में मोदी के खिलाफ नारे और गृह मंत्री की टिप्पणी पर हंगामा-7



अमेरिकी के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के करीब भारत-10



बदल रहीं अमेरिका की प्राथमिकताएं, यूरोप को अब बनाना होगा अपना नाटो : मेलोनी -11



मेसी ने भारत दौरे के आखिरी चरण दिल्ली में फुटबॉल प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध किया-12

आज का मौसम
23.0° अधिकतम तापमान
09.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.57
सूर्यास्त 05.18


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष द्वादशी, 11:57 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 16 दिसंबर 2025, वर्ष 7, अंक 22, पृष्ठ 12+4 ■ मूल्य 6 रुपये


## जानलेवा हुआ दिल्ली का प्रदूषण, एक्यूआई 498 पार

### 82 फीसदी लोगों को हुई गंभीर समस्याएं, पर्यावरण मंत्री ने गाजियाबाद-नोएडा को लेकर की समीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली में सोमवार को धुंध छाई रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 498 रहा जो गंभीर श्रेणी में आता है। दिल्ली के 38 निगरानी केंद्रों पर वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज की गई ,जबकि दो केंद्रों पर यह 'बेहद खराब' श्रेणी में दर्ज की गई।

वजीरपुर स्थित वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र ने दिन के दौरान अधिकतम एक्यूआई 500 दर्ज किया। सीपीसीबी, एक्यूआई के 500 के पार हो जाने के बाद डेटा दर्ज नहीं करता है। वहीं, जहांगीरपुरी में एक्यूआई 498 दर्ज किया गया। एक्यूईडब्ल्यूएस के अनुसार, दिल्ली की वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में रहने की आशंका है और अगले छह दिनों के लिए भी वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में रहने की आशंका है। वहीं, राष्ट्रीय राजधानी में वायु एक सर्वेक्षण में शामिल दिल्ली-एनसीआर के 82 फीसदी निवासियों ने माना कि उनके जानने वाले एक या अधिक लोग गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिसका कारण वायु प्रदूषण के संपर्क में रहना है।




नई दिल्ली में धूल और प्रदूषण को कम करने के लिए पानी का छिड़काव करता ट्रक ।

### 5वीं तक ऑनलाइन चलेंगी कक्षाएं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में दिल्ली सरकार ने सोमवार को स्कूलों को कक्षा पांचवीं तक के छात्रों के लिए 'हाइब्रिड मोड' से 'ऑनलाइन मोड' में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक के छात्रों के लिए प्रत्यक्ष कक्षाएं अगले आदेश तक बंद कर दी गई हैं।

### 17 को सुनवाई करेगा उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बिगड़ते वायु प्रदूषण के स्तर से संबंधित याचिका पर 17 दिसंबर को सुनवाई करेगा। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पामचोली की पीठ ने सुनवाई करेगी।



### घने कोहरे से दिल्ली में 228 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे पर सोमवार को खराब दृश्यता के कारण विभिन्न एअरलाइन की 228 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं और पांच उड़ानों को दूसरे गंतव्य पर भेजना पड़ा। एक अधिकारी ने कहा, हवाई अड्डे पर कुल 228 उड़ानें – 131 प्रस्थान और 97 आगमन – रद्द हुई हैं और पांच उड़ानों के गंतव्य बदले जाने की सूचना मिली है।

## यूपी में प्रदूषण को लेकर सरकार सख्त, विभागों को किया तलब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पश्चिमी उप्र में प्रदूषण पर राज्य सरकार ने दी हिदायत
- जिम्मेदारों से पूछा, एनसीआर से सटे जिलों में प्रदूषण पर क्या किया

**अमृत विचारः** राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश में प्रदूषण को लेकर सख्ती दिखाई है। खासकर पश्चिमी उप्र में प्रदूषण पर राज्य सरकार ने निर्देश जारी कर संबधित विभागों को तलब किया है। सरकार ने जिम्मेदारों से पूछा है कि एनसीआर से सटे पश्चिमी उप्र के जिलों में बढ़ते प्रदूषण पर क्या किया है।

ऐसे में सात सरकारी विभागों को अपनी-अपनी रिपोर्ट शासन को भेजनी होगी। सरकार की ओर से गाजियाबाद समेत पश्चिमी यूपी के मेरठ, हापुड़-पिलखुआ, बुलंदशहर, खुर्जा, बागपत-बड़ौत और मुजफ्फरनगर के विकास प्राधिकरणों को नोटिस दी गई है। प्राधिकरणों के उपाध्यक्षों से कहा गया है कि वे वार्षिक कार्ययोजना तैयार करें। जिन विभागों को तलब किया गया है उनमें कृषि, परिवहन, नगर विकास, गृह, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास, लोक निर्माण और आवास एवं शहरी नियोजन विभाग शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### वाराणसी से 50,000 का इनामी भाकपा (माओवादी) नेता पकड़ा

**लखनऊ।** पुलिस के आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) ने करीब 13 वर्षों से फरार प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवादी) के 50 हजार रुपये के इनामी एक वरिष्ठ सदस्य को सोमवार को वाराणसी से गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार माओवादी की पहचान बलिया जिले के मनियर थानाक्षेत्र के मुड़ियारी गांव निवासी सीताराम उर्फ विनय जी उर्फ ओम प्रकाश उर्फ धनु के रूप में हुई है। एटीएस के अनुसार, सीताराम को वाराणसी के काशी स्टेशन से खुफिया जानकारी के आधार पर पकड़ा गया।

### पर्यटकों के लिए आज से खुलेगा लाल किला

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित ऐतिहासिक लाल किला परिसर मंगलवार से आम पर्यटकों के लिए फिर से खुल जाएगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल श्रेणी में शामिल 17वीं शताब्दी का यह किला पांच दिसंबर से आम जनता के लिए बंद है। लाल किले में आठ से 13 दिसंबर तक यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत संरक्षण संबंधी अंतरसरकारी समिति का 20वां सत्र आयोजित किया गया था।

## नेहरू की भूल से उलझा कश्मीर पटेल ने रचा अखंड भारत : योगी

### लौहपुरुष पटेल की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री ने गिनाए एकीकरण के निर्णायक फैसले

- कहा, धारा-370 हटाकर मोदी ने पूरा किया वल्लभभाई पटेल-श्यामा प्रसाद का अधूरा सपना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश के एकीकरण में उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने जहां 567 रियासतों को भारत में विलय कर अखंड भारत की नींव रखी, वहीं तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की नीतिगत भूलों के कारण कश्मीर ऐसा विवाद बना कि आजादी के बाद दशकों तक भारत को डसता रहा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लौहपुरुष आधुनिक भारत के शिल्पकार थे। उनका नेतृत्व यदि और लंबे समय तक मिला होता, तो देश को कई जटिल समस्याओं से जूझना नहीं पड़ता। 15 दिसंबर 1950 को उनका नश्वर शरीर भले ही पंचतत्व में विलीन हो गया, लेकिन उनकी स्मृतियां और राष्ट्र के प्रति सेवाएं आज भी भारत को दिशा देती हैं। योगी ने कहा कि सरदार पटेल ने स्वतंत्रता आंदोलन में उन्होंने नेतृत्वकारी भूमिका निभाई और कई बार जेल की यातनाएं सहीं, लेकिन अपने लक्ष्य से कभी विचलित नहीं हुए।



लखनऊ के हजरतगंज स्थित पटेल पार्क में सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित मुख्यमंत्री योगी।

### पटेल की सूझबूझ से 567 रियासतें भारत गणराज्य का हिस्सा बनीं

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आजादी के समय अंग्रेजों ने देसी रियासतों को भारत, पाकिस्तान या स्वतंत्र रहने का विकल्प दिया था। उस समय सरदार पटेल की राजनीतिक सूझबूझ और दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण 567 रियासतें भारत गणराज्य का हिस्सा बनीं। जूनागढ़ और हैदराबाद जैसी रियासतों का भारत में विलय उनकी रक्तहीन लेकिन निर्णायक रणनीति का परिणाम था। कश्मीर के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का मामला पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने हाथ में लिया, लेकिन उनके फैसलों से कश्मीर ऐसा विवाद बना, जिससे उग्रवाद और अलगाववाद को बढ़ावा मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सरदार पटेल और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करते हुए धारा-370 को समाप्त किया और 'एक देश, एक विधान, एक निशान' के संकल्प को मजबूती दी। योगी ने कहा कि गृहमंत्री के रूप में सरदार पटेल ने सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार, प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने और अखिल भारतीय सेवाओं की नींव रखने जैसे अनेक ऐतिहासिक कार्य किए। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह समेत कई विधायक और नेता मौजूद रहे।

## मनरेगा की जगह 'विकसित भारत जी राम जी' बिल लाएगी सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- लोकसभा की कार्यसूची में यह विधेयक किया गया सूचीबद्ध, मिलेगी 125 दिनों के रोजगार की गारंटी

सरकार 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' (मनरेगा) को निरस्त करने और इस संबंध में एक नया कानून बनाने के लिए लोकसभा में विधेयक लेकर आ सकती है। नए विधेयक का नाम 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण)' (विकसित भारत- जी राम जी) विधेयक, 2025' होगा।

विधेयक की प्रतियां लोकसभा सदस्यों को बांटी गई हैं। विधेयक का उद्देश्य 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना है, जिसके तहत अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए स्वेच्छा से आगे आने वाले प्रत्येक ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्यों को हर वित्त वर्ष में 125 दिन के रोजगार की वैधानिक गारंटी दी जाएगी। इसका लक्ष्य सशक्तीकरण एवं विकास को बढ़ावा देकर समृद्ध और सक्षम ग्रामीण भारत का निर्माण करना है। लोकसभा की सोमवार की कार्यसूची में यह विधेयक सूचीबद्ध किया गया है। विधेयक के उद्देश्यों के कथन में ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि मनरेगा ने पिछले 20 साल से अधिक समय तक ग्रामीण परिवारों को रोजगार की गारंटी दी है। उन्होंने कहा, हालांकि, सामाजिक सुरक्षा के बड़े पैमाने पर कवरेज और बड़ी सरकारी योजनाओं को पूरी तरह लागू करने से ग्रामीण इलाकों में जो बड़ा सामाजिक-आर्थिक बदलाव आया है, उसे देखते हुए इसे और मजबूत करना जरूरी हो गया है। मनरेगा में जहां आजीविका सुरक्षा बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित था, वहीं नए विधेयक में कहा गया है कि इसका मकसद समृद्ध और लचीले ग्रामीण भारत के लिए सशक्तीकरण, विकास, तालमेल और संतृप्ति को बढ़ावा देना है।

### मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना राष्ट्रपिता का अपमान : प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मनरेगा के स्थान पर नया कानून बनाने की तैयारी के बीच कहा कि आखिर इस योजना से महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा है। उसने यह आरोप भी लगाया कि सरकार का कदम महात्मा गांधी का अपमान है। सरकार के कदम के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, जब भी किसी योजना का नाम बदला जाता है, तो कार्यालयों, स्टेशनरी में बहुत सारे बदलाव करने पड़ते हैं, जिसके लिए पैसा खर्च किया जाता है। तो, क्या फायदा है? ऐसा क्यों किया जा रहा है?

## पहलगाम हमले में लश्कर के आका समेत 7 आतंकियों पर आरोप पत्र

जम्मू, एजेंसी

- 1597 पेज की चार्जशीट में पाकिस्तान की साजिश का ब्योरा


एनआईए ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मामले में सोमवार को सात के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया, जिनमें पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटीटी) और उसके मुखौटा संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) के सदस्य और पड़ोसी देश में मौजूद उनका आका भी शामिल हैं। आरोपपत्र में पाकिस्तान की साजिश, आरोपियों की भूमिका और मामले को साबित करने में सहायक साक्ष्यों का विस्तृत विवरण दिया गया है और इसमें प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा/टीआरएफ को पहलगाम हमले की साजिश रचने, साजो-सामान मुहैया कराने और उसे अंजाम देने में उसकी भूमिका के लिए एक कानूनी इकाई के तौर पर आरोपित किया गया है। पहलगाम हमले में 25 पर्यटक और एक स्थानीय टट्टू संचालक मारे गए थे।

आतंकवाद रोधी एजेंसी द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है, पाकिस्तान में बैठे आका साजिद जट्ट को भी जम्मू स्थित विशेष एनआईए न्यायालय में दाखिल 1,597 पृष्ठों के आरोपपत्र में बतौर आरोपी नामजद किया गया है। एनआईए द्वारा दाखिल आरोप पत्र में उन तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों के नाम भी शामिल हैं, जिन्हें घातक आतंकी हमले के 99 दिन बाद 29 जुलाई को श्रीनगर के दाचीगाम में 'ऑपरेशन महादेव' के दौरान सेना ने मार गिराया था। तीनों की पहचान फैसल जट्ट उर्फ सुलेमान शाह, हबीब ताहिर उर्फ जिब्रान और हमजा अफगानी के रूप में हुई है। एनआईए ने अपने आरोपपत्र में आरोपियों के खिलाफ भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने की धारा भी लगाई है।

### आठ महीने तक चली विस्तृत वैज्ञानिक जांच

एनआईए ने लगभग आठ महीने तक चली विस्तृत वैज्ञानिक जांच के माध्यम से पता लगाया कि इस पूरी साजिश के तार पाकिस्तान से जुड़े हैं, जो भारत के खिलाफ आतंकवाद को लगातार प्रायोजित कर रहा है। आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में एनआईए द्वारा 22 जून को गिरफ्तार परवेज अहमद और बशीर अहमद जोथर के खिलाफ भी आरोपपत्र दायर किया है। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने हमले में संलिप्त तीन सशस्त्र आतंकवादियों की पहचान उजागर की और यह भी पुष्टि की कि वे प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा आतंकी संगठन से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक थे।

## रूसी राष्ट्रपति ने भारत से अहम सैन्य समझौते को संघीय कानून के तौर पर दी मंजूरी



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने सोमवार को भारत के साथ इस साल की शुरुआत में हुए एक अहम सैन्य समझौते को संघीय कानून के तौर पर मंजूरी दे दी, जिसे रूसी संसद के दोनों सदनों ने पहले ही पास कर दिया था। दोनों देशों के बीच रसद समर्थन के आपसी आदान-प्रदान समझौते को दो दिसंबर को स्टेट ड्यूमा (निचले सदन) और 8 दिसंबर को काउंसिल ऑफ फेडरेशन (ऊपरी सदन) ने मंजूरी दे दी थी। इस समझौते को राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा गया था। रेलोस समझौते में रूस की सैन्य फॉर्मेशन, युद्धपोतों और सैन्य विमानों को भारत भेजने तथा भारत की ओर से भी ऐसा किए जाने, उनके आपसी रसद समर्थन के संगठन की प्रक्रिया तय की गई है।

### ओमान यात्रा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को ओमान पहुंच गए। जॉर्डन की यह पूर्ण द्विपक्षीय यात्रा 37 साल के अंतराल के बाद हो रही है। ओमान में भारतीय समुदाय ने प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। (संबंधित पेज 11 पर)

## राम मंदिर आंदोलन के नायक डॉ. वेदांती हुए गोलोकवासी



- 12 वर्ष की आयु में ही आ गए थे अयोध्या सीएम ने जताया शोक

**अयोध्या, अमृत विचार :** भाजपा के पूर्व सांसद व राम मंदिर आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले डॉ. राम विलास दास वेदांती सोमवार को गोलोकवासी हो गए।

मध्य प्रदेश के रीवा में प्रवास के दौरान 13 दिसंबर को अचानक उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया था। इलाज के दौरान उनका साकेतवास हो गया। वह 12 वर्ष की आयु में ही अयोध्या आ गए थे। नया घाट स्थित हिंदू धाम में निवास करते थे। मंगलवार तक उनका पार्थिव देह अयोध्या पहुंचेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख स्तंभ, पूर्व सांसद एवं श्री अयोध्या धाम स्थित वशिष्ठ आश्रम के पूज्य संत डॉ. रामविलास वेदांती जी महाराज का गोलोकगमन आध्यात्मिक जगत और सनातन संस्कृति के लिए अपूर्णीय क्षति है।

**सुप्रीम टिप्पणी**

धनवानों की विशेष पूजा के कारण देवताओं की विश्राम अवधि में बाधा उत्पन्न होने से न्यायालय नाखुश

## विश्राम अवधि में धनवानों के लिए विशेष पूजा भगवान का शोषण

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मंदिरों में पैसे लेकर विशेष पूजा करने की अनुमति देने की प्रथा पर नाखुशी जाहिर करते हुए सोमवार को कहा कि इससे देवताओं के लिए निर्धारित विश्राम अवधि' में बाधा पहुंचती है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि दोपहर 12 बजे मंदिर बंद करने के बाद, वे देवता को एक पल के लिए भी आराम नहीं करने देते और उनका शोषण करते हैं। तथाकथित धनी लोग जो भारी रकम चुका सकते हैं, उन्हें विशेष पूजा करने की अनुमति दी जाती है। उन लोगों को आमंत्रित किया जाता हैं और विशेष पूजा की जाती है।

शीर्ष अदालत ने वृंदावन के प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में दर्शन के समय और प्रथाओं में बदलाव को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान अधिकारियों से जवाब तलब किया। पीठ ने शीर्ष कोर्ट की ओर से नियुक्त उच्चाधिकार प्राप्त मंदिर प्रबंधन समिति और उप्र सरकार को नोटिस जारी किया। पीठ ने मामले को जनवरी के पहले सप्ताह में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। उसने वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान और वकील तन्वी दुबे की ओर से बांके बिहारी मंदिर में देवता के दर्शन के समय में बदलाव और देहरी पूजा सहित कुछ आवश्यक धार्मिक प्रथाओं को रोकने के विरोध में पेश दलीलों पर गौर किया। मंदिर के सेवायतों का प्रतिनिधित्व करते हुए दीवान और दुबे ने कहा कि पूजा का समय पवित्र है और इसका सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।





- मंदिर प्रबंधन समिति और प्रदेश सरकार को नोटिस



### बदलावों से उठा विवाद

मंदिर के शासन ढांचे में बदलावों के मद्देनजर यह विवाद उत्पन्न हुआ। दशकों तक, 1939 की प्रबंधन योजना बांके बिहारी मंदिर के प्रशासन, अनुष्ठानों और वित्तीय मामलों को नियंत्रित करती रही। मंदिर ट्रस्ट अध्यादेश 2025 इस योजना को राज्य-नियंत्रित ट्रस्ट से प्रतिस्थापित करने का प्रयास करता है, जिससे धार्मिक संस्थानों में सरकारी हस्तक्षेप और परंपराओं पर प्रभाव को लेकर बहस छिड़ गई है।

### भगवान के सोने-जागने का समय भी बदल दिया

दलील पेश करते हुए अधिवक्ता दीवान ने कहा कि दर्शन का समय परंपरा और रीति-रिवाजों का हिस्सा है। जनता के लिए मंदिर के खुले रहने का समय एक लंबी परंपरा का हिस्सा है। ऐतिहासिक रूप से समय का कड़ाई से पालन किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि मंदिर में दर्शन के समय में बदलाव के कारण आंतरिक अनुष्ठानों में भी बदलाव आया है, जिसमें देवता के सुबह उठने और रात में सोने का समय भी शामिल है। यह देवता के लिए विश्राम का एक बहुत ही महत्वपूर्ण समय है। न्यायालय एक अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दा उठा रहा है। समय पवित्र है और इसका पालन किया जाना चाहिए।

**न्यूज ब्रीफ**

## अस्पतालों में लगेगी बायोमैट्रिक हाजिरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** अस्पतालों में समयबद्ध कार्य संस्कृति लागू करने के उद्देश्य से अब सभी डॉक्टरों एवं कर्मचारियों को प्रवेश के समय बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करानी अनिवार्य होगी। निर्धारित समय पर उपस्थित न होने वालों से जवाब तलब किया जाएगा और संतोषजनक कारण न होने पर उन्हें अवकाश लेना पड़ेगा। हालांकि यह व्यवस्था कब से लागू होगी, आदेश में स्पष्ट नहीं है। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. रतन पाल सिंह सुमन ने इस संबंध में सोमवार को प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों के प्रमुखों, सीएमएस और सीएमओ को आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि सभी अस्पतालों में बायोमैट्रिक सिस्टम स्थापित कर इसे सख्ती से लागू किया जाएगा। उपस्थिति दर्ज कराने में 15 मिनट की मोहलत दी जाएगी। इसके बाद विलंब होने पर संबंधित डॉक्टर या कर्मचारी को कारण बताना होगा, अन्यथा अनुपस्थित मानते हुए अवकाश दर्ज किया जाएगा।

## अयोध्या के दो अस्पतालों में बढ़ेंगे संसाधन

**अमृत विचार, लखनऊ :** रामनगरी अयोध्या में श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा चिकित्सकीय व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। इसी क्रम में अयोध्या में देवगांव स्थित 50 बेडेड संयुक्त चिकित्सालय एवं कुमारगंज स्थित 100 बेडेड अस्पताल में अत्याधुनिक चिकित्सकीय सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके लिए राज्य सरकार ने 2.5 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत कर दिया है। इस बजट से अत्याधुनिक चिकित्सकीय उपकरणों की उपलब्धता से गुणवत्ता युक्त चिकित्सकीय सेवाएं जन सामान्य को सुलभ होंगी। स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव आनन्द कुमार राय द्वारा सोमवार को स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. रतन पाल सिंह सुमन को आदेश जारी कर दिया गया है।

## अटल जयंती पर कुमार विश्वास का काव्य पाठ

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती श्रद्धाभाव से मनाई जाएगी। 24 दिसंबर को जयंती समारोह की पूर्व संध्या पर कवि डॉ. कुमार विश्वास द्वारा एकल काव्य पाठक का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश भर के गणमान्य व्यक्ति समारोह में जुटेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। सोमवार को समारोह की तैयारियों को लेकर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के राजभवन कॉलोनी स्थित आवास में अटल बिहारी बाजपेयी मेमोरियल फाउंडेशन की बैठक हुई। ब्रजेश पाठक ने बताया कि केजीएमयू के अटल बिहारी बाजपेयी सांइटिफिक कन्वेंशन सेंटर में शाम पांच बजे आयोजन होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे।

# धान क्रय केंद्र की शिकायत लेकर योगी से मिला किसान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डीएम को फटकार, शाहजहांपुर जिले के सभी क्रय केंद्रों के औचक निरीक्षण के निर्देश

**अमृत विचारः** धान क्रय केंद्रों पर लापरवाही की शिकायत लेकर शाहजहांपुर से आए किसान की फरियाद पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अपनाया। सोमवार को 'जनता दर्शन' के दौरान शिकायत सुनते ही मुख्यमंत्री ने शाहजहांपुर के जिलाधिकारी को फटकार लगाई और जिले के सभी धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि अन्नदाता किसानों को किसी भी कीमत पर परेशान नहीं किया जाना चाहिए और धान खरीद में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्रय केंद्रों पर तौल, भुगतान और बैठने जैसी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित हों। किसानों को अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें और भुगतान समय से किया जाए। किसी भी स्तर पर गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तय होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए फरियादियों से एक-एक कर मुलाकात की। सभी की समस्याएं सुनीं और उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। प्रयागराज समेत अन्य जिलों से आए फरियादियों की शिकायतों पर भी जिला और पुलिस प्रशासन को कार्रवाई के निर्देश दिए गए।



लखनऊ : कालिदास मार्ग स्थित अपने आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# गलन और कोहरे की चपेट में प्रदेश, यातायात प्रभावित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश गलन और कोहरे की चपेट में है। ऐसे में सड़क, रेल व हवाई यातायात के साथ जनजीवन भी प्रभावित है। इस बीच ठंडी पछुआ हवाएं चलीं जिससे गलन और ठिठुरन बढ़ गई है।

मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ से मिली जानकारी के मुताबिक, दो दिनों में पछुआ की रफ्तार क्रमशः बढ़ेगी और पारे में गिरावट के साथ ही कोहरे का असर कम होगा। मौसम विभाग के अनुसार दो से चार डिग्री तक पारे में गिरावट आ सकती है। उधर, आगरा, बरेली, प्रयागराज और मुरादाबाद में अत्यधिक घने कोहरे की वजह से दृश्यता शून्य तक पहुंच गई। वाराणसी, अलीगढ़, इटावा में दृश्यता 50 मीटर तक दर्ज हुई। मंगलवार को प्रयागराज, मिर्जापुर, आगरा, इटावा, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली व आसपास के इलाकों में अत्यधिक घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। कोहरे का असर सोमवार को ट्रेनों के साथ साथ उड़ान सेवाओं पर भी पड़ा। लखनऊ से भी यह उड़ानें देर से रवाना हो सकीं। इस कड़ी में झांसी में कोहरे के चलते वंदेभारत पौने दो तो शताब्दी आई साढ़े तीन घंटे लेट हुई। दिल्ली से आने वाली अधिकांश ट्रेनें दो से साढ़े चार घंटे की देरी से चल रही हैं।

# यूपी में एआई सिटी से डिफेंस एनर्जी तक टाटा का मेगा प्लान

## मुख्यमंत्री योगी और टाटा ग्रुप के चेयरमैन चंद्रशेखरन की बैठक में बड़े निवेश प्रस्तावों पर सहमति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश को तकनीक, औद्योगिक विकास और वैश्विक निवेश का हब बनाने की दिशा में सरकार ने एक और बड़ा कदम बढ़ाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन के बीच सोमवार को हुई उच्चस्तरीय बैठक में राज्य में एआई सिटी, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, डिफेंस कॉरिडोर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, ऊर्जा, ईवी और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में बड़े निवेश प्रस्तावों पर सहमति बनी। यह बैठक उत्तर प्रदेश की डिजिटल अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य को गति देने वाली मानी जा रही है।

बैठक में टाटा समूह ने राजधानी लखनऊ में 'एआई सिटी' विकसित करने का प्रस्ताव रखा। यह एआई सिटी स्टार्टअप्स, रिसर्च, इनोवेशन और हाई-एंड टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम का केंद्र बनेगी। इसके साथ ही गोरखपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने का प्रस्ताव भी रखा गया, जिससे पूर्वांचल के युवाओं को अत्याधुनिक तकनीकों में प्रशिक्षण मिलेगा। टाटा समूह ने बताया कि आईआईटी कानपुर के साथ हुए एमओयू के तहत 48 करोड़ रुपये के निवेश से युवाओं को एआई, साइबर सिक्योरिटी, डेटा साइंस, ड्रोन, 3डी प्रिंटिंग और स्पेस टेक्नोलॉजी में प्रशिक्षित किया जाएगा। वहीं टीसीएस की लखनऊ, नोएडा और वाराणसी इकाइयों में वर्कफोर्स को 16 हजार से बढ़ाकर 30 हजार करने की योजना है, जिससे आईटी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। बैठक में टाटा संस के मुखिया की ओर से प्रदेश में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) की स्थापना को लेकर भी विमर्श हुआ। इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और डिफेंस कॉरिडोर में निवेश बढ़ाने पर भी सहमति बनी। टाटा समूह मोबाइल उपकरणों, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स, ड्रोन, मिसाइल सिस्टम और रक्षा वाहनों के उत्पादन को विस्तार देगा। बबीना और झांसी जैसे रक्षा औद्योगिक नोड्स में निवेश बढ़ाने का रोडमैप रखा गया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन।

### टाटा समूह के प्रस्ताव

- एआई सिटी और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस
- डिफेंस कॉरिडोर में उत्पादन विस्तार
- 30 नए होटल, हॉस्पिटैलिटी बूम
- 1900 मेगावाट थर्मल पावर यूनिट सोलर, ईवी और आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर

> उत्तर प्रदेश स्थिर नीति, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और तेज फैसलों के कारण निवेशकों की पहली पसंद बन चुका है। टाटा समूह की भागीदारी राज्य को टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रियल ग्रोथ का राष्ट्रीय केंद्र बनाएगी।
>
> –योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री

### हॉस्पिटैलिटी पर सबसे ज्यादा फोकस

टाटा समूह के चेयरपर्सन एन. चंद्रशेखन ने मुख्यमंत्री के समक्ष बताया कि ताज, विवांता और सेलेक्शंस ब्रांड के 30 होटल पहले से निर्माणाधीन हैं, जिनकी प्रगति रिपोर्ट साझा की गई। इसके साथ ही प्रदेश में पर्यटन और प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी की बढ़ती मांग को देखते हुए 30 नए होटल विकसित करने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। इसके पूरा होने पर प्रदेश में लक्जरी होटल रूम्स की संख्या मौजूदा करीब 2,000 से बढ़कर 5,000 तक पहुंच जाएगी। ये होटल प्रदेश के प्रमुख पर्यटन केंद्रों अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, वृंदावन, आगरा, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर और बिजनौर में विकसित किए जाएंगे। टाटा समूह ने बताया कि धार्मिक पर्यटन, सांस्कृतिक विरासत और बेहतर कनेक्टिविटी के कारण इन शहरों में पर्यटकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

### अयोध्या में जनवरी 2027 तक बनेगा म्यूजियम

बैठक में अयोध्या में प्रस्तावित म्यूज़ियम ऑफ टेम्पल आर्किटेक्चर के निर्माण कार्य को जनवरी 2027 तक पूरा करने पर जोर दिया गया। टाटा समूह मथुरा–वृंदावन क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण से जुड़ी परियोजनाएं शुरू करेगा। इसके तहत कुल आठ कुंडों का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश के प्रमुख गंगा घाटों की सफाई और संरक्षण के कार्य में भी टाटा समूह सहयोग करेगा।

# फर्जी इनवॉइस व ई-वे बिल से जीएसटी चोरी करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



जीएसटी चोरी के आरोप में पकड़े गए अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्य।

- एसटीएफ ने नोएडा और बिहार के वैशाली से आरोपियों को दबोचा

**अमृत विचारः** बोगस फर्मों का पंजीकरण कर फर्जी इनवॉइस और ई-वे बिल से सरकार को करोड़ों रुपये का चूना लगाने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का एसटीएफ ने पर्दाफाश किया है। एसटीएफ ने गिरोह के पांच सदस्यों को गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) और बिहार के वैशाली से गिरफ्तार किया है। गिरोह फर्जी दस्तावेजों के सहारे वास्तविक फर्मों को इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) बेचकर बड़े पैमाने पर कर चोरी कर रहा था। आरोपियों के पास से चार लैपटॉप, नौ मोबाइल फोन और 13,500 रुपये बरामद हुए हैं।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी प्रमेश कुमार शुक्ला के मुताबिक, शनिवार को एसटीएफ टीम ने नोएडा कार्यालय में पूछताछ के दौरान चार आरोपियों को हिरासत में लिया। वहीं, पाचवें आरोपी को बिहार के वैशाली जिले से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में गाजियाबाद साहिबाबाद सुल्तानपुर का बिदेश्वर प्रसाद पांडेय, मूलत बिहार के गोपालगंज का बबलू कुमार, प्रिंस पांडेय, छपरा का दीपांशु शर्मा (तीनों ने गाजियाबाद में ठिकाना बना रखा है) और बिहार वैशाली का जयकिशन शामिल हैं।

**ऐसे दिया जाता था कर चोरी को अंजाम :** पूछताछ में सामने आया कि गिरोह का मास्टरमाइंड बिदेश्वर पाण्डेय गाजियाबाद में अकाउंटेंसी और जीएसटी से जुड़ी कोचिंग चलाता था। यहीं उसने बोगस फर्में बनाकर फर्जी इनवॉइस और ई-वे बिल तैयार करने का नेटवर्क खड़ा किया।

**मोबाइल में मिले 50 से अधिक ईमेल आईडी :** एसटीएफ के अनुसार आरोपियों के मोबाइल फोन में 50 से अधिक ई-मेल आईडी और कई फर्मों के लॉगिन डिटेल्स मिले हैं। प्रारंभिक जांच में करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी के साक्ष्य मिले हैं। इस मामले में जीएसटी विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में पहले से रिपोर्ट दर्ज कराए गए थे। एसटीएफ ने सभी आरोपियों को शनिवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

# हापुड़ में व्यापारी के मुनीम से 85 लाख की लूट

हापुड़, एजेंसी

जिले के पिलखुवा थानाक्षेत्र में सोमवार को बदमाशों ने नोएडा के एक व्यापारी के मोटर साइकिल सवार मुनीम से 85 लाख रुपये लूट लिए।

पुलिस के अनुसार नोएडा के दादरी निवासी अजय पाल (42) घी-तेल और चीनी के एक बड़े कारोबारी के यहां मुनीम का काम करते हैं। अजय पाल ने पुलिस को बताया कि सोमवार को वह बाइक से फुटकर व्यापारियों से संग्रह करने निकले थे। उन्हें भुगतान में करीब 85 लाख रुपये मिले। पुलिस के अनुसार अजय वापस ऑफिस लौट रहे थे, तभी दोपहर करीब 2.30 बजे दिल्ली-लखनऊ हाइवे पर पिलखुआ थानाक्षेत्र में सरस्वती मेडिकल कॉलेज के पास पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए। उन्होंने अजय की बाइक में टक्कर मारी, जिससे वह गिर गए। बदमाशों ने तमंचे की बट से उनके सिर पर वार करके उनका बैग लेकर फरार हो गए जिसमें 85 लाख रुपये थे। लूट के दौरान घायल अजय पाल को स्थानीय लोगों की मदद से सरस्वती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने बताया कि उनके सिर और पैर में चोट लगी है।

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। अजय पाल की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



लखनऊ : अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के प्रथम स्थापना दिवस कार्यक्रम में उपस्थित उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या, पूर्व सांसद राजवीर सिंह राजू भैया, सांसद साक्षी महाराज, साथ में अन्य। अमृत विचार

## हापुड़ में 1300 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव

**अमृत विचार, लखनऊः** हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण (एचपीडीए) द्वारा आयोजित इन्वेस्ट इन हापुड़ समिट-2025 में करीब 1300 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिसने हापुड़ को एनसीआर के नए ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित कर दिया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने उद्घाटन सत्र में 100 से अधिक निवेशकों के समक्ष कहा कि दिल्ली-एनसीआर का विकास अब केवल नोएडा, गाजियाबाद या गुरुग्राम तक सीमित नहीं रहेगा। हापुड़ जैसे क्षेत्र अब नए विकास केंद्र के रूप में उभर रहे हैं। एचपीडीए के उपाध्यक्ष डॉ. नितिन गौड़ ने बताया कि यह पहली बार है जब प्राधिकरण स्तर पर इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया गया।

# नौ जिलों में 3,200 करोड़ की 16 परियोजनाएं मंजूर

## 3,845 आवासीय, व्यावसायिक व मिश्रित इकाई होंगी विकसित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बरेली में 104 करोड़ की लागत से एक आवासीय परियोजना स्वीकृत

**अमृत विचार :** उप्र. रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने 190वीं बैठक में नौ जिलों की 16 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। करीब 3,200 करोड़ के निवेश से 3,845 आवासीय, व्यावसायिक एवं मिश्रित उपयोग की इकाइयां विकसित की जाएंगी। सबसे अधिक लखनऊ में 2,154.69 करोड़ से छह परियोजनाओं में 1406 इकाइयां विकसित की जाएंगी।

सोमवार को न्यू हैदराबाद स्थित रेरा मुख्यालय में अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में प्राधिकरण की बैठक हुई। इस दौरान आगरा में 200.69 करोड़ की लागत वाली दो परियोजनाओं में 668 इकाई, लखनऊ में 2,154.69 करोड़ की लागत से छह परियोजनाओं में 1,406 इकाई, गाजियाबाद में 74.18 करोड़ की लागत से दो परियोजनाओं में 210 व्यावसायिक इकाई, बरेली में 104 करोड़ की लागत से एक आवासीय परियोजना में 454 इकाई, प्रयागराज में 6.05 करोड़ की लागत से एक आवासीय परियोजना में 74 इकाई, अलीगढ़ में 77.47 करोड़ की लागत से एक आवासीय परियोजना में 142 इकाई, झांसी में 16.26 करोड़ की लागत से आवासीय परियोजना में 220 इकाई, मथुरा–वृंदावन में 50.48 करोड़ की एक आवासीय परियोजना में 127 इकाई व मुरादाबाद में 516.34 करोड़ की एक आवासीय परियोजना में 544 इकाई विकसित करने को मंजूरी दी गई।



लखनऊ : रेरा मुख्यालय पर बोर्ड बैठक की अध्यक्षता करते अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी।

# स्थापना दिवस पर याद किए गए कल्याण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रामभक्ति, राष्ट्रधर्म और सामाजिक स्वाभिमान की हुंकार के साथ मना अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा का स्थापना दिवस

**अमृत विचारः** रामभक्ति, राष्ट्रधर्म और सामाजिक स्वाभिमान की हुंकार के साथ अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा ने सोमवार को अपना प्रथम स्थापना दिवस मनाया। गोमतीनगर विस्तार स्थित सीएमएस सभागार में इस दौरान यह दृश्य केवल संगठन के एक वर्ष पूरे होने का उत्सव मात्र नहीं, बल्कि यहां उस वैचारिक धारा का भी उद्घोष सुनायी दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अगर आज हम देश और प्रदेश में सत्ता के शिखर पर हैं, तो उसमें कल्याण सिंह बाबूजी का बहुत बड़ा योगदान है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि बाबूजी गरीबी और भूख को भाषणों से नहीं, जीवन से जानते थे। यही कारण था कि जब प्रभु श्रीराम का प्रश्न आया तो उन्होंने मुख्यमंत्री की कुर्सी को भी ठोकर मार दी। श्री पाठक ने कहा कि सत्ता से चिपके रहना सामान्य है, लेकिन सत्ता त्यागकर सिद्धांतों पर खड़ा होना असाधारण साहस है, और बाबूजी उसी साहस के प्रतीक थे।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा का प्रथम स्थापना दिवस समाज की एकता, संगठनात्मक सशक्तता और सर्वसमावेशी सोच का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि युवाओं का मार्गदर्शन करना, उन्हें संगठित करना और सांस्कृतिक चेतना के साथ सकारात्मक राष्ट्रनिर्माण की दिशा में आगे बढ़ाना लोधी समाज का दायित्व है। पूर्व सांसद राजवीर सिंह राजू भैया ने कहा कि स्थापना दिवस पर उमड़ी भीड़ यह प्रमाण है कि एक वर्ष में ही संगठन शैशवावस्था से निकलकर परिपक्वता की ओर बढ़ चुका है।

सांसद साक्षी महाराज ने कहा कि यदि कल्याण सिंह न होते तो राम मंदिर आंदोलन निर्णायक मुकाम तक नहीं पहुंचता। राम मंदिर का नाम आते ही हर हिंदू के मन में बाबूजी का चित्र उभर आता है, क्योंकि उन्होंने जो कहा, वही करके दिखाया।

**कवायद** | प्रदेश के 100 सरकारी अस्पतालों में शुरू होंगे डीएनबी पाठ्यक्रम

# डिप्लोमा चिकित्सक भी बनेंगे शिक्षक, बढ़ेंगी डीएनबी सीटें

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में गुणवत्ता युक्त चिकित्सकीय सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में राज्य सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। अब डीएनबी (डॉक्टरेट ऑफ नेशनल बोर्ड) पाठ्यक्रम 39 नहीं बल्कि प्रदेश के 100 सरकारी अस्पतालों में संचालित किया जाएगा। विभिन्न विषयों में डीएनबी सीटों की संख्या के लिए स्वास्थ्य विभाग में कवायद शुरू हो चुकी है।

स्वास्थ्य विभाग ने प्रत्येक अस्पताल में विषयवार कितनी सीटें स्वीकृत की जा सकती हैं, इसका आकलन करने के लिए सभी सरकारी अस्पतालों के प्रशासन से मौजूदा विशेषज्ञ और डिप्लोमाधारी चिकित्सकों का विस्तृत विवरण मांगा है। इसमें चिकित्सकों के अनुभव, विषय विशेषज्ञता और सेवाकाल की जानकारी शामिल है।

मेडिकल कॉलेजों की पीजी सीटों के अलावा नीट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को विभिन्न विषयों में तीन वर्षीय डीएनबी पाठ्यक्रम में प्रवेश का अवसर मिलता है। यह पाठ्यक्रम प्रायः सरकारी अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों में संचालित होते हैं। शिक्षक समेत अन्य मानकों के पूरा होने पर राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) संबंधित अस्पताल को निर्धारित सीटों पर दाखिले की अनुमति देता है। वर्तमान में प्रदेश के 39 सरकारी अस्पतालों में विभिन्न विषयों की कुल 183 डीएनबी सीटों पर चिकित्सक अध्ययनरत हैं। नए समीकरण में स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश के 100 सरकारी अस्पतालों में अधिक से अधिक डीएनबी सीटें संचालित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अस्पतालों ने डिप्लोमा प्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों का अनुभव सहित विवरण शासन को भेजना शुरू भी कर दिया है।



### 10 व 13 वर्ष का अनुभव रखने वाले बनेंगे शिक्षक

एनएमसी की ओर से मानकों में आंशिक राहत दिए जाने के बाद डीएनबी सीटें बढ़ाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। नए नियमों के तहत एमडी–एमएस के अलावा संबंधित विषय में 13 वर्षों का चिकित्सकीय सेवा अनुभव रखने वाले डिप्लोमा प्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों को फैकल्टी के रूप में मान्यता दी जाएगी। साथ ही 10 साल के अनुभवी चिकित्सक को सहायक फैकल्टी बनाया जाएगा, इससे कई सरकारी अस्पताल डीएनबी व डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालन के योग्य हो जाएंगे।

> प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग के 100 अस्पतालों में डीएनबी पाठ्यक्रम शुरू होने से मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा और प्रदेश में विशेषज्ञ चिकित्सकों की संख्या भी बढ़ेगी। अस्पतालों द्वारा मौजूदा विशेषज्ञ चिकित्सकों का विवरण मिलने के बाद सीट स्वीकृति के लिए एनएमसी में आवेदन किया जाएगा।
>
> –अमित कुमार घोष, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग, उप्र.

## न्यूज ब्रीफ

### नेपाल बॉर्डर से 800 ग्राम हेरोइन बरामद

**चम्पावत** : एसटीएफ और पुलिस ने उत्तराखंड से उप्र तक का नशे का बड़ा नेक्सस ध्वस्त करते हुए बनबसा में नेपाल बॉर्डर के पास तीन संदिग्ध तस्करों से करीब 800 ग्राम हेरोइन बरामद की है। इसका मूल्य 2.40 करोड़ है। एसपी अजय गणपति ने बताया कि, सितारगंज-टनकपुर एनएच पर स्ट्रांग फार्म के पास चेकिंग में बिना नंबर की बाइक पर सवार उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी निवासी सूरजदीप, करनैल सिंह और गुरमीत सिंह को गिरफ्तार किया गया। तीनों से बरामद हेरोइन उत्तराखंड के रास्ते नेपाल में सप्लाई होनी थी।

### तीन बीएलओ का निलंबन हाईकोर्ट से रद्द

**नैनीताल।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने देहरादून व बड़कोट क्षेत्र के तीन बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) गजेंद्र सिंह नेगी, दीपक कुमार व दीपक सिंह को शासन द्वारा सस्पेंड करने का आदेश रद्द कर दिया है। सिंचाई विभाग के कर्मी इन तीनों बीएलओ पर ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं का नाम शहरी क्षेत्र के मतदाता सूची में दर्ज करने का आरोप है, जिन्होंने अपने निलंबन आदेश को चुनौती देते कहा कि उन्हें निलंबन से पूर्व कारण बताओ नोटिस नहीं दिया गया। उनके अधिवक्ता ने नियमों का हवाला देते हुए कोर्ट को बताया कि निलंबन तभी होगा, जब आरोप पत्र दिया जाएगा।

### डीसीएस रावत अध्यक्ष सौरभ बने महासचिव

**नैनीताल** : उत्तराखंड हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव के सोमवार देर रात आए नतीजों में अध्यक्ष पद पर डीसीएस रावत ने भारी मतों से जीत दर्ज की। विजेता रावत को 668 वोट जबकि उनके प्रतिद्वंदी डीके जोशी को 251 वोट ही प्राप्त हुए। तीसरे स्थान पर मनीषा भंडारी को 127 जबकि अंजली भार्गव को 53 वोट मिले। महासचिव बने सौरभ अधिकारी को 436, उनके प्रतिस्पर्धी अक्षय लटवाल को 419 जबकि भूपेंद्र कोरंगा को 246 वोट मिले। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक हुए मतदान में 1779 मतदाताओं में से 1112 ने वोट डाले।

### कॉर्बेट में पानी पीने पहुंचा बाघ मगरमच्छ के हमले में बाल-बाल बचा

# ...और मगर का शिकार होते बचा बाघ

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** कॉर्बेट नेशनल पार्क (सीटीआर) के ढिकाला क्षेत्र से एक रोमांचक वायरल वीडियो सामने आया है, जिसमें बाघ खुद एक दूसरे शिकारी का शिकार बनते-बनते बचता दिखाई दे रहा है।

करीब 18 सेकंड के इस वीडियो में देखा जा सकता है कि रामगंगा नदी के किनारे मौजूद बाघ पर अचानक पानी के भीतर से एक मगरमच्छ हमला कर देता है। हमला इतना अचानक होता है कि पल भर के लिए बाघ असंतुलित हो जाता है, लेकिन अपनी फुर्ती और ताकत के दम पर वह खुद को संभाल लेता है और मगरमच्छ के जबड़ों से बच निकलता है। यह पूरा घटनाक्रम कैमरे में कैद हो गया, जो अब सोशल मीडिया पर लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। यह वीडियो सीटीआर के ढिकाला जोन स्थित रामगंगा नदी का बताया जाता है।

#### जंगल में सर्वाइवल ऑफ द फिटेस्ट का नियम : डॉ. साकेत

सीटीआर के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने कहा कि जंगल में 'सर्वाइवल ऑफ द फिटेस्ट' का नियम चलता है। जो सबसे सक्षम होता है, वही जीवित रहता है। अलग-अलग प्रजातियों के बीच इस तरह की इंटरेक्शन की घटनाएं समय-समय पर सामने आती रहती हैं और यह वीडियो भी उसी प्राकृतिक प्रक्रिया का एक उदाहरण है। वहीं, वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि यह वीडियो जंगल के वास्तविक और कड़े नियमों को दर्शाता है, जहां शिकारी भी हमेशा सुरक्षित नहीं होता।



पानी के अंदर से बाघ को अपने जबड़े में खींचने के लिए ततपर मगरमच्छ।

## बंदरों के हमले में वृद्ध की मौत

**पीलीभीत, अमृत विचार** : छत पर बैठकर खाना खा रहे 70 वर्षीय बुजुर्ग पर बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। हमले से घबराकर बचने के चक्कर में वह छत से नीचे गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान निजी अस्पताल में उनकी मौत हो गई, जिससे गांव में शोक के साथ ही आक्रोश फैल गया। थाना गजरौला कला क्षेत्र के ग्राम सुहास निवासी परसादी लाल (70) रविवार को घर की छत पर बैठकर भोजन कर रहे थे। इसी दौरान अचानक बंदरों का झुंड वहां पहुंचा और उन पर हमला कर दिया। बंदरों के हमले से घबराए वह संतुलन खो बैठे और छत से नीचे गिर पड़े।



परसादी लाल।

# भाई-बहन को प्रेमी-प्रेमिका समझने वाली एसएचओ का तबादला

मऊ, एजेंसी

- मऊ का मामला, नैतिकता का पाठ पढ़ाने वाला वीडियो सामने आने पर एसपी ने की कार्रवाई

मऊ जिले की महिला थाने की प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) का एक भाई-बहन को प्रेमी-प्रेमिका समझ कर नैतिकता का पाठ पढ़ाने का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक (एसपी) इलामारन जी ने उनका तबादला कर दिया है और उन्हें आधिकारिक चेतावनी भी दी गई है।

एसपी इलामारन जी ने बताया कि महिला थाने की एसएचओ मंजू सिंह का तबादला कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि हम सभी पुलिस कर्मियों को जनता के साथ उनके व्यवहार के बारे में संवेदनशील बना रहे हैं और काउंसलिंग कर रहे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने के दौरान एसएचओ मंजू सिंह ने गाजीपुर जिले से यहां माता शीतला देवी मंदिर में दर्शन करने आये एक भाई-बहन को प्रेमी-प्रेमिका समझ लिया था। मंजू सिंह ने युवक और दो युवतियों को हिदायत देनी शुरू की और बातचीत के दौरान यह भी कहा कि मंदिर में घूमने आओ तो अभिभावक के साथ आया करो। सूत्रों के अनुसार अधिकारी ने दोनों के घरवालों से सम्पर्क किया तो हकीकत सामने आई। दोनों भाई-बहन निकले।

महिला एसएचओ का किसी ने वीडियो बना लिया जो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया। सोशल मीडिया पर पुलिस की किरकिरी शुरू हो गई।

# पुवायां की सेल एग्री कमोडिटीज फैक्ट्री पर इनकम टैक्स का छापा

## सुबह से देर शाम तक चली कार्रवाई, फैक्ट्री परिसर पूरी तरह सील

संवाददाता, पुवायां (शाहजहांपुर)

**अमृत विचार:** इनायतपुर स्थित सेल एग्री कमोडिटीज फैक्ट्री में आयकर विभाग(इनकम टैक्स) ने सोमवार सुबह छापेमारी की। एक दर्जन से अधिक गाड़ियां सुबह 7 बजे फैक्ट्री परिसर में पहुंचीं और जांच शुरू की, जो देर रात तक जारी रही। कार्रवाई के दौरान फैक्ट्री परिसर में किसी भी व्यक्ति के आने-जाने पर पूरी तरह से रोक दी गई।

छापेमारी में शामिल इनकम टैक्स की सभी गाड़ियां दिल्ली और हरियाणा नंबर की बताई जा रही हैं। जांच के दौरान फैक्ट्री में मौजूद कर्मचारियों के मोबाइल टीम ने कब्जे में ले लिए। सेल एग्री कमोडिटीज फैक्ट्री बड़े पैमाने पर बासमती चावल का उत्पादन करती है और देश-विदेश में इसका निर्यात किया जाता है। इसके लिए कंपनी किसानों से भारी मात्रा में धान की खरीद भी करती है। सूत्रों की मानें तो इन्हीं गतिविधियों से जुड़े कुछ मामलों को लेकर आयकर विभाग की यह कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी के दौरान फैक्ट्री के बाहर पुलिस बल तैनात रहा, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। सूत्रों का कहना है कि आईटी की कार्रवाई लंबे समय तक चल सकती है, क्योंकि अधिकारियों और कर्मियों के लिए बाहर से खाने-पीने का सामान, रजाई - गद्दे फैक्ट्री परिसर में भिजवाए गए। पूरे मामले में फैक्ट्री प्रबंधन और आईटी अधिकारियों ने मीडिया से दूरी बनाए रखी। देर शाम तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया।



सेल एग्री कमोडिटीज फैक्ट्री परिसर में ले जाए जा रहे रजाई-गद्दे। • अमृत विचार

## धर्मांतरण के आरोप में सात महिलाओं समेत 10 लोग गिरफ्तार

**मिर्जापुर,एजेंसी:** जिले की कोतवाली देहात पुलिस ने कथित धर्मांतरण के मामले में सात महिलाओं समेत 10 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से धार्मिक साहित्य और अन्य वस्तुएं बरामद की। पुलिस के अनुसार, यह मामला रविवार को कुरकुठिया गांव निवासी आनन्द दुबे की शिकायत पर कोतवाली देहात थाने में दर्ज किया गया था।

पुलिस के अनुसार, इस प्राथमिकी के आधार पर गिरफ्तार किये गये आरोपियों में दस महिलाएं हैं। सभी मिर्जापुर तथा आसपास के जिलों के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार आनंद दुबे ने आरोप लगाया कि आरोपी एक खास धर्म का प्रचार करने के बहाने ग्रामीणों को पैसे और अन्य प्रलोभन देकर उन्हें धर्मांतरण के लिए उकसा रहे थे। उनके पास से बाइबिल की चार प्रतियां, 10 नोटबुक, तीन स्मार्टफोन और एक कीपैड मोबाइल फोन बरामद किया गया।

# खीरी में कोचिंग जा रहीं दो नाबालिग छात्राओं से सामूहिक दुष्कर्म

संवाददाता, बेहजम (लखीमपुर खीरी)

- तमंचे के बल पर अगवा कर गन्ने के खेत में ले गए तीन युवक
- एसपी ने दो संदिग्धों से की पूछताछ, घटना स्थल देखा

> एक छात्रा ने खुद के साथ घटना होने से इंकार किया है। हालांकि मेडिकल में छात्रा के साथ कोई मेजर इंजरी की बात सामने नहीं आई है। छात्राओं ने किसी ठाकुर नाम के युवक का नाम लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।
>
> -संकल्प शर्मा, एसपी

**अमृत विचार** : थाना फरधान क्षेत्र में सोमवार की सुबह करीब 5.30 बजे कोचिंग जा रही दो छात्राओं को तीन युवकों ने तमंचे के बल पर बंधक बना लिया और गन्ने के खेत में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने दूसरे समुदाय के दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। प्रकाश में आए एक अन्य आरोपी की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। एसपी ने पकड़े गए संदिग्धों से पूछताछ की और घटना स्थल का भी निरीक्षण किया।

घटनाक्रम के अनुसार थाना फरधान क्षेत्र के अलग-अलग गांव की 14 और 17 साल की दो किशोरियां क्रमशः कक्षा 9 और 12 की छात्राएं हैं। सोमवार की सुबह करीब साढ़े पांच बजे दोनों कोचिंग पढ़ने के लिए जा रही थीं। इस दौरान लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर कैमासुर गांव के पास बाइक सवार तीन युवकों ने दोनों छात्राओं को रोक लिया और तमंचे के बल पर गन्ने के खेत में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया और फिर धमकी देकर भाग निकले।

आरोपियों के जाने के बाद किसी तरह डरी-सहमी दोनों छात्राएं घर पहुंची और परिवार वालों को जानकारी दी। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से दूसरे समुदाय के दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया है। सोमवार दोपहर एसपी संकल्प शर्मा थाना फरधान पहुंचे। उन्होंने हिरासत में लिए संदिग्धों से पूछताछ की। प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी से जानकारी ली और उसके बाद घटना स्थल पहुंचे। उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण किया और वहां करीब पौन घंटे भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। पुलिस ने दोनों छात्राओं का मेडिकल परीक्षण कराया है। तीन अज्ञात लोगों पर सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस तीसरे आरोपी की तलाश कर रही है। मामला दूसरे समुदाय से जुड़ा होने के कारण पुलिस विशेष सतर्कता बरत रही है।

# बदायूं में गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य पूरा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- ट्रायल से पहले एक्सपर्ट की टीम एक्सप्रेस वे का करेगी निरीक्षण
- जनवरी में वाहनों के फर्राटा भरने की जताई जा रही संभावना

**अमृत विचार** : गंगा एक्सप्रेस वे बनकर तैयार हो गया है। उम्मीद है कि जनवरी के दूसरे सप्ताह में एक्सप्रेस वे पर वाहन फर्राटा भरने लगेंगे। फिलहाल इस पर ट्रायल करने की तैयारी हो रही है। ट्रायल से पूर्व एक्सपर्ट की टीम एक्सप्रेस वे का निरीक्षण करेगी। कुछ प्रमाण पत्र भी टीम जारी करेगी। इसके बाद ट्रायल रन की तारीख घोषित कर दी जाएगी।

मेरठ से प्रयागराज तक 594 किमी लंबा गंगा एक्सप्रेस वे जिले से होकर गुजर रहा है। इसकी लंबाई 92 किलोमीटर की है। यह एक्सप्रेस वे चार तहसीलों से होकर गुजर रहा है। गंगा एक्सप्रेस वे के अधिकारियों ने बताया कि बदायूं सहित अन्य जिलों हरदोई, रुपापुर, शाहजहांपुर में 100 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ व प्रयागराज कुछ काम शेष है। वह भी इसी सप्ताह पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद इस पर ट्रायल रन किया जाएगा। बताया कि ट्रायल से पूर्व एक्सपर्ट की टीम एक्सप्रेस वे का निरीक्षण करेंगी। निरीक्षण के बाद कुछ जरूरी प्रमाण पत्र जारी होंगे। इसके बाद ट्रायल रन की तारीख घोषित की जाएगी। एक्सप्रेस वे का निर्माण करने वाली अडाणी ग्रुप के अधिकारियों ने बताया कि जनवरी माह में यह एक्सप्रेस वे चालू होने की पूरी संभावना है।

#### तीन स्थानों पर बने हैं इंटरचेंज

गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य साल 2022 में शुरू हुआ था। जिले में गुजर रहे 92 किलोमीटर के हिस्से को अडाणी ग्रुप के साथ एक और एजेंसी आईआरबी द्वारा निर्माण किया जा रहा था। एक्सप्रेस वे अब बनकर तैयार हो चुका है। गंगा एक्सप्रेस वे पर वाहनों के उतार चढ़ाव के लिए तीन इंटरचेंज बने हैं। इनमें एक वनकोटा गांव पर दूसरा बिनावर और तीसरा दातागंज क्षेत्र में बना गया है।

# पुलिस की गोली से 50 हजार का इनामी घायल

संवाददाता, संभल

- बरेली जनपद के अलीगंज का रहने वाला है बदमाश इमरान

**अमृत विचार:** घने कोहरे में पुलिस और 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। वाहन चेकिंग के दौरान घिरे बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लग गई, जबकि एक सिपाही भी गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को गिरफ्तार कर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम इमरान पुत्र रफीक निवासी ईदगाह अलीगंज थाना अलीगंज जनपद बरेली बताया। बदमाश के पास से बिना नंबर वाली स्प्लेंडर बाइक के साथ ही तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं।

# रेशम के धागे में करंट उतार कर हो रहा जानवरों का शिकार

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** तिकुनिया पॉवर हाउस से निकली 11 हजार केवी हाईटेंशन लाइन इन दिनों शिकारियों के लिए सबसे खतरनाक हथियार बन चुकी है। खेतों में हाईटेंशन लाइन से रेशमी धागे की मदद से सीधे करंट उतारकर वन्यजीवों का शिकार किया जा रहा है। यह शिकार लंबे समय से चल रहा है, लेकिन पुलिस, वन विभाग और बिजली विभाग की निष्क्रियता के कारण शिकारी बेखौफ होकर अपने मंसूबों को अंजाम दे रहे हैं। जंगल की सीमा खुली होने के कारण हिरण, चीतल, सूअर, पाढ़ा सहित अन्य वन्यजीव भोजन की तलाश में अक्सर खेतों की ओर निकल आते हैं। इसी का फायदा उठाकर शिकारियों का एक संगठित गिरोह सक्रिय हो गया है और नए तरीके से जानवरों का शिकार कर रहे हैं।

**तैयारी** | मुख्यमंत्री ने हरिद्वार कुंभ की सफलता को की पूजा, कहा-प्रदेश के लिए यह बड़ा अवसर

# कुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के होंगे ठोस इंतजाम : धामी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, हरिद्वार कुंभ में देश-दुनिया के श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के प्रभावी व ठोस इंतजाम किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कुंभ मेले की दिव्य-भव्य सफलता की कामना को लेकर सोमवार को कनखल में दक्षेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा करने के साथ ही सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी मंदिर के दर्शन किए।

उन्होंने कहा कि, वर्ष 2027 में हरिद्वार में कुंभ का आयोजन प्रदेश के लिए बहुत बड़ा सुअवसर है। देश व दुनिया में कुंभ मेला एवं कुंभ नगरी हरिद्वार का अत्यधिक महत्वपूर्ण स्थान है। राज्य सरकार कुंभ मेला के दिव्य एवं भव्य आयोजन के लिए ठोस कार्य कर रही है। कुंभ मेला क्षेत्र को विस्तार देने तथा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुगमता और सुरक्षा को लेकर प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं ताकि देश-दुनिया से आने वाले लोग यहां से बेहतर अनुभव लेकर लौट सकें। मुख्यमंत्री ने साधु-संतों से प्रदेश सरकार को मिल रहे आशीर्वाद के लिए आभार जताते हुए आगामी कुंभ मेले को सफलतापूर्वक आयोजित करने हेतु साधु-संतों और स्थानीय लोगों से निरंतर समर्थन व सहयोग बनाए रखने का आग्रह किया। पंचायती महानिर्वाणी अखाड़े के सचिव महंत रवींद्र पुरी ने संस्कृति के संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री धामी द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना करते हुए कहा कि दिव्य एवं भव्य कुंभ आयोजन के लिए संत समाज द्वारा राज्य सरकार को पूर्ण सहयोग दिया जाएगा।

वहीं सीएम ने एक बयान में कहा कि, यूसीसी उत्तराखंड के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह कोई राजनीतिक निर्णय नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, लैंगिक समानता और समान अधिकारों की दिशा में उठाया गया साहसिक कदम है।

#### एसआईआर से मतदान अधिकार सुरक्षित

प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कहा कि उत्तराखंड सीमावर्ती और संवेदनशील राज्य है इसलिए मतदाता सूची का शुद्ध होना राष्ट्रीय सुरक्षा और लोकतांत्रिक मजबूती दोनों के लिए आवश्यक है। एसआईआर के माध्यम से फर्जी, डुप्लीकेट और अपात्र प्रविष्टियों को हटाकर प्रत्येक पात्र नागरिक के मतदान अधिकार को सुरक्षित किया जाएगा।

#### जबरन धर्मांतरण खतरा

सीएम ने जबरन धर्मांतरण के विषय पर सरकार की नीति को स्पष्ट और सख्त बताते हुए कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है, जिसकी सांस्कृतिक पहचान और डेमोग्राफी का संरक्षण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बीते वर्षों में सामने आई जबरन धर्मांतरण की घटनाओं को गंभीर खतरा बताते हुए कहा कि इसी के मद्देनज़र राज्य में सशक्त धर्मांतरण रोधी कानून लागू किया गया है।

जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता निधि — दीया फंड — DEPOSITOR EDUCATION AND AWARENESS FUND

अपना केवाईसी अपडेट रखें

ताकि आप बिना किसी रुकावट के बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकें



यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण में कोई बदलाव नहीं हुआ है,

तो आप अपने पुन:केवाईसी के लिए एक स्व-घोषणा पत्र जमा करें - जिसे आप पत्र/ऑनलाइन बैंकिंग/मोबाइल बैंकिंग/एटीएम/बैंक में पंजीकृत अपने मोबाइल नंबर/ईमेल या कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) के माध्यम से जमा करवा सकते हैं।

यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण बदल गए हैं,

तो अपडेटेड विवरणों वाले किसी एक दस्तावेज़ की प्रति प्रदान करें: आधार/मतदाता पहचान पत्र/NREGA जॉब कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट/राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर द्वारा जारी पत्र।




आप अपनी नज़दीकी बैंक शाखा में जाकर भी अपना केवाईसी अपडेट करवा सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/KYC पर जाएँ

आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर: 99990 41935/99309 91935

जनहित में जारी

भारतीय रिज़र्व बैंक

RESERVE BANK OF INDIA

www.rbi.org.in



# बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch. Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389

सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व आपरेशन
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व आपरेशन
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी की गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का आपरेशन
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व आपरेशन
- सिर दर्द (माइग्रेन) व मिर्गी के दौरे का इलाज
- दिमाग के फोड़े का इलाज व आपरेशन
- गर्दन (सर्वाइकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का इलाज व ऑपरेशन
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का आपरेशन
- बच्चों के पीठ की गांठ का आपरेशन
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज
- रीढ़ की हड्डी व दिमाग की टी.बी. का इलाज व ऑपरेशन
- लकवा तथा पैरालायसिस का इलाज

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सुपर स्पेशलिटी सेन्टर
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
समय : प्रातः 10 12 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
लकवा के मरीजों के लिए 24 घंटे इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर
7017678157, 8077790358
7417389433, 9897287601


# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में सरेंडर किए डोंगल

## जिले में आंदोलनरत ग्राम पंचायत और ग्राम विकास अधिकारी संघ ने मांगें पूरी न होने तक किया आंदोलन का एलान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** जिले के सभी विकास खंड कार्यालय पर सोमवार को ग्राम पंचायत सचिवों और ग्राम विकास अधिकारियों ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के सरकारी आदेश का कड़ा विरोध किया। आंदोलनरत सभी सचिवों ने अपने डिजिटल हस्ताक्षर वाले डोंगल सहायक विकास अधिकारी (एडीओ पंचायत) को सौंप दिए।

विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र गंगवार ने कहा कि ऑनलाइन हाजिरी कीनई व्यवस्था उनके कार्य की प्रकृति के अनुकूल नहीं है। कहा कि सचिवों का कार्य पूरी तरह से फील्ड आधारित होता है और एक सचिव के पास 4 से 9 ग्राम पंचायतों तक का प्रभार होता है। इतने विस्तृत भौगोलिक क्षेत्र और बहुउद्देशीय कार्य प्रकृति के कारण किसी एक निश्चित स्थान और समय पर ऑनलाइन हाजिरी लगाना अव्यावहारिक है। ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष सुरेंद्रवीर ने कहा कि डोंगल जमा करने के बाद भी सचिव विभागीय दायित्वों का निर्वहन करते रहेंगे। कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक वह कोई भी वित्तीय कार्य नहीं करेंगे।



शेरगढ़ में एडीओ पंचायत को डोंगल सौंपते सचिव। ● अमृत विचार

● विभागीय दायित्वों का निवर्हन करते रहेंगे सभी सचिव

**अलीगंज** में ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारियों ने मझगंवा ब्लॉक पर पहुंचकर सामूहिक रूप से अपने अपने डोंगल एडीओ पंचायत अभय कुमार आर्य को सौंपे। प्रिय दर्शन यादव, विकास गौतम, सरिता दयाल, सोहन सिंह, राजदीप चौहान, रूपराम सहित 10 ग्राम विकास तथा ग्राम पंचायत अधिकारी शामिल रहे।

**शेरगढ़** में पंचायत सचिव प्यारेलाल, श्रीकृष्ण, सत्यप्रकाश गुप्ता, आसिफ हुसैन, सुनील कुमार मौर्य, अजय कुमार आदि ने एडीओ पंचायत राजीव शर्मा को डोंगल सौंपे।

**बिथरी चैनपुर** में सोमवार को सचिव, विवेक गंगवार, संजय गंगवार, बीरेश पटेल, मोरपाल गंगवार, युधिष्ठर सिंह, देवेंद्र सिंह, चंद्रभान गंगवार, सुरेंद्र कुमार, छवि सिंह, पुष्पेंद्र गंगवार, विपिन पटेल, कांता यादव, केशव, उज्ज्वल ने एडीओ पंचायत शिखर गुप्ता को डोंगल सौंपे और विरोध प्रदर्शन किया।

### डोंगल लौटाकर किया लेन-देन बंद



**फतेहगंज पश्चिमी** में खंड विकास कार्यालय के सामने प्रदर्शन के बाद, बीडीओ की अनुपस्थिति में सभी ग्राम पंचायत सचिवों ने एडीओ आईएसबी छत्रपाल सिंह को डोंगल सौंपते हुए लेन–देन की प्रक्रिया बंद कर दी। **बिशारतगंज** में समस्त ग्राम सचिवों ने सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) कार्यालय में डोंगल को सामूहिक रूप से जमा कर प्राप्ति रसीद ली।

**मीरगंज** में ग्राम सचिवों ने डोंगल वीपी सिंह एडीओ पंचायत एवं बीडीओ आनन्द विजय यादव को सौंप दिए। सचिवों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगों पर विचार नहीं किया जाता, तब तक वे ग्राम पंचायत का कोई भी भुगतान नहीं करेंगे। इससे वित्तीय लेनदेन बंद होने से विकास कार्य ठप हो जाएंगे। इस दौरान सचिव गजेंद्र वर्मा, सुशील कुमार, कुलदीप, शशांक शर्मा, विशाल कुमार, योगेश कुमार, प्रियंका, आदि मौजूद रहे।

### नवाबगंज में एडीओ को सौंपे डोंगल



**नवाबगंज** में ऑनलाइन हाजिरी के आदेश के खिलाफ आंदोलन कर रहे ग्राम पंचायत सचिवों ने सोमवार को अपने डोगल ए डी ओ पंचायत आशीष भटनागर को सौंपें। डोंगल सौंपे जाने के बाद भुगतान पर रोक लग गयी। इस दौरान इसमें नरेश राठौर, रविन्द्र गंगवार, संजय वर्मा, भगवान दास, रचित अग्रवाल, उत्तम पटेल आदि ग्राम विकास अधिकारी शामिल रहे।

**क्योलड़िया** में भदपुरा विकासखंड में सभी अधिकारियों ने एडीओ को इंटरनेट डोंगल जमा कर दिए। इस मौके पर अमित कुमार आर्य, पुष्पेंद्र सिंह, नरेश पाल सागर, विशाल दीक्षित, सुरेंद्र वर्मा, प्रेम प्रकाश, बृजेश यादव सचिन गंगवार अभिषेक कुमार संगीता देवी, प्रेम प्रकाश विवेक चौधरी मौजूद रहे।

# हाईवे किनारे भूड़ा के जंगल में मिले गोवंशीय अवशेष

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** बड़े बाईपास किनारे भूड़ा गांव के जंगल में खेत में गोवंशीय पशु के अवशेष मिले हैं। हिंदूवादी नेताओं की सूचना पर भोजीपुरा पुलिस ने अवशेषों को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए लैब पर भिजवाया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू कर दी है।

बड़े बाईपास किनारे खेत में ताजा ख़ून व खाल के टुकड़े एवं अन्य अवशेष मिलने की सूचना पर हिंदूवादी नेताओं की टीम घटनास्थल पर पहुंची। हिंदूवादी नेताओं की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा राजीव कुमार सिंह फोर्स को मौके पर पहुंचे। संरक्षित पशु के खाल के टुकड़े व अन्य अवशेष व पुरानी हड्डियां मिलीं। पशु चिकित्सा अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और अवशेष के टुकड़े को जांच को ले गए। इस दौरान अरुण फौजी, हिमांशु पटेल, सुरेन्द्र पटेल, गोपी पटेल, दशरथ साहू, विपिन पटेल सचिन पटेल, अनुज पटेल, अक्षय विपिन आदि व आसपास गांव के ग्रामीण मौजूद रहे।

# बेड से गायब दस माह का मासूम 24 घंटे बाद प्लाट पर रोता मिला

संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार:** गरीब मजदूर परिवार का दस महीने का मासूम जो अभी चलना भी ठीक से नहीं सीख पाया है, रात में अचानक गायब हो गया और चौबीस घंटे बाद बिना किसी स्पष्ट वजह के सुरक्षित घर लौट आता है।

नई बस्ती रेशम बाग के निवासी रूपराम प्लाइवुड फैक्टरी में काम करते हैं। उनके चार बच्चे हैं। शनिवार की रात छोटा बेटा 10 माह का कुश माता-पिता के साथ ही बिस्तर पर सोया था लेकिन सुबह वह बिस्तर से गायब था। मोहल्ले भर में तलाश हुई लेकिन बच्चे का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सर्च अभियान शुरु हुआ। रविवार देर रात अचानक रूप राम के मकान से 200 मीटर दूर एक खाली प्लाट पर रात के दो बजे बच्चे के रोने की आवाज आई जिस पर उर्मिला पति के साथ प्लाट पर पहुंची तो देखा बच्चा अकेला रो रहा था तभी उन्होंने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कुश को पूरी तरह स्वस्थ पाया। फरीदपुर थाना प्रभारी राधेश्याम सिंह का कहना है कि मामला जितना सीधा लग रहा है, उतना है नहीं। दस माह का बच्चा खुद कैसे गायब होकर खुद ही कैसे लौट आया। पुलिस बच्चे की मां और पिता से अलग अलग पूछताछ कर रही है। हर छोटी-

● पुलिस भी अचंभित खुद कैसे गायब हो सकता है बच्चा



मां की गोद में दस माह का बच्चा।

# बीएलओ में लगे शिक्षक की हार्ट अटैक से मौत

संवाददाता, बिशारतगंज

**अमृत विचार :** कस्बा बिशारतगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट कन्या बिशारतगंज में तैनात सहायक प्रधानाध्यापक व बीएलओ विनोद कुमार शर्मा (61) की हार्ट अटैक से मौत हो गई। रविवार की रात करीब 12 बजे उन्हें अचानक सीने में तेज दर्द और सांस लेने में तकलीफ हुई, जिस पर परिजन हड़बड़ी में उन्हें बरेली के एक निजी अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



मृतक विनोद कुमार

परिजनों का आरोप है कि विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत बीएलओ की ड्यूटी का भारी दबाव उन पर था। मृतक के पुत्र एवं विश्व हिंदू परिषद मझगवां के प्रखंड अध्यक्ष शिवांश शर्मा ने बताया कि उनके पिता ने स्वास्थ्य व मानसिक तनाव का हवाला देते हुए ड्यूटी हटवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को कई बार प्रार्थना पत्र दिए थे, यहां तक कि अपने स्थान पर किसी नव नियुक्त शिक्षक को लगाने की बात भी कही थी, लेकिन उनकी ड्यूटी नहीं काटी गई।

आरोप है कि उलटे, काम न करने पर कार्रवाई की धमकी दी जाती रही, जबकि कुछ अन्य शिक्षकों की ड्यूटी हटा दी गई, जिससे वे लगातार तनाव में रहते थे। परिजनों का कहना है कि तनाव का यही माहौल उनकी तबीयत बिगड़ने और हार्ट अटैक की बड़ी वजह बना। घटना की सूचना पर क्षेत्र के शिक्षक समाज में शोक की लहर दौड़ गई और सोमवार दोपहर रामगंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। स्व. विनोद शर्मा अपने पीछे दो पुत्र और तीन पुत्रियां छोड़ गए हैं।

# बंदरों से बचकर भागी महिला, सिर फटा

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

**अमृत विचार :** गांव कुरतरा में बंदरों के हमले से बचकर भागी महिला का सिर फटने से वह गंभीर घायल हो गई। परिजनों ने महिला को अस्पताल में भर्ती किया है। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

गांव कुरतरा निवासी महिला माया देवी छत पर धूप में बैठी थी। अचानक बंदरों का एक झुंड आ गया। एक बंदर ने उन पर हमला कर दिया। जब उन्होंने विरोध किया तभी सारे बंदर उनके ऊपर दौड़ पड़े। उनसे बचने के लिए वह नीचे भागी तो छज्जे पर लगी लोहे की ग्रिल टूटकर उन पर गिर गई। इससे उनका सिर फट गया। मोहल्ले वाले दौडे तो बंदर भाग गये।

परिजनों ने उनको बेसुध हालत में बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

# प्रधान ढाबा पर लूट की अफवाह

**फरीदपुर, अमृत विचार:** प्रधान ढावा पर सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक युवक ने ट्रक लूट की सनसनीखेज सूचना देकर पुलिस को छकाया सूचना मिलते ही पीआरवी और स्थानीय थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शुरुआती हालात देखकर मामला गंभीर लगा, लेकिन जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, कहानी का सच सामने आता गया और कथित लूट एक पारिवारिक विवाद में बदल गई।

## न्यूज डायरी

### रिठौरा में सड़क किनारे अतिक्रमण को किया ध्वस्त



**रिठौरा, अमृत विचार :** सड़क किनारे हुए अतिक्रमण् से आवागमन में हो रही दिक्कत को दूर करने के लिए मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में अतिक्रमण हटवाया गया। सोमवार को बरेली –पीलीभीत हाईवे किनारे मुख्य बाजार के दोनों तरफ हुए अतिक्रमण से राहगीरों और वाहन चालकों को होने दिक्कत को दूर कर दिया गया। सोमवार को मजिस्ट्रेट विदित कुमार यादव, ईओ अंकित कुमार गंगवार, थानाध्यक्ष प्रवीण सोलंकी चौकी प्रभारी वैभव गुप्ता, एस आई तुलसीदास, आकाश चौधरी, पायल रानी सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स की मौजूदगी में नगर पंचायत की टीम ने जेसीबी से खोखे फड़ टीनशेड आदि को ध्वस्त कर दिया। तमाम फंड वालों ने अपना –अपना सामान, खोखा, कब्रिस्तान एवं शमशान घाट में रख दिया। टीम के जाते ही फिर अतिक्रमण शुरू कर दिया।

### पंचायत सहायकों का दो दिनी प्रशिक्षण शिविर शुरू



**शेरगढ़, अमृत विचार :** ब्लाक के पंचायत सहायकों एवं सचिवों का अनावासीय आय के सृजन ओएसआर पर आधारित दो दिवसीय प्रशिक्षण का सोमवार को एडीओ पंचायत राजीव शर्मा एवं राज्य प्रशिक्षक अमित कुमार सिंह तोमर ने शुभारंभ किया। इस दौरान एडीओ पंचायत ने ग्राम विकास पर चर्चा की तथा गांव के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस दौरान प्यारे लाल यदुवंशी, प्रधान अब्दुल हसीन, अख्तर शाह, श्रद्धा श्रीवास्तव, ममता, रुबी, आशमीन, अनामिका सिंह, फिरोज, अरविंद मौर्य, नीरज देवी, शिवम, शहर बी, निहारिका, पिंकी, सूर्य प्रकाश, विकास आदि अधिकारी कर्मचारियों ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया।

### सिमराबहोर नगला में हुई कृषि पाठशाला



**भुता अमृत विचार :** भुता की ग्राम पंचायत सिमरा बहोर नगला में बने सचिवालय में दो दिवसीय कृषि पाठशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों को खेती से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां और फसलों को रोगों से बचाने के उपाय बताए गए। कृषि पाठशाला में जिला कृषि अधिकारी ऋतुसा तिवारी ने फसल उत्पादन में वृद्धि कैसे करें। इस विषय पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कृषकों को वैज्ञानिक खेती के साथ–साथ प्राकृतिक खेती और हरी खाद के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। वहीं पर विषय वस्तु विशेषज्ञ अनुज कुमार ने प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी।

### भाकियू ने पांच सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा



**शीशगढ़ अमृत विचार :** क्षेत्र में विभिन्न समस्याओं के निदान को भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष दुर्गेश मौर्य के संरक्षण मे किसानों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि शीशगढ़ मे मकानों के ऊपर से हाईटेंशन की लाइन गुजर रही है। उसे तुरन्त हटवाया जाए, आवारा पशुओ को पकड़वा कर गौशाला भिजवाया जाए, किसानों को डीएपी खाद यथा शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। सरकार द्वारा चना और मसूर वितरण के लिए सभी ब्लाको मे उपलब्ध है मगर किसानों को इसका लाभ अभी तक नहीं मिला है। ज्ञापन देने वालों में शहवाज, सरफराज़, आमिर, दिनेश, अजय, मोहम्मद इंजमाम, लियाकत आदि किसान साथ थे।


Lifelines OF BAREILLY MEDICAL अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005



बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज



डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448



डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
अत्याधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
11 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली



प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
डा. दीक्षा गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. (गोल्ड मेडलिस्ट)
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
निःशुल्क परामर्श हेतु संपर्क करें
+91 78952 78992
समय : प्रातः 9 से 10 बजे तक, सायं 4 से 5 बजे तक
पता : स्व. केसर सिंह गंगवार कार्यालय, अशर्फी बैंकट हाल, 100 फुटा रोड, बरेली



डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9837549348, 9897838286

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जिला कृषि अधिकारी बरेली कार्यालय से दिनांक 29.02.2008 को वरिष्ठ सहायक के पद से राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुआ हूँ और कोषागार बरेली से पेंशन प्राप्त कर रहा हूँ। मुझे अनिल कान्त पण्डित व अनिल कान्त दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। ये दोनों नाम मेरे ही है। **अनिल कान्त पण्डित पुत्र श्री नमो नारायन पण्डित म. नं. 59/1, सुरेश शर्मा नगर, बरेली।**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किय जाता है कि मैंने अपने पुत्र अतुल रस्तोगी को गलत आचारण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **रमेश चन्द्र पुत्र स्व. रामभरोसे लाल निवासी मोहल्ला कानून गोयान कस्बा व थाना बहेड़ी जिला बरेली।**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र विघ्नेश दत्त की हाईस्कूल अंकतालिका अनुक्रमांक 5139146 में मेरा नाम भूलवश डी.के. कन्नौजिया दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम दिनेश कुमार कन्नौजिया है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी दिनेश कुमार कन्नौजिया ही दर्ज है। **दिनेश कुमार कन्नौजिया पुत्र स्व. फूलचन्द्र निवासी 244, उत्सव पार्ट 02, महानगर कालोनी, बरेली।**


**वैधानिक सूचना :–** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


### सूचना

हमने अपने पुत्र प्रशान्त कुमार व उसकी पत्नी नीति को गलत आचारण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **इन्द्रपाल सिंह पुत्र श्री प्रेमपाल सिंह व ममता कपूर पत्नी इन्द्रपाल सिंह निवासी मो. मुंशी नगर, रामश्री मन्दिर के पास सरदार जी की कालोनी, गली नं. 1, थाना इज्जतनगर तहसील व जिला बरेली।**

### PUBLIC NOTICE

I, hitherto known as "PHOOLAN DEI", W/o, Revati Prasad, R/o Damkhoda, Bareilly, Uttar Pradesh Pin 243201, have changed my name and shall hereafter be known as "FOOL VATI" in future. I have complied with other requirements in this regard.

### सूचना

सूचित हो कि मेरा डी.एल. यू.पी. 31 19980009921 में नाम इकलाख हसन दर्ज है। जबकि आधार कार्ड और अन्य अभिलेखों में इकलाख नाम दर्ज है, जो सही है। अतः ड्राइविंग लाइसेंस में भी इकलाख नाम दर्ज किया जाये। **इकलाख पुत्र सुभान निवासी 561 इंद्रानगर कॉलोनी लखीमपुर मार्ग गोला गोकर्णनाथ- खीरी।**

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी बी.एस. सी. तृतीय वर्ष सत्र 2022-23 अनुक्रमांक 201090214463 की मार्कशीट अपने गांव से लखीमपुर जाते समय रास्ते में बैग गिर जाने से वास्तव में कहीं खो गई है। **शुभम शुक्ला पुत्र बिजेंद्र कुमार शुक्ला निवासी ग्राम पड़री पोस्ट बेहजम जिला लखीमपुर-खीरी।**

न्यूज ब्रीफ

## दो पक्षों में चलीं लाठियां छप्पर में लगाई आग

**क्योलड़िया, अमृत विचार** : दो पक्षों में हुए विवाद में दोनों तरफ से लाठी-डंडे चले। एक पक्ष की महिला ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान उसके छप्पर में आग लगा दी गई। दोनों पक्ष से गम्भीर रूप से घायल दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों के रिपोर्ट दर्ज घायलों को पुलिस ने मेडिकल के लिए भेजा। मामला क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव भदपुरा का है।

## साप्ताहिक बंदी को लेकर की निगरानी

**रिठौरा, अमृत विचार** : नगर पंचायत रिठौरा में साप्ताहिक बंदी के लिए सोमवार तय है। लेकिन कुछ दुकानदार बंदी की अनदेखी कर दुकानों को खोलते हैं। सोमवार को व्यापारियों की टीम ने बाजार बंद करवाने को निवेदन कर साप्ताहिक बंदी सफल बनाने की अपील की। इस दौरान बादल गुप्ता, अनिल कुर्मी, संजय गुप्ता, रहीस सलमानी, तरूण गुप्ता, अमित सिंह, रिजवान खान सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

## खुले में शराब पीने पर दो गिरफ्तार

**बिशारतगंज, अमृत विचार** : मिशन शक्ति फेज-05 के तहत महिलाओं की सुरक्षा एवं सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासन बनाए रखने हेतु थाना विशारतगंज पुलिस ने दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की है। सोमवार 15 दिसंबर को ग्राम पराबहाउद्दीनपुर चौराहे के पास देशी शराब भट्ठी के पीछे खुले में शराब पीकर अशोभनीय व्यवहार करने वाले दो लोगों को पुलिस ने पकड़ा है। पूछताछ में दोनों ने अपने नाम असलम पुत्र जाबिर इशाख पुत्र इश्तियाक निवासी वार्ड नं. 09 कस्बा विशारतगंज बताया हैं।

## फ्यूचर कॉलेज ग्राउंड पर खेल कल से

**फतेहगंजपूर्वी, अमृत विचार** : प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों के ब्लॉक स्तरीय खेलकूद 17 दिसंबर को फ्यूचर कॉलेज के ग्राउंड में कराए जाएंगे। यह जानकारी बीईओ ने दी है। बीईओ फरीदपुर शीशपाल सिंह ने बताया कि 17 दिसंबर को सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक खेलकूद प्रतियोगिता होगी। ब्लॉक स्तर पर स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी बच्चों को जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में सम्मिलित किया जाएगा। प्रत्येक न्याय पंचायत विद्यालय स्तर से प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चे फ्यूचर कॉलेज के ग्राउंड में पहुंचेंगे। इस संबंध में उन्होंने आज अध्यापकों के साथ बैठक कर अध्यापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## ट्रैक्टर ने टेंपो को मारी टक्कर, चार घायल

**आंवला, अमृत विचार** : आंवला-बदायूं मार्ग के सिकरोडा गांव की मोड पर एक ट्रैक्टर ने टैंपो को टक्कर मार दी। जिससे टैंपो में सवार दो बच्चे और दो महिलाएं घायल हो गये। कस्बे के मोहल्ला फूटा दरवाजा निवासी अनवरी, शमा और उनके दो बच्चे आरिफ और अल्तमस बदायूं से अपनी रिश्तेदारी से दावत खाकर लौट रहे थे।

## भाजपाइयों ने मिठाई बांटकर मनाई खुशी

**सेंथल अमृत विचार** : पंकज चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर कस्बे में भाजपाइयों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई। किसान मोर्चा के जिला महामंत्री नीतीश उपाध्याय ने पंकज चौधरी को संगठनात्मक क्षमता का धनी बताया।

# कोहरे से ठहरा जनजीवन, बढ़ी कंपकपी

## घने कोहरे से दृश्यता हुई कम, वाहन चालकों के लिए मुसीबत बढ़ी, स्कूलों में कंपकपाते पहुंच रहे हैं बच्चे

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार:** शीतलहर और घने कोहरे ने इलाके का जनजीवन मानो थाम दिया है। दृश्यता कुछ ही मीटर रह जाने से सड़कें हादसों का अड्डा बनती जा रही हैं। पिछले कई दिनों से लगातार हो रही दुर्घटनाओं ने लोगों के दिलों में खौफ भर दिया है।

कोहरे में यात्रियों को कुछ दिखाई नहीं देता, और इस बीच ओवरलोड गन्ने के ट्रक वाहनों की तेज स्पीड से हादसे का कारण बन सकती है। उधर ठंड और कोहरे के बीच स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राएं ज्यादा परेशान हैं। स्कूलों में टूटी खिड़कियों के बीच बच्चे ठिठुरते हुए घंटों क्लास में बैठने को मजबूर हैं। अभिभावकों का जनता की स्पष्ट मांग है कि सड़कों पर ट्रकों की जांच, स्कूलों में ठंड से बचाव, और कोहरे में सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए जाए।



भुता में बरेली बीसलपुर मार्ग पर कोहरे से आवागमन में परेशानी। ● अमृत विचार

**भुता** : दो दिन पूर्व निकली चटक धूप के बाद, सोमवार की सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा। अचानक हुए बदलाव के कारण लोगों को कंपकपाने वाली सर्दी महसूस हुई। बरेली बीसलपुर रोड पर वाहन चालकों को रोड पर हेडलाइट और फॉगलाइट जलाकर धीरे-धीरे चलना पड़ा। जिससे यातायात की गति धीमी रही और सुरक्षित ड्राइविंग चुनौती बन गई। सर्दी से राहत पाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह लोग अलाव जलाकर गर्माहट लेते नजर आए। चाय की दुकानों और चौराहे पर लोगों की भीड़ अलाव के इर्द-गिर्द इकट्ठी दिखाई दी। सोमवार सुबह को चारों तरफ कोहरे की घनी चादर दिखाई दी। लोग सर्दी बढ़ने से अपने घरों में बैठने को मजबूर हुए। ठंड के प्रकोप के चलते जनजीवन प्रभावित हुआ है। घने कोहरे के कारण दूर की दृष्टता काफी कम हो गई।



अलाव के सहारे राहत पाते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**शेरगढ़** : क्षेत्र में सोमवार का दिन अत्यधिक कोहरा लेकर आया। कोहरा के चलते लोगों को खासी दिक्कत हुई। वाहन भी रेंग-रेंग कर चले। इस दौरान दृष्यता कम होने से वाहन चालकों को लाइट जलाकर चलना पड़ा। कस्बा शेरगढ़ आस-पास के गांवों नगरिया कलां, कबरा किशनपुर, डेलपुर, बैरमनगर, नगरिया सोबरनी, बालपुर पनबड़िया, मवई काजियान, घाटगांव, पहाड़पुर, रजपुरा, बालपुर, मोहम्मदपुर आदि समेत क्षेत्र में लोग ठंड से कंपकंपाते नजर आए। कोहरा के चलते स्कूली बच्चों को भी बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। क्षेत्र में लोग अलाव के सहारे वक्त गुजारते देखे गए। इस दौरान बरेली से ब्लाक मुख्यालय अस्पताल स्कूल कालेज और अन्य संस्थानों पर पहुंचने में कर्मचारियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# लव जिहाद का शिकार होने से बचाई छात्रा

संवाददाता, आंवला

- छात्रा को गैरसमुदाय का युवक ले जाते पकड़ा, पुलिस को सौंपा

**अमृत विचार** : अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के सतर्क कार्यकर्ताओं ने लव जिहाद की साजिश को विफल कर एक छात्रा को युवक के जाल से बचा लिया। पदाधिकारियों ने छात्रा को परिजनों को सौंप आरोपी युवक को पुलिस के हवाले किया है।

आंवला बदायूं मार्ग के एक गांव की युवती आंवला के एक डिग्री कालेज की छात्रा है। कुंवरगांव बदायूं निवासी दूसरे समाज का युवक सोमवार को कालेज जाने के दौरान छात्रा को बहला-फुसलाकर कार मैं बैठाकर अलीगंज रोड की ओर ले जाने लगा। संगठन जिलाध्यक्ष अनुपम शंखधार ने बताया कि आरोपी युवक पहले भी ऐसी हरकतें कर चुका था। सोमवार को वह कार लेकर आंवला पहुंचा और छात्रा को रानी अवंती वाई लोधी चौक के पास से कार में बिठाकर अलीगंज रोड की ओर ले गया। संगठन कार्यकर्ताओं को भनक लगते ही पीछा शुरू कर दिया। जैसे ही युवक मोहब्बतगंज गौंटिया पुल के पास मजार के समीप कच्चे रास्ते पर मुड़ा, कार्यकर्ताओं ने कार रोकी और उसे घेर लिया। युवक कार छोड़कर खेतों में भागा, लेकिन घेराबंदी में पकड़ा गया। छात्रा को उसके परिजनों को सौंप दिया गया, जबकि आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। इस दौरान हिमांशु सोलंकी, जयपाल मौर्य, अवधेश मौर्य, अमन मौर्य आदि मौजूद रहे। इंस्पेक्टर आंवला कुंवरबहादुर सिंह ने पुष्टि की कि युवक हिरासत में है और जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

# 100 मीटर दौड़ में सीमा और मनिंदर ने सभी को पछाड़ा

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार** : सोमवार को युवा कल्याण व प्रांतीय रक्षा दल विभाग के तत्वाधान में आयोजित विधायक खेल स्पर्धा प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ में सीमा और बालक वर्ग में मनिंदर सिंह प्रथम स्थान पर रहे।

राजेंद्र प्रसाद इंटर कॉलेज में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शेफाली शर्मा के दिशा निर्देशन में प्रतियोगिता संपन्न हुई। इसमें सब जूनियर बालिका वर्ग एथलेटिक्स में 100 मीटर दौड़ में रिद्धि यादव प्रथम, दीक्षा द्वितीय और नाजवीन तृतीय रही। 800 मीटर दौड़ में ममता प्रथम, रीना कुमारी द्वितीय और निक्की तृतीय रही। जूनियर बालिका वर्ग एथलेटिक्स 100 मीटर दौड़ में सीमा प्रथम, सलोनी द्वितीय और शिवानी तृतीय रही। इसके अलावा सब जूनियर बालक वर्ग एथलेटिक्स में 100 मीटर दौड़ में मनिंदर सिंह प्रथम, अरुन द्वितीय और मोहित तृतीय रहे। सीनियर बालक वर्ग एथलेटिक्स 1500 मीटर दौड़ में गौरव प्रथम मुकेश द्वितीय और रोहित कुमार तृतीय रहे। इसके अलावा 200 मीटर 400 मीटर 100 मीटर एवं अन्य में दर्जनों प्रतिभागियों ने प्रतिभा किया। मुख्य अतिथि डा. डीसी वर्मा ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल, प्रमाण पत्र, शील्ड देकर प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख मीरगंज गोपाल कृष्ण गंगवार, भाजपा नेता सत्येंद्र यादव एसडीएम आलोक कुमार, बीडीओ आनन्द विजय यादव, बीईओ अवनीश कुमार आदि रहे।

# भागवत में सुदामा कृष्ण की मित्रता का किया वर्णन

**कैंट, अमृत विचार** : बाबा ब्रह्मदेव सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस सोमवार को कथा व्यास स्वामी अनंताचार्य द्वारा भगवान श्रीकृष्ण और उनके मित्र सुदामा की अमर मित्रता की प्रेरक कथा का भावपूर्ण प्रसंग सुनाया गया। कहा निर्धन ब्राह्मण सुदामा जब अपने बालसखा श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका पहुंचे, तो भगवान ने उन्हें राजसी वैभव के बावजूद हृदय से लगाया, और चरण धोकर सम्मान दिया। सप्तम दिवस की कथा के अंत में फूलों की होली खेली गई, आरती एवं भजन-कीर्तन के साथ सोमवार की कथा का विश्राम हुआ। इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, शशिकांत जायसवाल श्रीधर शुक्ला, जेबी सिंह आदि रहे।

# आशा कार्यकत्रियों की बेमियादी हड़ताल शुरू

संवाददाता, भोजीपुरा

**अमृत विचार:** उप्र आशा वर्कर्स यूनियन के बैनर तले सोमवार को आशा और आशा संगिनियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। आशा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि वर्ष 2025 के कई महीनों के प्रोत्साहन राशि और राज्य बजट का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है, जिसके चलते वे आर्थिक तंगी से जूझ रही हैं।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि 6 अक्टूबर और 13 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन भेजा गया था। सरकार ने 30 अक्टूबर तक समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन 1 नवंबर की समय सीमा बीत जाने के बाद भी न तो बकाया



भोजीपुरा सीएचसी पर धरना देतीं आशा कार्यकत्री। ● अमृत विचार

भुगतान हुआ और न ही कोई वार्ता की गई। इसी वादाखिलाफी से नाराज होकर संगठन ने 15 दिसंबर से राज्यव्यापी हताल का निर्णय लिया। ज्ञापन के जरिए 14 सूत्रीय मांगें रखी हैं, जिनमें सरकारी कर्मचारी का दर्जा, आशा को 21,000 रुपये और संगिनी को 28,000 रुपये न्यूनतम मासिक वेतन देने सहित कई मांगे शामिल हैं। यूनियन की ब्लॉक

- 21 हजार न्यूनतम वेतन और सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की मांग

अध्यक्ष आमना बेगम और अन्य पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, यह अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। इस मौके पर कृष्णा देवी, मुन्नी देवी और अन्य आशा मौजूद रहीं।

## क्यारा सीएचसी पर आशाओं ने धरना देकर सौंपा ज्ञापन

**कैंट, अमृत विचार** : आशा वर्कर्स यूनियन द्वारा सीएचसी क्यारा पर धरना प्रदर्शन कर चिकित्सा अधीक्षक को 14 सूत्रीय ज्ञापन दिया गया। उनकी मांग थी, कि उनके रुके हुए भुगतान शीघ्र किए जाएं। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अनीता यादव, रेखा सक्सेना, वीरावती, रेखा, कमला, वंदना, कुसुम, धर्मवती, रीना, शांति, ममता, सुनीता, रिंकी, शिव कुमारी, सावित्री देवी, सोमवती, प्रेमलता, मंजू, उषा आदि रहीं। **मीरगंज में** सोमवार को सीएचसी में आशाएं बेमियादी धरने पर बैठ गईं। धरने पर ममता गौड़, सुमन, साधना, ममता, अनीता, विमलेश, नत्थो, पुष्पा, राजेश्वरी, शीला, युगवती, सीमा, कांति, जाबित्री आदि शामिल हुईं।

# मीरगंज बाजार बंद, एसडीएम-सीओ को सौंपा ज्ञापन

संवादाता, मीरगंज

**अमृत विचार** : अतिक्रमण हटाने के लिए किये गये चिन्हीकरण को लेकर व्यापारियों में रोष है। सोमवार को मीरगंज में व्यापारियों ने बाजार बंद रखा। बाजार बंदी के दौरान जरुरी सामान खरीदने के लिए आने वाले ग्राहकों को बैरंग लौटना पड़ा। बरेली व्यापार मंडल ने भी मीरगंज पहुंचकर आंदोलन का समर्थन किया। मीरगंज उद्योग व्यापार मण्डल अध्यक्ष राम नरायन गुप्ता एवं बरेली व्यापार मंडल के संयुक्त नेतृत्व में व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम एवं सीओ को ज्ञापन सौंपा और सीएम से की गई झूठी शिकायत पर कोई कार्रवाई न किए जाने की गुहार लगाई।

व्यापार मंडल ने एसडीएम मीरगंज आलोक कुमार एवं क्षेत्राधिकारी अजय कुमार को सौंपे ज्ञापन में कहा कि कस्बा के एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री से अतिक्रमण



मीरगंज में बाजार बंद आंदोलन के दौरान एकजुट व्यापारी। ● अमृत विचार

की शिकायत कर इसे हटाने की मांग की, इसी के बाद पीडब्ल्यूडी ने पैमाइश कर लगभग 300 मकान व दुकान पर लाल निशान लगाए हैं। व्यापारियों ने बताया कि लाल निशान लगे प्रतिष्ठान व्यापारियों की रोजी रोटी का साधन है। उन्होंने झूठी शिकायत पर अमल नहीं करने की गुहार लगाई है।

यह भी बताया कि नगर पंचायत प्रशासन द्वारा नाला निर्माण के दौरान सीमा निर्धारित कर दी थी जिसके तहत चिन्हित किए रास्ते पर सभी के प्रतिष्ठान उसी तय सीमा पर ही हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान बरेली व्यापार मंडल महानगर अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, मीरगंज व्यापार मण्डल अध्यक्ष सहित, चरनजीत सिंह उर्फ टोनी, अरविंद गंगवार, सेपु गुप्ता, सरदार रंजीत सिंह, कैलाश गंगवार, हीरा लाल गंगवार, रामपाल गुप्ता, लवी गुप्ता, मनीष गुप्ता, अमृत पाल सिंह, एजाज अहमद, नदीम, नाजिम परवेज, संतोष पुरी, राजीव गुप्ता, मोहम्मद रिजबान, डोरी लाल गुप्ता, इसरार अहमद, उपेन्द्र, आदि व्यापारी शामिल रहे।

# धरने पर किसानों ने जलाई गन्ने की होली

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार** : किसानों के गन्ना बकाया भुगतान की मांग को लेकर चल रहे धरने के आठवें दिन प्रशाासन की बेरुखी से क्षुब्ध किसानों ने प्रशासन के खिलाफ नारे लगाते हुए विरोध स्वरूप गन्ने की होली जलाई।

एक सामाजिक संस्था की अध्यक्ष एडवोकेट सुनीता गंगवार के नेतृत्व में चल रहे धरने के आठवें दिन प्रशासन द्वारा भुगतान के संबध में कोई सकारात्मक पहल नहीं करने से किसान क्षुब्ध हैं। आंदोलन में भारी संख्या में किसान पहुंचे और प्रशासन व गन्ना समिति के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। पैनी नजर संस्था की अध्यक्ष के आवाहन पर तहसील के तमाम किसान गन्ना लेकर पहुंचे। अध्यक्ष ने कहा कि गन्ने का भुगतान। किसानों ने तहसील परिसर के अंदर गन्ने की होली जलाई और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को जमकर कोसा।

धरने में काग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव कुमुद गंगवार, तेज प्रकाश गंगवार, छेदा लाल दिवाकर, सुरेश पटेल, अर्जुन गंगवार, लीलाधर उर्फ पप्पू, संतोष कुर्मी, प्रवीन गंगवार, नानक चंद शर्मा, ब्रह्मानंद गंगवार, देवेन्द्र गंगवार आदि लोग धरने में रहे।



तहसील परिसर में गन्ने की होली जलाते किसान। ● अमृत विचार

**टिकैत गुट ने पंचायत कर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट गन्ना समिति में इकट्ठे होकर तहसील दार दुष्यंत प्रताप सिंह को ज्ञापन देकर शीघ्र भुगतान की मांग की पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुरुषोत्तम गंगवार ने किसानों से एकजुट होकर आंदोलन करने की अपील की।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**फरीदपुर, अमृत विचार** : शुगर मिल के पास कुइया रोड पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। रविवार देर रात हादसा हुआ। परिजन ने बताया कि फरीदपुर थाना क्षेत्र में ग्राम शाहपुर कुइया निवासी विजय कुमार मिश्रा (35) देर रात दो बजे जरूरी काम से मोटरसाइकिल से निकले थे। रास्ते में पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इससे विजय सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।



मृतक विजय।

फरीदपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को अस्पताल भिजवाया गया लेकिन इलाज के दौरान विजय ने दम तोड़ दिया।

# पुलिस मुठभेड़ में दो लुटेरों के पैर में लगी गोली

संवाददाता, बरेली/शेरगढ़

**अमृत विचार** : शेरगढ़ थाना पुलिस ने रम्पुरा मोड़ पर नहर पटरी के पास सोमवार को दो लुटेरों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। दोनों के पैर में गोली लगी है। मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान थाना सिरौली के जंगबाजपुर निवासी गिरीशपाल उर्फ गड्डू और शाही थाना के दुनका निवासी लालता प्रसाद उर्फ नन्हकू के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

शाही क्षेत्र के ठाकुरद्वारा निवासी सराफ सुभाष रस्तोगी की नगरिया साप्ताहिक बाजार में सराफ की दुकान है। सुभाष ने 1 दिसंबर को शेरगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह दुकान बंद कर वह बाइक से घर लौट रहे थे तभी गांव जिया नगला के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। इसके बाद मारपीट



मुठभेड़ में घायल बदमाश।



मुठभेड़ में घायल बदमाश।

- सराफ से की थी लूट, ज्वेलरी-नकदी बरामद

कर सोने-चांदी के जेवर से भरा बैग, 27 हजार रुपये नकदी और दुकान की चाबियां लूटकर फरार हो गए। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि रम्पुरा रोड पर कुछ बदमाश बाइक से संदिग्ध हालत में घूम रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने रम्पुरा गांव के जंगल में नहर पटरी के पास घेराबंदी की और संदिग्धों को पकड़ने

> लूट करने वाले दो बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है। फरार बदमाशों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। लुटेरों के पास से लूट के जेवर भी बरामद हुए हैं।
>
> -**मुकेश चन्द मिश्रा**, एसपी उत्तरी

का प्रयास किया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की।

दोनों बदमाशों के पैर में गोली लग गई और वे मौके पर ही गिर पड़े। मुठभेड़ के दौरान कांस्टेबल अंकित कुमार भी घायल हो गए। पुलिस ने घायल दोनों बदमाशों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए सीएचसी शेरगढ़ भेजा गया।

## हत्या-लूट जैसे अपराध में शामिल रहे हैं बदमाश

गिरफ्तार बदमाशों में गिरीशपाल उर्फ गड्डू के खिलाफ बरेली और बदायूं के विभिन्न थानों में हत्या, लूट, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट समेत नौ मुकदमे दर्ज हैं। वहीं लालता प्रसाद उर्फ नन्हकू पर भी लूट, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट सहित छह गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। दोनों आरोपियों ने शेरगढ़ क्षेत्र के ग्राम कुड़का के पास हुई लूट की घटना के साथ-साथ मीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम हुरहुरी में हुई एक अन्य वारदात को भी स्वीकार किया है। पुलिस का कहना है कि इनके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सोने-चांदी के जेवर, 4700 रुपये नकद, बिना नंबर की प्लेटिना बाइक, दो तमंचे, चार जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस भी बरामद किए हैं।

# पत्नी को जहरीला पदार्थ खिलाने का आरोपी गिरफ्तार

**मीरगंज अमृत विचार** : शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचने का विरोध करने पर पति ने साथी के साथ मिलकर पत्नी को बुरी तरह पीटा। आरोप है कि पत्नी को जहरीला पदार्थ दे दिया। पत्नी पूरी रात घर में पड़ी रही। पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गहवरा निवासी कल्यान का आरोप है 13 दिसंबर की रात्रि नौ बजे गांव गोरा लोकनाथपुर निवासी सृष्टि का पति विनय रात में ठाकुर नाम के आदमी के साथ नशे में घर पहुंचा। सृष्टि ने पति से विरोध कियातो पति ने ठाकुर के साथ मिलकर सृष्टि को बुरी तरह पीटा। ससुर ने सृष्टि की तबीयत खराब होने की सूचना मायके में कल्यान को दी। अस्पताल में सृष्टि ने पिता से मारपीट कर जहरीला पदार्थ खिलाने की बात बताई। पुलिस ने आरोपी विनय एवं ठाकुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया


भावपूर्ण स्मरण



स्व. श्री तिलकराज कोचर

अष्टम् पुण्यतिथि पर हमारा शत्-शत् नमन्।
मिट नहीं सकती यादें, जो बसी हैं दिल में हमारे,
कितनी भी दूर चले जायें, पर रहेंगे दिल में हमारे।
ऐसा प्रतीत होता है कि आप आज भी हमारे साथ हैं आपकी उदारता, प्यार और आशीर्वाद, हमारी प्रेरणा शक्ति है। आपकी मधुर स्मृतियां एवं आपके आदर्शों पर चलने का संकल्प ही हमारी आपको सच्ची श्रद्धांजलि है। हम सब आपका स्मरण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

श्रद्धानवत

श्रीमती ललिता कोचर (पत्नी), जयंत कोचर, अनुराधा कोचर, सुमंत कोचर, पूर्णिमा कोचर (पुत्र एवं पुत्र वधू) अनन्या, अवनी, एवं प्रनित (पौत्र व पौत्री) एवं समस्त परिवार

फर्मः के.के.अस्पताल, राजेंद्र नगर, बरेली।
स्टार इंस्टॉलमेंट सप्लाई कंपनी लिमिटेड, श्यामगंज, बरेली।

अमृत विचार
बरेली, मंगलवार, 16 दिसंबर 2025 विविध

## नक्सली ठिकानों से भारी मात्रा में हथियार बरामद

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश के बालाघाट में नक्सली ठिकानों से चार सेमी-ऑटोमैटिक राइफल और एक ग्रेनेड लॉन्चर सहित भारी मात्रा में हथियार और 11.57 लाख रुपये नकद बरामद किया गया है। यह जानकारी पुलिस ने दी पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि यह बरामदगी आत्मसमर्पण करने वाले 12 नक्सलियों से मिली जानकारी के आधार पर की गई। सुरक्षा बलों ने जंगल में अलग-अलग ठिकानों से हथियार, नकदी और अन्य सामान बरामद किया।

**अदालत श्रीमान परगना अधिकारी महोदय, पीलीभीत**
**मुकदमा नं.-टी202212560101828**
**धारा-116 उ.प्र. राजस्व संहिता**

त्रिवेनी देवी पत्नी श्री हेतराम निवासी ग्राम सिकलापुर परगना तहसील व जिला पीलीभीत.... वादी बनाम 1. राममूर्ति लाल पुत्र श्री सुखलाल निवासी ग्राम मोहनपुर तहसील व जिला पीलीभीत। 2. सोमवती पत्नी गोविन्दराम निवासी ग्राम सिकलापुर परगना तहसील व जिला पीलीभीत। 3. कलावती पत्नी राममूर्ति लाल निवासी ग्राम मोहनपुर तहसील व जिला पीलीभीत। 4. जसवन्त कुमार पुत्र जंगबहादुर 5. राजेश कुमार पुत्र जंगबहादुर 6. देवकी नन्दन पुत्र जंगबहादुर

समस्त निवासीगण ग्राम सिकलापुर परगना तहसील व जिला पीलीभीत। 8. रूपलाल पुत्र आसेराम 9. ग्राम सभा प्रधान ग्राम मोहनपुर, परगना तहसील व जिला पीलीभीत .....प्रतिवादीगण ग्राम मोहनपुर स्थित भूमि खाता सं. 198 व गाटा सं. 99 रकबा 1.2950 हे. के सम्बन्ध में न्यायालय श्रीमान परगना अधिकारी महोदय, पीलीभीत के न्यायालय में धारा-116 उ.प्र. राजस्व संहिता के अन्तर्गत विचाराधीन वाद में प्रतिवादीण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद में नियत तिथि 23.12.2025 को मा. न्यायालय श्रीमान परगना अधिकारी महोदय, पीलीभीत के यहां उपस्थित होकर अपना साक्ष्य एवं पैरवी करना सुनिश्चित करें।
दिनांक : 12.12.25
**न्यायालय उपजिलाधिकारी (न्यायिक) पीलीभीत**

# एक ही चयन सूची से चयनित अभ्यर्थियों में भेद असंवैधानिक

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार की विशेष अपीलें खारिज कीं

**• पुलिस भर्ती-2018 में चयनित सैनिक अभ्यर्थियों का मामला**

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस भर्ती-2018 में चयनित सैनिक अभ्यर्थियों को वेतन संरक्षण (पे प्रोटेक्शन) से वंचित करने के राज्य सरकार के आदेश को असंवैधानिक ठहराया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति स्वरूपमा चतुर्वेदी की खंडपीठ ने राज्य सरकार की विशेष अपीलों को खारिज करते हुए पारित किया। कोर्ट ने माना कि एक ही चयन प्रक्रिया और चयन सूची से आए अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण की अलग-अलग तिथियों के आधार पर अलग वर्गों में बांटना अनुच्छेद 14 के विरुद्ध है।

मामले के अनुसार यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती-2018 में चयनित पूर्व सैनिकों को कोविड-19 के कारण चरणबद्ध प्रशिक्षण के लिए भेजा गया था। राज्य सरकार ने पहले बैच को वेतन संरक्षण दिया, लेकिन बाद के तीन बैचों को इससे वंचित कर दिया। सरकार का तर्क था कि प्रशिक्षण भर्ती प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा है और अलग-अलग बैचों के लिए भिन्न वेतन संरचना तय की जा सकती है, लेकिन कोर्ट ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि सभी अभ्यर्थी एक ही विज्ञापन, एक ही चयन प्रक्रिया और एक ही चयन सूची से आए हैं। प्रशिक्षण को चरणों में कराने का निर्णय केवल प्रशासनिक बाध्यताओं और महामारी जनित परिस्थितियों के कारण था, न कि अभ्यर्थियों के बीच किसी बुद्धिगम्य भेद के आधार पर। ऐसे में बाद के बैचों को वेतन संरक्षण से वंचित करना मनमाना और शत्रुतापूर्ण व्यवहार है।

कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशासनिक असुविधा या अस्थायी परिस्थितियां समान रूप से चयनित अभ्यर्थियों के संवैधानिक अधिकारों को सीमित करने का आधार नहीं बन सकतीं। एक ही चयन सूची के अभ्यर्थी सेवा लाभों के लिए एक समरूप वर्ग हैं। अंत में कोर्ट ने एकल न्यायाधीश के 9 अप्रैल 2025 के फैसले को बरकरार रखते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह पहले बैच की तरह सभी अन्य बैचों के अभ्यर्थियों को भी वेतन संरक्षण और उससे जुड़े लाभ 12 सप्ताह के भीतर प्रदान करे।

### समय-सीमा कानून सरकार पर भी समान रूप से लागू: हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 2009 के एक आदेश की समीक्षा के लिए प्रदेश सरकार द्वारा कुल 5743 दिनों की अत्यधिक देरी से दाखिल रिव्यू याचिका को खारिज करते हुए सरकार के ऐसे ढीले रवैये के घोर निंदा की। कोर्ट ने इस देरी को घोर लापरवाही, उदासीनता और नौकरशाही लालफीताशाही का परिणाम करार दिया। दरअसल कोर्ट ने वर्ष 2009 में मोहन लाल के पक्ष में शहरी भूमि सीलिंग एवं विनियमन) निरसन अधिनियम, 1999 के तहत राहत प्रदान करते हुए राज्य सरकार का नाम राजस्व अभिलेखों से हटाने का निर्देश दिया था। उक्त आदेश को राज्य सरकार ने 1633



दिनों की देरी के साथ सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका के माध्यम से चुनौती दी थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने 3 मई 2024 को देरी और गुणागुण के आधार पर खारिज कर दिया। इसके बाद भी सरकार ने तत्परता न दिखाते हुए लगभग 489 दिनों के अतिरिक्त विलंब के बाद हाई कोर्ट के समक्ष वर्ष 2025 में वर्तमान रिव्यू याचिका दाखिल की। सरकार ने इस देरी के समर्थन में मुख्यत: कार्यालयी टिप्पणियों की तैयारी, फाइलों का एक विभाग से दूसरे विभाग में आवागमन, कानूनी राय और प्रशासनिक प्रक्रियाओं का हवाला दिया, जिसे अस्वीकार कर कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि सीमा कानून सरकार पर भी उतना ही लागू होता है, जितना किसी निजी पक्ष पर और देरी को उदारता के आधार पर माफ नहीं किया जा सकता। सरकारी एजेंसियों पर यह विशेष दायित्व है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ करें। देरी की माफी एक अपवाद है।

## पूर्व कांग्रेस सांसद शर्मा सहित चार की बेल याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को बताया कि पोर्ट ब्लेयर की एक विशेष अदालत ने अंडमान और निकोबार राज्य सहकारी बैंक (एएनएससीबीएल) से जुड़े 500 करोड़ रुपये के धनशोधन मामले में गिरफ्तार पूर्व कांग्रेस सांसद कुलदीप राय शर्मा सहित चार लोगों की जमानत याचिका खारिज कर दी है। धन शोधन रोधी अदालत ने 12 दिसंबर को बैंक के पूर्व अध्यक्ष शर्मा, बैंक के प्रबंध निदेशक के मुरुगन, ऋण अधिकारी के कलैवानन और शर्मा के कथित सहयोगी संजय लाल की याचिका खारिज की।

# टूर पर आई ब्राजीली महिला की तबीयत बिगड़ने से मौत

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात**

**• दो साथियों, मार्टिन और ओल्गा के साथ भ्रमण पर निकली थीं**

**अमृत विचारः** वृंदावन से पश्चिम बंगाल जा रहीं ब्राजीलियन टूरिस्ट सिल्विया रेजिना (62) की सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव कुंभी के पास अचानक तबीयत बिगड़ गई। इलाज मिल पाता, इसके पहले ही उनकी मृत्यु हो गई।

घटना के बारे में देर रात जानकारी मिलने पर सिल्विया रेजिना के कुछ संबंधी जिला अस्पताल पहुंचे। शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। सिल्विया रेजिना ब्राजील के गाईवाटा रीजन की रहने वाली थीं। उनके साथ वहीं के दो और टूरिस्ट मार्टिन (29) और ओल्गा (35) भी थे। सारे लोग कार पर सवार थे। कार मथुरा जिले के बलदेव लाल थाना राया गांव का रहने वाला धीरज पुत्र राकेश चला रहा था। उसने बताया कि पर्यटक कुल्लू मनाली होकर वृंदावन पहुंचे थे। आगे पश्चिम बंगाल जाने की तैयारी थी। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे यहां कुंभी गांव के पास संचालित एक पंप से इंधन डलवाया। इसी बीच सिल्विया ने अचानक बेचैनी की शिकायत की।

### सजा क्रिसमस का बाजार...



हर साल की भांति 25 दिसंबर को क्रिसमस धूमधाम से मनाया जाएगा। मसीही समुदाय ने इसके लिए घरों और चर्चों में तैयारियां शुरू कर दी हैं। सजावट के लिए बाजार में भी तमाम सामग्री आ चुकी है। सोमवार को अगरतला के पास दमचेरा त्रिपुरा-मिजोरम सीमा पर स्थित एक बाजार में क्रिसमस के लिए सजावट का सामान खरीदते लोग।

**उच्च प्राथमिक विद्यालय विजासिन (1-8) वि.क्षे.-भदपुरा, बरेली**

**नीलामी सूचना**

उच्च प्राथमिक विद्यालय विजासिन (1-8) वि.क्षे. भदपुरा (बरेली) के परिसर में कुल 43 पेड़ों (27 यूकेलिप्टस, 15 सागौन व सेमल) की नीलामी होना प्रस्तावित हुआ है। नीलामी दिनांक 22.12.2025 दिन सोमवार को विद्यालय परिसर में समय प्रात: 10 बजे होना सुनिश्चित है। इच्छुक व्यक्ति समय पर उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

**वि.प्रबन्ध समिति**
**उ.प्रा.वि. विजासिन (1-8)**
**वि.क्षे. भदपुरा बरेली।**
**मो. 9758752552**

**कार्यालय ग्राम पंचायत उमरसड़, विकास खण्ड मदनापुर, शाहजहाँपुर**

पत्रांक : मेमो **निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक : 15.12.2025

समस्त पंजीकृत फर्मो/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत उमरसड़ के द्वारा वर्ष 2025-26 की स्वीकृत कार्ययोजना में मनरेगा/केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार निर्माण कार्य हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की निर्माण सामग्री यथा सीमेन्ट, रेत, बजरी, मौरंग, सरिया, प्रथम ईट-चटका, ईट की रोड़ी, इण्टरलॉकिंग ईट आदि कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। सभी निविदायें निविदादाता के समक्ष निविदा दिनांक 20.12.2025 को समय 4:00 बजे खोली जाएगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | ला.Xचौ. | लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | प्राथमिक विद्यालय गौटिया से अमरपाल के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 50x3.30 | 2.64 लाख |
| 2. | रविन्द्र के घर से ओमकार के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 50x3.30 | 2.49 लाख |
| 3. | प्रकाश के घर से चेतराम के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 40x3.30 | 2.12 लाख |
| 4. | रामकुमार सिंह के घर से रनवीर के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 60x3.30 | 3.14 लाख |
| 5. | महारम के घर से रघुनंदन के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 55x3.30 | 2.62 लाख |
| 6. | सुनील पंडित के घर से महेश फौजी के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 65x3.30 | 3.39 लाख |
| 7. | बालकराम के घर से खुशीराम के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 100x3.30 | 5.24लाख |

**राजेश सिंह** — **ग्राम रोजगार सेवक**
**चन्द्रशेखर सागर** — **ग्राम विकास अधिकारी**
**संतोष कुमार मिश्रा** — **ग्राम प्रधान**

## सीलबंद वज़ूखाने के ताले के कपड़े को बदलने की याचिका खारिज

**वाराणसी, एजेंसी**

**• ज्ञानवापी परिसर मामला : कोर्ट ने कहा- आदेश देना हमारे अधिकारी क्षेत्र में नहीं**

वाराणसी की जिला अदालत ने सोमवार को ज्ञानवापी परिसर में सील किए गए वजूखाने के ताले पर लगे कपड़े को बदलने की याचिका ख़ारिज कर दी। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि जनपद न्यायाधीश संजीव शुक्ला ने ज्ञानवापी परिसर के अंदर स्थित सीलबंद वजूखाने के ताले पर लगे कपड़े को बदलने से संबंधित आवेदन को खारिज कर दिया। यादव के अनुसार जिला न्यायाधीश ने कहा कि चूंकि मामला वर्तमान में उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए इस मामले पर कोई आदेश पारित करना जिला न्यायालय के अधिकार क्षेत्र नहीं है।

उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 पर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई चल रही है। यादव ने कहा कि पिछले वर्ष दिसंबर में उच्चतम न्यायालय ने अधीनस्थ और निचली अदालतों को निर्देश दिया था कि जब तक मामला शीर्ष अदालत के समक्ष विचाराधीन है, तब तक कोई नया मामला स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए और न ही ऐसा कोई



आदेश पारित किया जाना चाहिए जिससे उच्चतम न्यायालय की कार्यवाही प्रभावित हो सके। अदालती आदेश पर सर्वेक्षण के बाद, 16-17 मई, 2022 को ज्ञानवापी मस्जिद के वजुखाना क्षेत्र को सील कर दिया गया था। सील किया हुआ कपड़ा पूरी तरह फट गया है। इस कारण कोई घटना न हो, इसलिए पुनः नया कपड़ा लगाकर सील करने को लेकर जिला प्रशासन ने इस साल आठ अगस्त को कपड़े को बदलने की अनुमति के लिए आवेदन दिया था। मस्जिद के नीचे मंदिर संरचना के अस्तित्व के दावों पर काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी परिसर को लेकर हिंदू और मुस्लिम पक्षों के बीच लंबे समय से कानूनी विवाद चल रहा है।

# एनएचएआई ने राजमार्गों को सुरक्षित बनाने को उठाए कदम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**• कोहरे के दौरान कम दृश्यता की समस्या से निपटने को किए उपाय**

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सर्दियों के मौसम में कोहरे की वजह से दृश्यता कम होने की समस्या को ध्यान में रखते हुए राजमार्गों का इस्तेमाल करने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए कई उपाय किए हैं। सोमवार को एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, इन सुरक्षा उपायों को दो श्रेणियों इंजीनियरिंग और सुरक्षा जागरूकता में विभाजित किया गया है।



इंजीनियरिंग उपायों के तहत राजमार्गों पर वाहन संचालन संबंधी क्षतिग्रस्त संकेतों और सड़क पर लगे छोटे चिन्हों को सुव्यवस्थित करना, फीके या बदरंग हो चुके निशानों की मरम्मत, रोशनी परावर्तित करने वाले चिन्हों एवं धातु बीम के टक्कर-रोधी बैरियर जैसे सुरक्षा उपकरणों पर चमकदार पीले स्टिकर लगाना शामिल हैं। इनके अलावा राजमार्गों के निर्माणाधीन क्षेत्रों में बैरिकेड लगाने और रास्ता बदलने के संकेत जैसे सुरक्षा उपाय भी राजमार्गों पर किए गए हैं। वहीं, सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को कम दृश्यता के बारे में सचेत करने वाले कदम उठाए गए हैं। इनमें इलेक्ट्रॉनिक साइनबोर्ड पर कोहरे की स्थिति संबंधी अलर्ट और गति सीमा प्रदर्शित करना, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के जरिए चेतावनी देना, इलेक्ट्रॉनिक बिलबोर्ड, रेडियो एवं सोशल मीडिया पर सार्वजनिक सूचना प्रसारित करना शामिल है। बयान के मुताबिक, एनएचएआई के फील्ड कार्यालयों को साप्ताहिक आधार पर रात में राजमार्गों का निरीक्षण करने और अतिरिक्त जरूरी इंतजामों के लिए स्थानों की पहचान करने के निर्देश दिए गए हैं।

### हाईवे पर तैनात किए जाएंगे पेट्रोलिंग वाहन

इसके अलावा, घने कोहरे वाले इलाकों में हाईवे पेट्रोल वाहन भी तैनात किए जाएंगे, जिनमें यातायात संबंधी मार्गदर्शन के लिए ब्लिंकिंग बैटन होंगे। अधिकारी और कार्यकर्ता सुरक्षा गतिविधियों के दौरान रोशनी परावर्तित करने वाली जैकेट पहनेंगे। एनएचएआई ने कहा कि इन उपायों का उद्देश्य सर्दियों में राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटनाओं की आशंका को कम करना और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, पुवायाँ जनपद-शाहजहाँपुर**

पत्रांक : 540/न.पा.प.-पु./न.पे.यो./ई-टेण्डर/2025-26 दिनांक 15.12.2025

**ई-निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी के द्वारा नगरीय जल निकासी योजना/राज्य सेक्टर के ''पेयजल हेतु व्यवस्था'' योजना के अन्तर्गत के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में ''ए'', ''बी'', ''सी'', ''डी'' श्रेणी में कार्य की लागत की सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए ई-निविदा दे सकता है।

**1. कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है :-**

**राज्य सेक्टर के ''पेयजल हेतु व्यवस्था'' योजना के अन्तर्गत कार्य**

| क्र.सं. | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | बिड सिक्योरिटी (ई.एम.डी.) | निविदा का मूल्य (18%GST) सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 6 | शाहजहाँपुर | वार्ड नं. 01 मो. काशीरामनगर में मिनी ट्यूबवैल पम्प हाउस व पाईप लाईन का विस्तार कार्य। | 3974202.00 | 336797.00 | 3974.00 | दो माह |
| 7 | शाहजहाँपुर | वार्ड नं. 05 मो. हरदयाल कूँचा (नौगवां) में मिनी ट्यूबवैल पम्प हाउस व पाईप लाईन का विस्तार कार्य। | 3972452.00 | 336648.00 | 3972.00 | दो माह |
| 8 | शाहजहाँपुर | वार्ड नं. 09 मो. छावनी (लखाह) में मिनी ट्यूबवैल पम्प हाउस व पाईप लाईन का विस्तार कार्य। | 3979079.00 | 337210.00 | 3979.00 | दो माह |

2. वेबसाईट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि 26.12.2025 समय प्रात: 10:00 बजे से।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्त के लिए अन्तिम तिथि/समय 06.01.2026 को सायं 5:00 बजे तक।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 07.01.2026 को 10:00 बजे पूर्वान्ह से कार्य समाप्ति तक।
5. निविदा आमन्त्रणकर्ता को आईटीबी के क्लाज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि यह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए तथा निविदा की शर्तों/नियमों आदि की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर लाग इन करें, तथा बिड डाक्यूमेंट का डाउनलोड करें।

**(कल्पना शर्मा)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, पुवायाँ शाहजहाँपुर**

**(संजय गुप्ता)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, पुवायाँ शाहजहाँपुर**

## तिब्बत में हल्के उन्नत टैंक टाइप-99 तैनात करेगा चीन

**बीजिंग।** चीन ने अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में लड़ाई में सक्षम अपने हल्के लड़ाकू टैंक 'टाइप 99बी' को उन्नत सूचना-आधारित कमान, संचार क्षमताओं और एकीकृत मारक क्षमता से लैस किया है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने आधिकारिक खबरों के हवाले से कहा है कि लड़ाकू टैंक को उन्नत क्षमताओं से लैस किए जाने की खबरें भारत द्वारा उच्च ऊंचाई वाले इलाकों में, खास तौर पर चीन के साथ लगी सीमा पर युद्ध के लिए स्वदेशी रूप से विकसित हल्के टैंक जोरावर के अनावरण की पृष्ठभूमि में आई हैं।

# डीजीसीए की जांच समिति ने इंडिगो मुख्यालय का दौरा किया

**मुंबई, एजेंसी**

**• मौजूदा जांच को आगे बढ़ाने के लिए उठाया कदम**

घरेलू विमानन कंपनी इंडिगो में बड़े पैमाने पर परिचालन व्यवधानों की जांच के लिए बनाई गई डीजीसीए की चार सदस्यीय समिति ने सोमवार को एयरलाइन के मुख्यालय का दौरा किया। नागर विमानन महानिदेशक फैज अहमद किदवई ने इस महीने की शुरुआत में समिति का गठन किया था।

समिति के सदस्यों ने उन कई पहलुओं की जांच की, जो परिचालन में व्यवधान का कारण बन सकते थे। एक जानकार सूत्र ने बताया कि समिति के सदस्य सोमवार को इंडिगो मुख्यालय गए। वे पूरे दिन वहीं रहे ताकि मौजूदा जांच को आगे बढ़ाया जा सके। दूसरे सूत्र के अनुसार जांच समिति ने संचालन के कई पहलुओं की पड़ताल की, जिनमें वह अवसंरचना भी शामिल थी जो सेवा में इस बड़े पैमाने के व्यवधान का कारण बन सकती थी। चार सदस्यीय समिति में संयुक्त डीजी संजय ब्रह्मणे, उपमहानिदेशक अमित गुप्ता, वरिष्ठ उड़ान परिचालन निरीक्षक कपिल मांगलिक और एफओआई लोकेश रामपाल शामिल हैं। समिति को परिचालन व्यवधानों के मूल कारण जानने का काम सौंपा गया है।

# शांति को यूक्रेन का नाटो से अलग रहना अहम

**मॉस्को, एजेंसी**

रूस ने सोमवार को कहा कि रूस-यूक्रेन शांति समझौते की आधारशिला यूक्रेन के नाटो में शामिल होने की आकांक्षाओं को छोड़ने की गारंटी है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा, स्वाभाविक रूप से, यह मुद्दा सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक है और निश्चित रूप से, अन्य मुद्दों की तुलना में इस पर विशेष चर्चा की जाएगी।

पेस्कोव की यह टिप्पणी यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोदिमिर जेलेंस्की की नाटो सदस्यता के लिए यूक्रेन की दावेदारी छोड़ने की तत्परता के बाद आई है, बशर्ते उसे अमेरिका सहित कई देशों से सुरक्षा गारंटी मिले।

**• यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बयान पर रूस की टिप्पणी**

उन्होंने आगे कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन पर शांति और गंभीर फैसलों के लिए तैयार हैं, लेकिन वे छल-कपट या किसी भी तरह के धोखे को स्वीकार नहीं करेंगे, जिसका मकसद अस्थायी राहत पैदा करना हो। इससे पहले एफटी की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उम्मीद है कि दोनों पक्ष क्रिसमस तक किसी समझौते पर पहुंच जाएंगे। पेस्कोव ने कहा कि हम सिर्फ रूसी पक्ष, पुतिन की ओर से बोल सकते हैं।

### शांति प्रयास के लिए अमेरिका को सराहा

पेस्कोव ने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान ट्रम्प प्रशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह यूक्रेन में जल्द से जल्द समझौता कराने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, जिसकी रूस बहुत सराहना करता है। उन्होंने कहा, ट्रम्प पूरी ईमानदारी से समझौते पर काम कर रहे हैं, और वह यूक्रेन में समझौता चाहते हैं, वह इस संघर्ष का समाधान चाहते हैं। वह और उनकी पूरी टीम प्रयास कर रही है। हम इन प्रयासों की बहुत सराहना करते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अमेरिका यूरोपीय और यूक्रेनी दोनों पक्षों के साथ बातचीत करने के बाद यूक्रेन में शांतिपूर्ण समाधान के लिए एक व्यावहारिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करेगा।

**वर्ल्ड ब्रीफ**

### दिल्ली विस्फोट : शोएब और नसीर की हिरासत चार दिन बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को फरीदाबाद निवासी शोएब और जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले के निवासी डॉ. नसीर बिलाल मल्ला की एनआईए हिरासत को चार और दिनों के लिए बढ़ा दिया। शोएब पर लाल किले के पास कार में विस्फोट करने वाले उमर-उन-नबी को पनाह देने का आरोप है। जांच एजेंसी ने पांच दिसंबर को दी गई उसकी पिछली 10 दिन की हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शोएब को पटियाला हाउस अदालत में पेश किया। एनआईए को नौ दिसंबर को दी गई नसीर की सात दिन की हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद उसे अदालत में पेश किया गया।

### केरल में एसआईआर के दौरान 25 लाख मतदाता लापता

**तिरुवनंतपुरम।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) रतन यू केलकर ने सोमवार को बताया कि केरल में मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान 25 लाख से अधिक मतदाताओं का पता नहीं चल पाया। वह राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित सर्वदलीय बैठक में बोल रहे थे। केलकर के अनुसार, बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) ने सत्यापन प्रक्रिया के दौरान 6.44 लाख मतदाताओं को मृतक के रूप में चिह्नित किया। उन्होंने कहा कि 8.19 लाख मतदाता स्थायी रूप से अन्य स्थानों पर चले गए हैं, 1.31 लाख मतदाताओं के नाम कई बार दर्ज हैं और 7.12 लाख मतदाताओं के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है।

### अरुणाचल के अंजॉ में ट्रक दुर्घटना के बाद 20 शव बरामद

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में 21 लोगों को लेकर जा रहे मिनी ट्रक के गहरी खाई में गिरने के बाद हादसे के शिकार लोगों के लिए शुरू किया गया तलाश अभियान सोमवार को जिला प्रशासन ने समाप्त कर दिया। इस बीच 20 शव मिले, जबकि एक व्यक्ति को जीवित बचाया गया। ट्रक में सवार सभी लोग असम के थे। अंजॉ के उपायुक्त मिलो कोजिन ने बताया कि 11 दिसंबर को तलाश अभियान शुरू हुआ था जो हयूलियांग उपमंडल से लगभग 40 किमी दूर लाइलियांग के पास दुर्घटना स्थल की गहन तलाशी ली गई।

# दिल्ली में घने कोहरे के कारण 228 उड़ानें रद्द

**आज भी बड़े पैमाने पर उड़ानें प्रभावित होने की आशंका**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को घने कोहरे के कारण 228 उड़ानें रद्द हुईं और पांच को दूसरे शहरों के लिए डायवर्ट करना पड़ा। हवाई अड्डे के अधिकारियों के मुताबिक इनमें दिल्ली से रवाना होने वाली 131 और दिल्ली आने वाली 97 उड़ानें थीं।

इसके अलावा सैकड़ों उड़ानों देरी हुई। इससे यात्रियों को भारी परेशानी का समाना करना पड़ा। दरअसल, आधी रात के बाद लगभग दो बजे से ही दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत के कुछ शहरों में कोहरा घना होने लगा। दिल्ली हवाई अड्डे पर एक समय दृश्यता लगभग शून्य रह गई थी। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को भी दिल्ली हवाई अड्डे पर ऐसी ही स्थिति रह सकती है। तड़के 2.30 बजे तक दृश्यता 600 मीटर तक और सुबह 6.30 बजे तक 100 मीटर तक गिर सकती है।


सोमवार को नई दिल्ली में सड़क पर छाए घने कोहरे के बीच गुजरते लोग।

## मेसी के कार्यक्रम में दिल्ली की सीएम के खिलाफ लगे एक्यूआई के नारे

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण के चिंताजनक स्तर के बीच सोमवार को अरुण जेटली स्टेडियम में फुटबॉल दिग्गज लियोनेल मेसी का स्वागत करने मंच पर आईं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के सामने वहां मौजूद भीड़ ने 'एक्यूआई-एक्यूआई' के नारे लगाए।



इससे पहले सुबह एक्यूआई 498 तक पहुंच गया और शाम को 427 पर रहा, जिससे राजधानी लगातार तीसरे दिन भी गंभीर श्रेणी में बनी रही। भीड़ के 'एक्यूआई-एक्यूआई' के नारे लगाए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आप की दिल्ली इकाई के प्रमुख सौरभ भारद्वाज ने क्लिप साझा करते हुए 'एक्स' पर लिखा, अंतरराष्ट्रीय शर्मिंदगी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आते ही मेसी के लिए आई भीड़ ने 'एक्यूआई-एक्यूआई' के नारे लगाए। इस बीच, मेसी ने स्पेनिश में संक्षेप में कहा, 'धन्यवाद दिल्ली! फिर मिलेंगे।' इससे उनके प्रशंसकों में उत्साह भर गया।

## नवनियुक्त डॉक्टर के चेहरे से नीतीश कुमार ने हटाया हिजाब, विवाद

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को एक सरकारी कार्यक्रम में नवनियुक्त आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र बांटने के दौरान एक महिला चिकित्सक के चेहरे से हिजाब हटा दिया। इससे विवाद खड़ा हो गया। कुछ ही देर में घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और मुख्यमंत्री के कृत्य का विरोध शुरू हो गया।



● सरकारी कार्यक्रम में चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र बांट रहे थे नीतीश

यह घटना मुख्यमंत्री सचिवालय 'संवाद' में आयोजित उस कार्यक्रम के दौरान हुई, जहां एक हजार से अधिक आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जा रहे थे। हालांकि, इस वीडियो की प्रामाणिकता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की गई है। इनमें से 10 को नीतीश कुमार ने खुद मंच पर नियुक्ति पत्र सौंपे, शेष को ऑनलाइन माध्यम से पत्र दिए गए।

इसी दौरान एक चिकित्सक नुसरत परवीन की बारी आई जिन्होंने अपने चेहरे पर हिजाब पहना हुआ था। इस पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताते हुए कहा, यह क्या है। नुसरत के कुछ कह पाने से पहले ही मुख्यमंत्री उनके चेहरे से हिजाब खींचकर हटा दिया। इससे नुसरत घबरा गईं। वहां मौजूद एक अधिकारी ने उन्हें तुरंत एक ओर कर दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री की बगल में खड़े उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी उनकी आस्तीन खींचकर उन्हें रोकने की कोशिश की।

### विपक्ष ने उठाए मानसिक स्थिति पर सवाल

राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने इस वीडियो को अपने सोशल मीडिया खातों पर साझा करते हुए दावा किया कि यह घटना जदयू के प्रमुख की अस्थिर मानसिक स्थिति का ताजा उदाहरण है। राजद ने 'एक्स' पर लिखा, यह क्या हो गया है नीतीश जी को। पार्टी ने कहा, मानसिक स्थिति बिल्कुल ही अब दयनीय स्थिति में पहुंच चुकी है या नीतीश बाबू अब शत-प्रतिशत संघी हो चुके हैं।

# कांग्रेस की रैली में मोदी के खिलाफ नारे और गृह मंत्री की टिप्पणी पर हंगामा

## लोकसभा में टकराए सत्ता-विपक्ष के सदस्य, नहीं चला प्रश्नकाल और शून्यकाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस की रविवार को आयोजित रैली में प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ धमकी भरे नारे लगाए जाने और गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी को लेकर सोमवार को लोकसभा में सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया, जिससे सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। हंगामे से प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं चल सका।

प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ कथित नारों के विषय पर सत्तापक्ष के हंगामे के कारण कार्यवाही एक बार स्थगित होने के बाद दोपहर 12 बजे फिर से शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी। पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने जैसे ही सदन के पटल पर आवश्यक कागजात रखवाए, कांग्रेस के सदस्य नारेबाजी करते हुए आसन के निकट पहुंच गए। वे पिछले सप्ताह सदन में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री शाह द्वारा की गई टिप्पणी का हवाला देते हुए उनसे और प्रधानमंत्री से माफी मांगने की मांग कर रहे थे।

विपक्ष की नारेबाजी के बाद सत्तापक्ष भी कांग्रेस की रैली में प्रधानमंत्री के खिलाफ कथित तौर पर धमकी भरे नारे लगाए जाने का विषय फिर से उठाने लगे। सैकिया ने सदन चलने देने की अपील करते हुए कहा कि शून्यकाल महत्वपूर्ण है। सदन चलाना सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है।

हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सोमवार सुबह सदन की बैठक 11 बजे शुरू हुई तो लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पूर्व सदस्यों के निधन की सूचना और श्रद्धांजलि दी। बिरला ने प्रश्नकाल शुरू करने का निर्देश दिया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कांग्रेस की रैली में प्रधानमंत्री के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की कब्र खोदने की बात कही गई। यह बहुत दुखद है कि कांग्रेस पार्टी ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करती है।


लोकसभा में हंगामा करते सत्ता और विपक्ष के सदस्य।

### पेश किए गए विधेयकों का विपक्ष ने किया विरोध

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विश्वविद्यालयों और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों को स्वतंत्र स्व-शासन वाले संस्थान बनाने के उद्देश्य से विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान, 2025 विधेयक सोमवार को लोकसभा में पेश किया। कांग्रेस के मनीष तिवारी ने विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि यह शिक्षण संस्थानों की स्वायत्तता का उल्लंघन करता है और उनकी स्वतंत्रता का क्षरण करता है। इसी तरह परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी भागीदारी की अनुमति देने संबंधी विधेयक पर कांग्रेस और टीएमसी के सदस्यों ने आपत्ति जताई। इसी सप्ताह सरकार 2047 तक सभी को बीमा की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बीमा क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) को 100% तक बढ़ाने के लिए संसद में विधेयक पेश करने की योजना बना रही है।

**राज्यसभा में चुनाव सुधार पर चर्चा**

### जनादेश का सम्मान जरूरी, दलबदल कानून में सुधार हो: विपक्ष

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में सोमवार को कई विपक्षी दलों के सदस्यों ने जनादेश का सम्मान करने की जरूरत पर जोर देते हुए दलबदल विरोधी कानून में सुधार की मांग की।

चुनाव सुधारों पर उच्च सदन में चर्चा में भाग लेते हुए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के केआर सुरेश रेड्डी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के जॉन ब्रिटास ने कहा कि चुनावी घोषणापत्र में किए गए वादों को पूरा न करना मतदाता के साथ शाब्दिक रूप से धोखाधड़ी के समान है और दलबदल चुनावों की शुचिता पर सवाल खड़े करता है। रेड्डी ने कहा कि दो बड़े संवैधानिक संशोधनों के बावजूद भारतीय लोकतंत्र जिस सबसे बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है, वह दलबदल विरोधी व्यवस्था ही है।

उन्होंने कहा कि वोट डालने के बाद मतदाता की भूमिका खत्म नहीं हो जाती, उन्होंने कहा, हमें मतदाता का सम्मान करना होगा। आज जैसे ही चुनाव खत्म होता है, उसके बाद ड्रामा शुरू हो जाता है। बीआरएस सांसद ने अफसोस जताते हुए कहा कि विशेषकर छोटे राज्यों में, जब विधायकों की संख्या कम होती है, एक खेल शुरू हो जाता है जिसका नाम दलबदल है।

## एसआईआर: आयोग आज प्रकाशित करेगा पांच राज्यों की मसौदा मतदाता सूची

**नई दिल्ली।** एसआईआर के तहत मंगलवार को तीन राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की मतदाता सूचियों का मसौदा प्रकाशित किया जाएगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक इन राज्यों में पश्चिम बंगाल, राजस्थान, गोवा, पुडुचेरी और लक्षद्वीप शामिल हैं।

● पश्चिम बंगाल, गोवा, राजस्थान, पुडुचेरी और लक्षद्वीप शामिल

सीईओ और डीईओ सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ मतदाता सूची के मसौदे की प्रति साझा करेंगे। मतदाता सूची सीईओ और डीईओ की वेबसाइटों पर भी अपलोड की जाएगी। अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत मतदाताओं की सूचियां भी सीईओ और डीईओ की वेबसाइटों पर अपलोड की जाएंगी। पिछले सप्ताह, निर्वाचन आयोग ने सीईओ के अनुरोधों के बाद पांच राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में एसआईआर की समय सीमा बढ़ा दी थी।


**विजय दिवस पर सैन्य अफसरों के बीच राष्ट्रपति मुर्मू**

भारतीय सेना ने सोमवार को 'विजय दिवस' की पूर्व संध्या पर नई दिल्ली में विभिन्न एआई आधारित प्लेटफॉर्म से लेकर ड्रोन विश्लेषण प्रणाली तक यहां स्वदेशी रूप से विकसित कई प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी द्वारा आर्मी हाउस में आयोजित 'एट होम' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। सैन्य अफसरों ने यहां उनका स्वागत किया।

# जम्मू: उधमपुर में आतंकियों से मुठभेड़, एक पुलिसकर्मी शहीद

**जम्मू, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर में उधमपुर जिले के जंगल से सटे एक दूरदराज के गांव में सोमवार शाम हुई मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया, जबकि माना जा रहा है कि एक आतंकवादी भी घायल हुआ है।

अधिकारियों के अनुसार, गोलीबारी रुक गई है लेकिन पूरे इलाके को कड़े सुरक्षा घेरे में रखा गया है। छिपे हुए आतंकवादियों को मार गिराने के लिए उनके भागने के सभी रास्ते बंद कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह मुठभेड़ पहाड़ी जिले के मजालता इलाके के सोअन गांव में तब शुरू हुई जब सुरक्षाबलों ने यहां तीन आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना पर तलाशी अभियान संचालित किया। माना जाता है कि ये आतंकी पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद संगठन से जुड़े हैं।

● गांव में छिपे आतंकवादियों ने घेरने पर की फायरिंग, एक आतंकी के भी घायल होने की खबर

जम्मू के आईजी भीम सेन टूटी ने बताया कि दूरदराज के गांव में आतंकवादियों के बारे में सटीक सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों और आतंकवादियों का आमना-सामना हुआ। पुलिस के एसओजी के संयुक्त दल, सेना और सीआरपीएफ साथ मिलकर काम कर रहे हैं। एक अन्य पोस्ट में, आईजीपी ने कहा कि अंधेरे और खतरनाक भूभाग के कारण जंगल की तलाशी में बाधा आई है।

अधिकारियों ने बताया कि यह मुठभेड़ शाम करीब छह बजे शुरू हुई। सुरक्षाबलों ने उस गांव को पहले ही घेर रखा था। यह मुठभेड़ कुछ देर तक चली, जिसमें एसओजी के एक जवान घायल हो गए और बाद में उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि शुरुआती गोलीबारी में एक आतंकवादी के भी घायल होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि रात के लिए अभियान निलंबित कर दिया गया है और यह मंगलवार को फिर से शुरू किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि घेराबंदी को मजबूत करने और आतंकवादियों को ढेर करने के लिए इलाके में अतिरिक्त बल भेजा गया है।

## अनिल अंबानी केस में राणा कपूर से पूछताछ

**नई दिल्ली।** ईडी ने रिलायंस अनिल अंबानी समूह की कंपनियों के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत यस बैंक के सह-संस्थापक राणा कपूर से सोमवार को पूछताछ की।

अधिकारियों ने बताया कि बयान पीएमएलए के तहत दर्ज किए जा रहे हैं। कपूर (68) को इससे पहले भी ईडी ने अलग-अलग धनशोधन मामलों में गिरफ्तार किया था और उनसे पूछताछ की गई थी। ये मामले ऋणदाता यस बैंक द्वारा कथित तौर पर अवैध रूप से ऋण वितरण से जुड़े थे।

# कबड्डी खिलाड़ी की टूर्नामेंट के बीच गोली मारकर हत्या

**चंडीगढ़, एजेंसी**

मोहाली में एक टूर्नामेंट में भाग लेने आए 30 वर्षीय कबड्डी खिलाड़ी कंवर दिग्विजय सिंह उर्फ राणा बलाचौरिया की सोमवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। हमलावरों ने दहशत फैलाने के लिए हवा में भी गोलीबारी की जिससे भगदड़ मच गई।

एसएसपी हरमनदीप सिंह हंस ने बताया कि यह घटना मोहाली के सोहाना में हुई जहां कुछ दिनों से एक निजी कबड्डी टूर्नामेंट हो रहा था। फोर्टिस अस्पताल के बयान के अनुसार, राणा को शाम 6:05 बजे गोली लगने की चोटों के साथ लाया गया और यहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। एसएसपी ने बताया कि दो-तीन हमलावर घटना के बाद मोटरसाइकिल पर फरार हो गए। मामले की जांच जारी है। चश्मदीदों ने बताया कि हमलावरों ने प्रशंसक होने का स्वांग रचा और सेल्फी लेने के बहाने राणा के पास आकर गोलीबारी शुरू कर दी।

यह टूर्नामेंट दर्शकों से खचाखच भरे मैदान में हो रहा था, जहां पंजाबी गायक मनकीरत औलख भी आने वाले थे। चश्मदीदों के अनुसार, हमलावरों ने दर्शकों को डराने के लिए हवा में भी गोलियां चलाईं। इस हत्या ने तीन साल पहले संदीप नागल और हाल ही में तेजा सिंह की हत्या की यादें ताजा कर दी हैं।



● मोहाली में वारदात, दहशत फैलाने के लिए हवा में भी की गोलीबारी

विपक्षी कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी ने इस घटना पर भगवंत मान सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए राज्य में कानून और व्यवस्था के पूरी तरह चरमराने का आरोप लगाया। कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग और वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह बाजवा ने इसे सरकार की घोर विफलता बताया, जबकि शिअद प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने अपराधियों के बढ़े मनोबल के लिए मुख्यमंत्री की अक्षमता को जिम्मेदार ठहराया।

## जालंधर में बम की झूठी धमकी के बाद खाली कराए 11 स्कूल

**जालंधर।** जालंधर के कई स्कूलों में बम की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया। प्रशासन ने छात्रों को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद सुरक्षा उपायों को लागू करने की कार्रवाई की। हालांकि जांच के बाद यह खबर अफवाह साबित हुई।

ईमेल के जरिए 11 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस की टीम ने शहर में जांच की।

● बम रोधी स्क्वाड के साथ की गई जांच

एक अभिभावक ने कहा, हमें बताया गया था कि बिजली संबंधी गड़बड़ी बताकर हमें अपने बच्चों को स्कूल से लेने के लिए कहा गया। एसीपी उत्तरी संजय कुमार ने कहा, स्कूल के प्रधानाचार्य के ईमेल पर धमकी मिली थी कि इमारत को बम से उड़ा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत स्कूल परिसर की तलाशी ली। विध्वंस रोधी दल ने भी परिसर की जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। एक छात्र ने बताया कि वह परीक्षा दे रहा था तभी एक शिक्षक ने कहा कि बिजली चली गई है और सभी छात्रों को मैदान में इकट्ठा होने का आदेश दिया।

# पति और पत्नी के बीच लंबे समय तक अलगाव क्रूरता के समान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अलग-अलग रह रहे पति-पत्नी की तलाक अर्जी को मंजूरी देते हुए कहा कि सुलह की कोई उम्मीद न होने पर दंपति का लंबे समय तक एक-दूसरे से अलग रहना दोनों पक्षों के प्रति क्रूरता के समान है। न्यायमूर्ति मनमोहन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने सुनवाई के दौरान इस तथ्य पर संज्ञान लिया कि चार अगस्त 2000 को हुई शादी के बाद दंपति ने दो साल बाद 2003 में मुकदमेबाजी शुरू कर दी और विचारों में मतभेद से 24 वर्षों से अलग रह रहे हैं।

पीठ ने कहा कि अदालतों की ओर से प्रयास किए जाने के बावजूद दोनों पक्षों में सुलह-समझौता नहीं हुआ। कई मामलों में इस अदालत के सामने ऐसी स्थितियां आई हैं, जहां पक्षकार काफी समय से अलग रह रहे हैं और यह लगातार माना गया कि सुलह की कोई उम्मीद के बिना लंबे समय तक अलग रहना दोनों पक्षों के लिए क्रूरता के बराबर है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह न्यायालय भी इस बात से सहमत है कि वैवाहिक विवाद से जुड़े मुकदमों का लंबे समय तक लंबित रहना विवाह को केवल कागजों तक सीमित कर देता है। ऐसे मामलों में जहां मुकदमा काफी समय से लंबित है, पक्षों के बीच संबंध तोड़ देना ही पक्षों और समाज के हित में है।



● शादी के दो साल बाद मुकदमा, 24 वर्षों से अलग रह रहे दंपती

### पीएमएलए: पत्रकार को मिली अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अहमदाबाद में ईडी की ओर से दर्ज किए गए वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े मामले में सोमवार को पत्रकार महेश लांगा को अंतरिम जमानत दे दी। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल मनुभाई पंचोली की पीठ ने विशेष अदालत को रोजाना सुनवाई करने का आदेश दिया और पत्रकार से कहा कि वह सुनवाई के दौरान कोई स्थगन का अनुरोध न करे।

### वांगचुक की हिरासत के खिलाफ याचिका पर सुनवाई 7 तक स्थगित

सुप्रीम कोर्ट ने 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत सोनम वांगचुक को हिरासत में लेने के खिलाफ उनकी पत्नी गीतांजलि द्वारा दाखिल याचिका पर सोमवार को सुनवाई सात जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और एनवी अंजारी की पीठ ने समय की कमी से मामले को स्थगित कर दिया। याचिका में दावा है कि हिरासत अवैध और मनमानी कार्रवाई है जो उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करती है।

### ऑटिज्म से पीड़ितों के संरक्षण की याचिका पर केंद्र को नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें ऑटिज्म और अन्य बौद्धिक अक्षमताओं से पीड़ितों की देखभाल, पुनर्वास और संरक्षण के लिए व्यापक दिशानिर्देश तैयार करने के लिए राष्ट्रीय विशेषज्ञ समिति के गठन का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और आर महादेवन की पीठ ने केन्द्र के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग को नोटिस जारी किए। न्यायालय एनजीओ हृदय सरस फाउंडेशन और अन्य की याचिका पर सुनवाई कर रहा था।

## दिल्ली दंगे : पुलिस की गवाही पर अदालत ने जताया शक, दो बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 2020 में राष्ट्रीय राजधानी में हुए दंगों से जुड़े एक मामले में लूट, तोड़फोड़ और आगजनी के आरोपी दो व्यक्तियों को सोमवार को बरी कर दिया। मोहम्मद फारूक और मोहम्मद शादाब नाम के इन आरोपियों पर 25 फरवरी 2020 को चांग बंग क्षेत्र में दंगा करने, गैरकानूनी रूप से भीड़ जुटाने और संपत्ति में तोड़फोड़ एवं आगजनी करने का आरोप लगाया गया था।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश परवीन सिंह ने नौ दिसंबर को पारित आदेश में कहा, मुझे अभियोजन पक्ष के गवाह संख्या चार (सहायक उपनिरीक्षक सुनील) की गवाही की विश्वसनीयता पर गंभीर संदेह है और केवल उनकी गवाही पर भरोसा करके आरोपियों को उन अपराधों के लिए दोषी ठहराना विवेकपूर्ण नहीं होगा, जिनके लिए उन पर आरोप लगाया गया है। उन्होंने कहा, दोनों आरोपियों को संदेह का लाभ दिया जाता है और उन सभी अपराधों से बरी किया जाता है।

# ओडिशा : विधायकों के वेतन-भत्ते तीन गुना बढ़ाने पर विवाद

**भुवनेश्वर, एजेंसी**

ओडिशा के विधायकों के वेतन और भत्तों में तीन गुनी वृद्धि से राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है और भाजपा सरकार पर जनता के बजाय विधायकों को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया जा रहा है। इस बीच विपक्ष के नेता नवीन पटनायक ने बढ़ा हुआ वेतन नहीं लेने की घोषणा की है। इसके बाद अब सभी की निगाहें राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति पर टिकी हैं, जिनकी मंजूरी पर विधानसभा में पारित विधेयकों का भविष्य टिका हुआ है।

● विधानसभा में पारित हुआ विधेयक निर्णय अब राज्यपाल के हाथों में

शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन नौ दिसंबर को विधानसभा में सर्वसम्मति से यह विधेयक पारित किया। हालांकि, माकपा के एक सदस्य सदन से अनुपस्थित रहे थे। माकपा ने विधायकों के वेतन-भत्ते में वृद्धि का विरोध भी किया है। नए प्रावधानों के तहत विधायक का कुल मासिक पैकेज पहले के 1.11 लाख रुपये था जिसे से बढ़ाकर 3.45 लाख रुपये कर दिया गया है। इसके खिलाफ जनाक्रोश के बीच बीजद अध्यक्ष नवीन पटनायक ने मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को पत्र लिखकर कहा है कि वह विधायक के रूप में मिलने वाले बढ़े हुए वेतन-भत्ते को स्वीकार नहीं करेंगे। हालांकि, कहा जा रहा है कि जब ओडिशा विधानसभा सदस्य वेतन, भत्ते और पेंशन (संशोधन) विधेयक, 2025 सदन में पारित किया गया था, तब बीजद ने इसका समर्थन किया था।

### सोशल मीडिया पर विरोध: विधायक अब दो हफ्ते में उतना कमा लेगा जितना लोग साल भर में कमाते हैं

सरकार के इस कदम की सोशल मीडिया पर लोगों ने और विभिन्न संगठनों ने कड़ी आलोचना की और भाजपा सरकार पर जनता को नजरंदाज करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य की प्रति व्यक्ति वार्षिक आय 2024-25 में 1.83 लाख रुपये होने का अनुमान है। विधेयकों को मंजूरी मिल जाने के बाद मुख्यमंत्री को 3.74 लाख रुपये और उपमुख्यमंत्री को 3.68 लाख रुपये का वेतन-भत्ते मिलेंगे। सोशल मीडिया पर लोग विधायकों और उनके मतदाताओं के बीच आय के अंतर को उजागर करते हुए बता रहे हैं कि एक विधायक की वार्षिक आय अब लगभग 41.4 लाख रुपये हो जाएगी। बड़े स्तर पर शेयर की गई एक पोस्ट में कहा गया है, ओडिशा में एक विधायक अब औसत नागरिक से 22 गुना अधिक कमाता है। यानी वह केवल दो हफ्तों में उतना कमा लेते हैं, जितना एक औसत व्यक्ति पूरे साल में कमाता है।

# अमृत विचार

मंगलवार, 16 दिसंबर 2025




शिक्षक वह नहीं, जो छात्र के दिमाग में तथ्यों को जबरन ठूंसे, बल्कि वास्तविक शिक्षक तो वह है, जो उसे आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करे।
-डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, पूर्व राष्ट्रपति



## संगठन की नवीन बागडोर

बिहार सरकार में लोक निर्माण विभाग के मंत्री नितिन नवीन को भाजपा का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाना राजनीतिक हलकों में निःसंदेह चौंकाने वाला रहा है। चौंकाने वाला इसलिए कि वे न तो लंबे समय से राष्ट्रीय राजनीति के चेहरे रहे हैं और न ही अब तक उन्हें पार्टी के शीर्ष संगठनात्मक ढांचे में सबसे आगे माना जाता था। फिर भी यह निर्णय अचानक नहीं, बल्कि भाजपा की सुविचारित संगठनात्मक और चुनावी रणनीति का हिस्सा प्रतीत होता है। इस चयन में संगठन और उसके पदाधिकारियों की भूमिका का तो पता नहीं, अंतिम मुहर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की ही रही।

भाजपा में परंपरागत रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष या कार्यकारी अध्यक्ष जैसे पदों पर नियुक्ति में संगठनात्मक चुनाव नहीं होते, राज्यों से आए संकेत और केंद्रीय नेतृत्व की राजनीतिक प्राथमिकताएं निर्णायक होती हैं। नितिन नवीन का चयन भी इसी बहुस्तरीय प्रक्रिया का परिणाम है, जिसमें नेतृत्व ने अपेक्षाकृत कम विवादित, अनुशासित और भरोसेमंद चेहरे को आगे बढ़ाना उचित समझा। नितिन नवीन को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने के पीछे भाजपा के मंसूबे स्पष्ट हैं। पहला, पार्टी 50 वर्ष से कम आयु के नेतृत्व को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहती है। दूसरा, संगठन और सरकार के बीच संतुलन बनाने वाले ऐसे नेताओं को उभारना चाहती है, जो न केवल सत्ता-केंद्रित हों और न ही सिर्फ संगठनात्मक गुटों में उलझे रहें। नितिन नवीन को उनके प्रशासनिक अनुभव, शांत स्वभाव और निर्णयों में अनुशासन के कारण अन्य दावेदारों पर तरजीह मिली। छत्तीसगढ़ और असम में सह प्रभारी के रूप में उनकी संगठनात्मक अनुभव की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। इन राज्यों में उन्होंने चुनावी रणनीति, बूथ प्रबंधन और संगठनात्मक समन्वय में सक्रिय भूमिका निभाई। यही अनुभव उन्हें राष्ट्रीय संगठन में बड़ी जिम्मेदारी देने के पक्ष में जाता है, हालांकि दक्षिण भारत में भाजपा का प्रभाव बढ़ाने की चुनौती के बीच उत्तर भारत से कार्यकारी अध्यक्ष का चयन भी चर्चा का विषय है। भाजपा की रणनीति संकेत देती है कि पार्टी क्षेत्रीय संतुलन को केवल पदों के माध्यम से नहीं, जिम्मेदारियों और मिशन आधारित कार्य-विभाजन से साधना चाहती है। नितिन नवीन को दक्षिण में संगठनात्मक विस्तार से जुड़ी जिम्मेदारियां सौंपी जा सकती हैं।

राष्ट्रीय दलों में नेतृत्व परिवर्तन का प्रभाव व्यापक राजनीतिक विमर्श और विपक्षी रणनीतियों पर भी पड़ता है। विपक्ष इस नियुक्ति को भाजपा की सामाजिक और क्षेत्रीय राजनीति के नए संकेत के रूप में देख रहा है। नितिन नवीन का सवर्ण कायस्थ समुदाय से होना भी राजनीतिक रूप से अर्थपूर्ण है। आगामी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नितिन नवीन के लिए पहली बड़ी परीक्षा होंगे। यदि वे संगठनात्मक समन्वय, चुनावी प्रबंधन और आंतरिक संवाद को प्रभावी ढंग से साध पाए, तो उनसे लंबी पारी की उम्मीद की जा सकती है। बड़ी चुनौती यह होगी कि वे पार्टी के चाल, चरित्र और चेहरे में अपेक्षित ऊर्जा और आधुनिकता ला पाते हैं या नहीं। फिलहाल उनका चयन भाजपा की उस रणनीति को रेखांकित करता है, जिसमें भविष्य की राजनीति के लिए अपेक्षाकृत युवा, संतुलित और भरोसेमंद नेतृत्व को तैयार किया जा रहा है।

### प्रसंगवश

## यूनेस्को विरासत में भारत का सांस्कृतिक आलोक



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

प्रकाश पर्व दीपावली को यूनेस्को द्वारा मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया जाना, भारतीय सभ्यता की दीर्घजीवी सांस्कृतिक चेतना का वैश्विक स्वीकार है। इसकी जड़ें हजारों वर्षों के सामाजिक विकास, आध्यात्मिक साधना और लोक परंपराओं की निरंतरता में निहित हैं। 8 से 13 दिसंबर 2025 तक लाल किले में आयोजित यूनेस्को की 20वीं अंतर-सरकारी समिति के सत्र के दौरान जब यह घोषणा दुनिया के सामने आई, तो वह क्षण भारतीय संस्कृति के प्रभाव और प्रतिष्ठा का प्रतीक बनकर उभरा।

यूनेस्को की सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल होने के साथ ही दीपावली ने विश्व के सांस्कृतिक मानचित्र पर अपना स्थायी और गरिमामय स्थान प्राप्त कर लिया है। जिस राष्ट्र की मिट्टी ने ज्ञान, तप, कला और धर्म के अनगिन रूपों को जन्म दिया, उसी भूमि के हृदय स्थल में उसकी सबसे लोकप्रिय सांस्कृतिक परंपराओं में से एक को वैश्विक विरासत का दर्जा मिलना एक ऐतिहासिक अध्याय बन गया। यह मान्यता भारत की 16 सांस्कृतिक विरासतों की श्रृंखला में एक नया उज्ज्वल जोड़ है।

कुंभ मेला, दुर्गा पूजा, गरबा, योग, वेदपाठ, रामलीला, छऊ, ठठेरा कारीगरी, संकीर्तन और नवरोज की परंपरा के बाद अब दीपावली भी इस वैश्विक धरोहर का हिस्सा है। यह सूची बताती है कि भारत की संस्कृति केवल संरक्षित इतिहास नहीं और अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि जीवंत वर्तमान और भविष्य का सांस्कृतिक निवेश है। दीपावली का यह वैश्विक सम्मान ऐसे समय में प्राप्त हुआ है, जब दुनिया निरंतर विभाजनों, संघर्षों और सांस्कृतिक अस्थिरताओं से जूझ रही है। ऐसे दौर में अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक यह पर्व मानवता के साझा मूल्यों की याद दिलाता है।

दीपावली को यूनेस्को सूची में शामिल किया जाना इस बात की स्वीकृति है कि दीयों की यह परंपरा केवल भारत की सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि मानवीय भावनाओं, सामाजिक एकजुटता और आध्यात्मिक आकांक्षा का वैश्विक प्रतीक बन चुकी है। भारत द्वारा प्रस्तुत नामांकन दस्तावेज की विशेषता इसकी व्यापकता और समावेशिता में निहित रही। आदिवासी समुदायों से लेकर शहरी कलाकारों तक, किसान समूहों से लेकर प्रवासी भारतीयों तक, कुम्हारों, रंगोली कलाकारों, मिठाई बनाने वालों और विभिन्न धार्मिक समुदायों के अनुभवों और प्रमाणों को इसमें शामिल किया गया।

दीपावली को समझना केवल दीयों के प्रकाश या पूजा-विधि तक सीमित नहीं है। यह त्योहार कृषि चक्र, ऋतु परिवर्तन, आर्थिक गतिविधियों, सामाजिक व्यवहार और धार्मिक मान्यताओं का समन्वित प्रतिबिंब है। भारत के विभिन्न हिस्सों में इस पर्व के स्वरूप में बदलाव इसकी संस्कृतियों की विविधता को दर्शाते हैं। उत्तर में राम की अयोध्या वापसी का स्मरण, गुजरात में व्यापार वर्ष की शुरुआत, दक्षिण में नरक चतुर्दशी और महाराष्ट्र में बालि प्रतिपदा। यही विविधता दीपावली को एक जीवंत अमूर्त विरासत बनाती है, जिसमें लोक परंपराएं, मिथक, आस्था और सामाजिक व्यवहार लगातार परिवर्तित होते हुए भी अपनी मूल पहचान बनाए रखते हैं।

यूनेस्को की सूची में शामिल होना किसी भी सांस्कृतिक तत्व के लिए केवल गौरव का विषय नहीं बल्कि एक उत्तरदायित्व भी है। दीपावली जैसे विशाल सांस्कृतिक-सामाजिक प्रभाव वाले पर्व के संदर्भ में यह उत्तरदायित्व और अधिक गहरा है। दीपावली केवल धार्मिक व्यवहार नहीं, बल्कि भारत की लोक अर्थव्यवस्था का अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# टूटती शादियां आखिर इस दर्द की दवा क्या है!





अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ

डिजिटल युग में सेवा क्षेत्र के बढ़ते दायरे ने हमारे समाज को भी पूर्णतया परिवर्तित कर दिया है। धन संग्रह कर जीवन स्तर को ऊंचा करने की महत्वाकांक्षा ने रिश्तों की सीमाएं तय कर दी हैं। धन कमाने की लालसा व बिंदास जीवन जीने की जिज्ञासा ने संबंधों को बेमानी कर दिया है। बिना रोक-टोक के जीने की चाह ने सामाजिक मर्यादाओं की जद निर्धारित कर दी है। ऐसी जद, जिसमें समाज द्वारा निर्मित व्यवस्थाएं क्षीण होती जा रही हैं। एक ऐसा ही रिश्ता है विवाह का, बेहतर दांपत्य जीवन का। तेजी से गतिमान अर्थ प्रधान समाज व सोशल मीडिया ने आधुनिक वैवाहिक रिश्तों में भी अपनी अहम भूमिका सुनिश्चित कर दी है।

शादी को सात जन्मों की मान्यता देने वाले देश में तलाक और एलिमनी का चलन सुरसा की मुंह की भांति बढ़ चला है। अंदाजा इसी से लगा लें कि कुछ दशक पहले तक जिस देश में नाममात्र के फैमिली कोर्ट थे, आज करीब एक हजार हो गए हैं। देश के बड़े शहरों में, जहां कभी एक या दो फैमिली कोर्ट होते थे, वहां आज आठ से दस हो गए हैं। मुंबई में तो 17 फैमिली कोर्ट खोलने का आधिकारिक आदेश हो गया है। टूटती शादियों का आलम यह कि पारिवारिक न्यायालयों में मेले जैसा दृश्य दिखता है। अचरज की बात यह कि धूमधाम व आपसी सहमति से हो रही शादियां आज चट ब्याह-पट अलगाव का शिकार हो रही हैं।

शादियों के टूटने का दुष्प्रभाव केवल नवदंपति पर ही नहीं पड़ता, वरन परिवार और समाज पर भी दिखने लगा है। वर्तमान समय में अधिकांश शादियां लव-कम-अरेंज ही हो रही हैं। इसमें लड़का-लड़की व परिवार की पूर्ण सहमति भी होती है, लेकिन लाख टके का सवाल यह कि विवाह को प्रमुख संस्कार मानने वाले देश में बढ़ते अलगाव (तलाक) का मूल कारक क्या? ऐसा क्या हो रहा कि आज के अधिकांश जोड़े कुछ दिन दांपत्य जीवन बिताने के बाद अलग होने का निर्णय लेने लगे हैं? भारत में यह स्थति केवल शहरों में ही नहीं है, बल्कि गांवों में भी खूब दिखने लगी है।

आज भारत में तलाक की दर कुल जनसंख्या का करीब एक प्रतिशत है, लेकिन जिस देश में संस्कारों, सद्भावों, संस्कृतियों व परंपराओं को उच्च श्रेणी में रखा जाता हो, जो देश अपने आदर्शों व मूल्यों के लिए विश्व विख्यात हो, वहां तलाक के बढ़ते मामले किसी त्रासदी से कम नहीं हैं। टूटती शादियां समाज के विघटन का सबसे बड़ा कारण बन सकती हैं। यह भारत की सामाजिक संरचना के लिए अशुभ संकेत भी है।

मजबूत वैवाहिक संबंध के लिए प्रेम, विश्वास, सामंजस्य, सम्मान, सहयोग, सकारात्मक संवाद और एक-दूसरे की बेहतर समझ दवा के मानिंद होती है। काम और निजी जीवन में संतुलन बनाकर खुशहाल जीवन जिया जा सकता है। कई लोग ऐसे जीवन का आनंद भी ले रहे हैं। आपसी प्रेम स्वार्थ की भावना का त्याग कर अपने जीवन की बगिया महकाने वाले दंपति और परिवार भी भारत में खूब हैं। विवाह दो व्यक्तियों का साथ नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक व भावनात्मक यात्रा भी है, जिसमें पति-पत्नी एक-दूसरे के सहयोगी बनकर जीवन की बगिया महकाते हैं, लेकिन वर्तमान में कुछ ऐसे कारक भी हैं, जिसने वैवाहिक जीवन को जहरीला बना रखा है।

पति-पत्नी के मध्य सकारात्मक संवाद का न होना और एक-दूसरे की भावनाओं को न समझना बड़ा कारण बनता जा रहा है। आज नव दंपति टीवी सीरियल और सोशल मीडिया से काफी प्रभावित हैं। वे शादी को लेकर दिवास्वप्न पाल रखे हैं। ये अपनी व्यक्तिगत आवश्यकताओं को इस कदर बढ़ा चुके हैं, जिसकी भरपाई हो ही नहीं पाती। विवाहोपरांत मायके और ससुराल वालों का उनके जीवन में बढ़ता दखल भी आग में घी डालने की भांति ही है। आज के जोड़ों में शक और अविश्वास की भावना प्रबल दिखने लगी है। धन से जुड़े मामलों में रोजाना की किचकिच, सोशल मीडिया के रील्स को देखकर सेलिब्रेटी मानिंद जीवन शैली अपनाने की चाह, नव दंपति के पुराने रिश्तों का सामने आ जाना, काम के दबाव व व्यस्त जीवन शैली के कारण एक-दूसरे को समय न दे पाना, अलग-अलग मूल्य और भांति-भांति के अपूर्णीय लक्ष्य भी टूटती शादियों के प्रमुख कारकों में से एक हैं।

टूटती शादियों का फैशन भारत के शहरों के अलावा गांवों में भी तेजी से पांव पसारने लगा है। सोशल मीडिया और फिल्मों ने वहां के नव दंपतियों को भी प्रभावित कर रखा है। वहां के समाज को भी तलाक के जिन्न ने अपनी आगोश में लेना शुरू कर दिया है। पिछली जनगणना (वर्ष 2011) के आंकड़ों को देखें तो भारत में करीब 19 लाख लोग तलाकशुदा थे। करीब 40 लाख पुरुष अपनी पत्नी से अलग रह रहे थे। उक्त जनगणना के आंकड़ों के सापेक्ष आज की बात करें तो तलाकशुदा लोगों की संख्या करीब एक करोड़ तक पहुंच गई है।

कानून मंत्रालय के एक आंकड़े के अनुसार वर्ष 2025 के मध्य तक तलाक के करीब 24 लाख मामले पेंडिंग हैं। देश में टूटती शादियों के संदर्भ में सामाजिक आधिकारिता मंत्रालय का आंकड़ा चौंकाने वाला है। मंत्रालय का कहना है कि देश के पारिवारिक न्यायालयों में तलाक के औसतन 6265 मामले रोजाना निस्तारित किए जा रहे हैं। इनमें सर्वाधिक वे हैं, जिनकी शादी को मात्र दो से चार साल ही हुए हैं। भारत में टूटती शादियां समाज के लिए गंभीर समस्या और अभिशाप हैं। इससे पारिवारिक ढांचा तो कमजोर हो ही रहा। सामाजिक विघटन का बड़ा कारण बनते दिख रहा है। खुशहाल जीवन उत्तम सामाजिक संरचना के लिए नव दंपतियों को आगे आना ही होगा। समाज के अलंबरदारों को ठोस और फलदायी कदम उठाना होगा।

बिना रोक-टोक के जीने की चाह ने सामाजिक मर्यादाओं की जद निर्धारित कर दी है। ऐसी जद, जिसमें समाज द्वारा निर्मित व्यवस्थाएं क्षीण होती जा रही हैं।

### आमने सामने



प्रदेश की आबादी 25 करोड़ है। इस हिसाब से 65% लोगों के नाम वोटर लिस्ट में होने चाहिए, जो करीब 16 करोड़ होता है। एसआईआर के बाद 12 करोड़ नाम आए हैं। यह चार करोड़ का गैप मिसिंग है। यह विरोधी नहीं, आपके अपने मतदाता हैं। सभी को बूथ लेवल पर सतर्क रहना होगा। -योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी

मुख्यमंत्री जी खुद कह रहे हैं कि जो चार करोड़ मतदाता एसआईआर के दौरान वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किए गए हैं, उनमें से 85-90% भाजपा के वोटर हैं। वोटर लिस्ट में साक्ष्यों के अभाव में हटाए गए 85-90% वोटर भाजपा के निकले, मतलब सारी गड़बड़ी भाजपा के वोटर कर रहे थे। -अखिलेश यादव, अध्यक्ष, सपा



# 50 से अधिक देशों से एफटीए पर बात



अमित नारायण
लेखक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ को हथियार की तरह इस्तेमाल किया है। वे टैरिफ के माध्यम से भारत, चीन समेत दुनिया के कई बड़े देशों को झुकाना चाहते हैं। जापान समेत कई देश टैरिफ के डर से झुके भी, लेकिन भारत ने न झुकने का फैसला किया, तो उसे ब्राजील और चीन का भी समर्थन मिला। परिणाम यह रहा कि अब डोनाल्ड ट्रंप खुद ही झुकने की स्थिति में खड़े हैं। उन्होंने इसके संकेत भी दे दिए हैं। भारत ने ट्रंप के टैरिफ की काट खोज ली है। सब कुछ सही रहा, तो अमेरिका टैरिफ को हथियार के रूप में कभी प्रयोग नहीं कर पाएगा, क्योंकि भारत लगातार कई देशों और समूहों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट कर रहा है। अब प्रधानमंत्री ओमान के दौरे पर जा रहे हैं, जहां दोनों देशों के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

भारत वर्तमान समय में 50 देशों के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर के लिए बातचीत कर रहा है। इन्हीं देशों में से एक ओमान से बातचीत का दौर पूरा हो चुका है। अब समझौता इसी माह हो जाएगा। ओमान से भारत कच्चा तेल, एलपीजी आदि की खरीद करता है, जबकि खाद्य सामग्री, मशीनरी, पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात वहां किया जाता है। इस एग्रीमेंट होने के बाद ओमान के बाजार में भारतीय सामान कपड़ा, जेम्स, ज्वेलरी, मशीनरी आदि की पहुंच आसान हो जाएगी। ये उत्पाद बिना किसी टैक्स के बिक सकेंगे। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 12 अरब डॉलर का है। अब इसे बढ़ाने की तैयारी है।

इसके साथ ही दोनों देशों के बीच कंप्रेहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट पर भी दस्तखत हो सकता है। इससे दोनों देशों के बीच व्यापार के साथ ही निवेश भी बढ़ेगा। भारतीय कंपनियों के लिए ओमान में निवेश के अवसर खुलेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री जार्डन और इथोपिया भी जाएंगे, जहां व्यापार समेत कई मुद्दों पर बात होनी है। भारत इस वक्त ट्रंप के टैरिफ की काट निकालने में जुटा हुआ है, इसलिए गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल, यूरोपियन यूनियन, दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संगठन, यूरेशियन यूनियन से एफटीए को लेकर बात कर रहा है। 27 देशों के समूह यूरोपियन यूनियन ने भारत से एफटीए को लेकर गहरी रुचि दिखाई है।

इस समूह में शामिल देश चाहते हैं कि भारत से एफटीए पर हस्ताक्षर हो, ताकि कारोबार आसान हो सके। गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल ने तो भारत के प्रस्ताव पर गहरी रुचि दिखाई है। इस काउंसिल में सऊदी अरब, यूएई, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन शामिल हैं। ओमान से एफटीए होने जा रहा है, जबकि अन्य समूह में शामिल अन्य देश भी इसके लिए तैयार दिख रहे हैं। भारत और यूएई के बीच पहले से एक व्यापार समझौता है। 10 देशों वाले दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन आशियन से भी भारत की बातचीत चल रही है। इस समूह में ब्रूनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं।

इन देशों से भारत का कारोबार तो हो रहा है, लेकिन एफटीए होने के बाद इन देशों के बाजारों में हमारे उत्पादों की पहुंच और आसान हो जाएगी। भारत सरकार की नजर पांच सदस्यों वाले साउथ अफ्रीकन कस्टम्स यूनियन और मर्कोसुर ग्रुप पर भी है। ये समूह भी भारत से एफटीए को लेकर बातचीत करने को तैयार हैं। इसके संकेत भी उन्होंने दिए हैं। साउथ अफ्रीकन कस्टम्स यूनियन में दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया, बोत्सवाना, लेसोथो और इस्वातिनी शामिल हैं, तो मर्कोसुर ग्रुप जो लैटिन अमेरिका में एक ट्रेडिंग ब्लॉक है, इसमें ब्राजील, अर्जेंटीना, उरुग्वे और पैराग्वे शामिल हैं। ये देश चाहते हैं कि भारत से कारोबार सुगम हो व उनके बाजार में भारतीय उत्पादों की पहुंच आसान हो। इन समूहों से भारत का एफटीए होने का मतलब है कि अमेरिका के टैरिफ रूपी हथियार की धार कुंद हो जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत की शाख हर क्षेत्र में तेजी से बढ़ी है। ऐसे में माना जा रहा है कि आने वाले साल में इन समूहों से आसानी से एफटीए पर हस्ताक्षर हो जाएगा। इसके बाद न सिर्फ मेक इन इंडिया मुहिम को गति मिलेगी, बल्कि भारतीय उत्पाद चीन जैसे देशों के उत्पादों की कीमतों से मुकाबला कर सकेंगे। भारत में रोजगार के अवसर तो खुलेंगे ही, संबंधित देशों में भारतीय कंपनियों को निवेश का अवसर भी ज्यादा मिलेगा। भारत की कोशिश ज्यादा से ज्यादा देशों से एफटीए पर हस्ताक्षर करने की तो है ही उन देशों और भारतीय मुद्रा में कारोबार करने की भी है।

भारत दौरे पर आए रूसी राष्ट्रपति ने तो भारतीय मुद्रा और रूसी मुद्रा में कारोबार जल्द ही शुरू करने के संकेत भी दे दिए हैं। उनका यह कदम अमेरिका के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ट ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए 50 फीसद टैरिफ के बाद आर्थिक विशेषज्ञों को यह लगा था कि भारतीय उद्योग चौपट होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भारत सरकार ने कुछ देशों के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर किया और चीन से भी अपने कारोबार को बढ़ाया। अफगानिस्ता से कारोबार में तेजी आई। वैसे अमेरिका से ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत अंतिम दौर में है। उम्मीद है कि अमेरिका जल्द ही अपनी जिद छोड़कर भारतीय हितों को ध्यान में रखते हुए करार कर लेगा।

भारत की कोशिश ज्यादा से ज्यादा देशों से एफटीए पर हस्ताक्षर कराने की तो है ही, उन देशों और भारतीय मुद्रा में कारोबार करने की भी है।

### सोशल फोरम

## बेटी के लिए मां 36 बरस तक बनी रही 'पिता'



एलसी सुथार
ब्लॉगर

मां ने खुद को पिता बना लिया। बेटी की सुरक्षा के लिए 36 साल तक पुरुष की तरह जीती रही तमिलनाडु की महिला। एक ऐसी इंसानी कहानी जो दिल छू ले। हिम्मत, त्याग और मां के प्रेम की सबसे अनोखी मिसाल। तमिलनाडु के थूतुकुडी जिले में रहने वाली पेसियम्मल की जिंदगी किसी फिल्म की कहानी से कम नहीं है। शादी के सिर्फ 15 दिन बाद ही उनके पति की मौत हो गई। उसी समय वे गर्भवती थीं और जिंदगी मानो अचानक खाली हो गई। एक युवा, अकेली और समाज की कठोर परिस्थितियों में घिरी महिला के सामने अपनी आने वाली बच्ची को सुरक्षित रखने की सबसे बड़ी चुनौती थी।

इसी मजबूरी ने उन्हें एक ऐसा फैसला लेने पर मजबूर किया, जिसे सुनकर कोई भी दंग रह जाए। उन्होंने अपना रूप, नाम और पहचान सब बदल दिया। पेसियम्मल मुथु बन गईं- एक पुरुष। उन्होंने पुरुषों के कपड़े पहनना शुरू किया। बाल छोटे रखे और दुनिया के सामने खुद को एक पुरुष के रूप में पेश किया। वजह सिर्फ एक, अपनी बेटी को एक सुरक्षित माहौल देना, जहां किसी की नज़र में वह अकेली और कमजोर न लगे।

मुथु के नाम और पहचान के साथ वे हर तरह के काम करती रहीं। होटल में काम, चाय की दुकान, मज़दूरी, निर्माण कार्य, जो भी मिला, किया। धीरे-धीरे सरकारी दस्तावेज़ भी इसी नई पहचान में बनते गए। आधार कार्ड, वोटर आईडी, राशन कार्ड- सबमें उनकी पहचान मुथु नाम के पुरुष की हो गई। इन 36 वर्षों में उनकी बेटी बड़ी हुई, पढ़ी-लिखी, सुरक्षित माहौल में पली-बढ़ी और आज अपनी जिंदगी में खुश है, शादीशुदा है, लेकिन पेसियम्मल ने जो रूप अपनाया था, वह आज भी उसी तरह कायम है।

अब जब बेटी सुरक्षित है, लोग पूछते हैं, क्या वे अब अपनी असली पहचान में लौटेंगी? उनका जवाब बेहद भावुक कर देने वाला होता है, "मैंने यह रूप अपनी बेटी के लिए लिया था और इसी रूप ने हमें सुरक्षित रखा। अब यह मेरी जिंदगी का हिस्सा बन चुका है।"

यह कहानी सिर्फ एक महिला की मजबूरी नहीं, बल्कि एक मां के अद्भुत साहस और उस समाज की सच्चाई भी है, जहां एक महिला को सुरक्षित रहने के लिए अपनी पहचान तक बदलनी पड़ती है

-फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## आस्ट्रेलिया में हुआ आतंकी हमला और वैश्विक चिंता



सुनील कुमार महला
स्वतंत्र पत्रकार

ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य के सिडनी में बोंडी बीच पर हमलावरों द्वारा अंधाधुंध गोलीबारी की घटना में इजरायली नागरिक समेत 16 लोगों की मौत हो गई है, वहीं 29 लोग घायल बताए जा रहे हैं। आस्ट्रेलिया पुलिस ने इसे आतंकी हमला करार दिया है। हनुक्का त्योहार मना रहे यहूदियों पर यह आतंकी हमला हुआ है। पुलिस गोलीबारी में एक हमलावर भी मारा गया है तथा दूसरा घायल बताया जा रहा है, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आस्ट्रेलिया भी कहीं न कहीं अन्य कई देशों की तरह आतंकवाद का शिकार है।

आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कैनबरा में पत्रकारों से कहा कि वह इस नरसंहार से बेहद दुखी हैं। उन्होंने कहा, "यह हनुक्का के पहले दिन यहूदी आस्ट्रेलियाई लोगों को निशाना बनाकर किया गया हमला है। यह यहूदी-विरोधी और आतंकी कृत्य है, जिसने आस्ट्रेलिया के दिल पर हमला किया है।" प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमले की निंदा करते हुए प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। साथ ही यह बात भी कही कि भारत आतंकवाद के प्रति 'शून्य सहिष्णुता' रखता है और इसके सभी रूपों व अभिव्यक्तियों के विरुद्ध लड़ाई का समर्थन करता है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि यह गोलीबारी सुनियोजित हत्या है। मैंने आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को चेतावनी दी थी कि उनके देश की नीतियां यहूदी-विरोध को बढ़ावा देती हैं। यहूदी-विरोधी भावना तब फैलती है जब नेता चुप रहते हैं। आपको कमजोरी दिखाने की जगह कार्रवाई करनी होगी।

ऑस्ट्रेलिया की लगभग 2.8 करोड़ आबादी में करीब 1.17 लाख यहूदी रहते हैं। सात अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा इज़रायल पर किए गए हमले के बाद ऑस्ट्रेलिया में यहूदी विरोधी घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। सरकार की विशेष दूत जिलियन सेगल के अनुसार, इन घटनाओं की संख्या तीन गुना से भी ज्यादा हो गई है, जिनमें हमले, तोड़फोड़, धमकियां और लोगों को डराने की घटनाएं शामिल हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि पिछली गर्मियों में सिडनी और मेलबर्न जैसे बड़े शहरों में हुए यहूदी विरोधी हमलों ने पूरे देश को झकझोर दिया था। खास बात यह है कि ऑस्ट्रेलिया की लगभग 85 प्रतिशत यहूदी आबादी इन्हीं शहरों में रहती है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने अगस्त में ऐसे दो हमलों के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया था और उसके साथ राजनयिक संबंध भी तोड़ दिए थे।

ऑस्ट्रेलिया में बड़े पैमाने पर गोलीबारी की घटनाएं आम नहीं हैं। 1996 में तस्मानिया के पोर्ट आर्थर में हुई भयावह गोलीबारी के बाद, जिसमें 35 लोग मारे गए थे, सरकार ने हथियार कानूनों (गन लॉ) को बेहद सख्त बना दिया था। इसके बाद आम लोगों के लिए बंदूक हासिल करना बहुत कठिन हो गया। इस सदी में गोलीबारी की गिनी-चुनी बड़ी घटनाओं में 2014 और 2018 के कुछ हत्या-आत्महत्या के मामले और 2022 में क्वींसलैंड में हुई एक गोलीबारी शामिल हैं। कुल मिलाकर, देश में हिंसा की घटनाएं कम हैं, लेकिन हाल के वर्षों में यहूदी विरोधी हमलों ने गंभीर चिंता पैदा की है।

आतंकवाद के मूल कारणों को समझकर उन्हें खत्म करने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। आतंकवादियों और आतंकवाद से निपटने के लिए केवल सैन्य कार्रवाई ही पर्याप्त नहीं है। शिक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय, वैचारिक जागरूकता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बेहद जरूरी हैं। जब तक आतंकवाद के मूल कारणों-जैसे कि गरीबी, कट्टरपंथ, भेदभाव और गलत प्रचार आदि पर प्रभावी ढंग से प्रहार नहीं किया जाएगा, तब तक इसका स्थायी समाधान संभव नहीं है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

आदिकाल में काशी में केवल तीन ही मंदिर थे, पहला काशी विश्वनाथ, दूसरा मां अन्नपूर्णा और तीसरा दुर्गा मंदिर। इसी में दुर्गा मंदिर वाराणसी मां दुर्गा की स्तुति के लिए महत्वपूर्ण स्थान है। मान्यता है कि असुर शुंभ और निशुंभ का वध करने के बाद मां दुर्गा ने यहां विश्राम किया था। कहा जाता है कि माता यहां पर आदि शक्ति स्वरूप में विराजमान करती हैं और यह मंदिर आदिकाल से है। कुछ लोग यहां तंत्र पूजा भी करते हैं। यहां पर स्थित हवन कुंड में हर रोज हवन किया जाता है। स्वामी विवेकानंद जी जब भी वाराणसी आते थे, तो इस मंदिर में अवश्य पधारते थे।





आचार्य टेकनारायण उपाध्याय
वरिष्ठ अर्चक श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर, वाराणसी

## मंदिर का इतिहास

वाराणसी के इस दुर्गा मंदिर का इतिहास युगों पुराना है। मंदिर का निर्माण काशी नरेश राजा सुबाहू के द्वारा कराया गया। मंदिर और इस स्थित कुंड के निर्माण के पीछे का कारण एक युद्ध था। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सहस्त्राब्दियों के पहले राजा सुबाहू ने अपनी पुत्री के विवाह के लिए स्वयंवर का आयोजन किया, लेकिन राजकुमारी ने स्वयंवर के पहले स्वप्न में अपना विवाह अयोध्या के राजकुमार सुदर्शन से होता हुआ देखा। राजकुमारी ने यह बात अपने पिता से बताई तो उन्होंने इसकी चर्चा स्वयंवर में आ चुके राजाओं से की। राजाओं ने इसे अपना अपमान समझा और सुदर्शन के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी। प्रयागराज में भारद्वाज ऋषि के आश्रम में रहकर शिक्षा ग्रहण करने वाले राजकुमार सुदर्शन ने राजाओं की चुनौती स्वीकार कर मां दुर्गा से विजय का आशीर्वाद मांगा। युद्ध भूमि में जब सुदर्शन युद्ध के लिए पहुंचा, तो खुद आदि शक्ति ने वहां पहुंचकर विरोधियों का वध कर डाला। इस भीषणतम युद्ध के कारण रक्त से एक कुंड निर्मित हो गया। यही कुंड दुर्गा कुंड कहलाया। मां दुर्गा ने खुद राजकुमारी का विवाह, सुदर्शन के साथ करने का आदेश दिया। इसके बाद राजा सुबाहू ने इस स्थान पर मां दुर्गा के दिव्य मंदिर का निर्माण कराया। कहा जाता है कि शुंभ और निशुंभ का वध करने के बाद भी मां दुर्गा ने इसी स्थान पर विश्राम किया था।

# आदिशक्ति का धाम

# काशी का दुर्गा कुंड मंदिर




## पौराणिक मान्यताएं

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जहां भी मां दुर्गा प्रकट होती हैं, वहां पर उनके प्रतीकों की उपासना की जाती है। यह स्थान भी उनमें से एक है। यहां मां दुर्गा के मुखौटे और चरण पादुका की प्राण-प्रतिष्ठा की गई है। वाराणसी का यह दुर्गा कुंड मंदिर बीसा यंत्र पर आधारित है। बीसा यंत्र का मतलब है 20 कोण वाली एक तांत्रिक संरचना, जिस पर इस दुर्गा मंदिर की नींव रखी गई है। इस मंदिर को तंत्र साधन के लिए भी जाना जाता है। नवरात्रि में चौथे दिन माता कुष्मांडा की पूजा की जाती है और इस दिन मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाता है।



## मंदिर की संरचना

वाराणसी के इस दुर्गा कुंड मंदिर का निर्माण प्रसिद्ध नागर शैली में हुआ है। लाल पत्थर से बने इस मंदिर की बनावट इतनी सुंदर है कि यहां दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु मंदिर देखकर ही मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। वैसे तो इस मंदिर का इतिहास युगों पुराना है, लेकिन वर्तमान दृश्य मंदिर की स्थापना सन् 1760 में बंगाल की रानी भवानी द्वारा की गई। उस समय मंदिर के निर्माण में 50000 रुपये से अधिक की लागत आई थी। मंदिर का वर्णन काशी खंड में भी मिलता है। मंदिर में मां दुर्गा के अलावा बाबा भैरोनाथ, महालक्ष्मी, महासरस्वती और महाकाली की मूर्तियां भी स्थापित हैं। मंदिर में मां दुर्गा के अनन्य भक्त एवं मंदिर के पुजारी को भी समर्पित स्थान प्राप्त है। मान्यताओं के अनुसार प्राचीन समय में मंदिर के पुजारी को मां दुर्गा का वरदान प्राप्त हुआ, तब से ही मंदिर में मां दुर्गा के साथ उस पुजारी के दर्शन भी किए जाते हैं। मंदिर परिसर में ही एक हवन कुंड भी है, जहां प्रतिदिन मां दुर्गा के लिए हवन किया जाता है।


## बीसा यंत्र पर स्थित है मंदिर

पौराणिक मान्यता के अनुसार, जहां माता स्वयं प्रकट होती हैं, वहां मूर्ति स्थापित नहीं की जाती। ऐसे मंदिरों में केवल चिह्न की पूजा की जाती है। दुर्गा मंदिर भी उन्हीं श्रेणियों में आता है। यहां माता के मुखौटे और चरण पादुका की पूजा की जाती है। काशी का दुर्गा मंदिर बीसा यंत्र पर आधारित है। बीसा यंत्र का मतलब बीस कोण की यांत्रिक संरचना, जिसके ऊपर मंदिर की आधारशीला रखी गई है।

पौराणिक कथा

# चौसर का षड्यंत्र: पांडवों पर दुर्योधन की चाल

एक दिन युधिष्ठिर ने अपने भाइयों से कहा कि वह युद्ध की संभावना को खत्म करने के लिए तेरह वर्षों तक किसी भी भाई या बंधु को बुरा-भला नहीं कहेंगे। उन्होंने यह भी संकल्प लिया कि वे हमेशा अपने भाइयों और बंधुओं की इच्छा के अनुसार कार्य करेंगे और ऐसा कुछ नहीं करेंगे, जिससे आपसी मनमुटाव पैदा हो। युधिष्ठिर की यह बातें उनके भाइयों को भी सही लगीं और उन्होंने तय किया कि वे झगड़े और फसाद का कारण नहीं बनेंगे। वहीं दूसरी ओर, राजसूय यज्ञ की भव्यता और पांडवों की यश-समृद्धि दुर्योधन के मन में ईर्ष्या और जलन पैदा कर रही थी। वह देख रहा था कि पांडवों के मित्र देश-राजा हैं और उनकी शक्ति और सम्मान लगातार बढ़ रहा है।



एक दिन दुर्योधन इसी चिंता और उदासी में अपने महल के एक कोने में खड़ा था कि उसका मामा शकुनि वहां आ गए। शकुनि ने पूछा कि वह इतना दुखी और चिंतित क्यों है? दुर्योधन ने उत्तर दिया कि पांडवों की संपन्नता देखकर उसका मन उदास है और जीवन का उत्साह कम हो गया है। शकुनि ने उसे सांत्वना दी और कहा कि पांडव उसके भाई ही हैं और उनके सौभाग्य पर जलन करना उचित नहीं है। उन्होंने समझाया कि पांडव केवल वही प्राप्त कर रहे हैं, जो उनका वैधानिक अधिकार है। साथ ही, दुर्योधन के पास भी द्रोणाचार्य, अश्वत्थामा, कर्ण और अन्य वीर साथी हैं, जो उसका समर्थन कर सकते हैं। शकुनि ने दुर्योधन को सुझाव दिया कि पांडवों पर विजय पाने के लिए युद्ध के बजाय चतुराई अपनाई जाए।

शकुनि ने दुर्योधन को युधिष्ठिर का कमजोर पक्ष बताया-चौसर का खेल। युधिष्ठिर को यह खेल पसंद था, लेकिन वह इसे अच्छी तरह नहीं खेल पाते थे। शकुनि ने योजना बनाई कि वे दुर्योधन की ओर से खेलेंगे और युधिष्ठिर को हराकर उसका राज्य और ऐश्वर्य बिना युद्ध के हासिल कर लिया जाएगा। दुर्योधन इस विचार से उत्साहित हो उठा और दोनों ने धृतराष्ट्र से पांडवों को खेल के लिए बुलाने की अनुमति मांगी। धृतराष्ट्र ने पहले तुरंत अनुमति देने से इंकार किया और कहा कि वे विदुर से भी सलाह लेंगे। उन्होंने चिंता जताई कि यह जुआ वंश के लिए नुकसानदायक हो सकता है। विदुर ने चेतावनी दी कि खेल से आपसी मनमुटाव और झगड़े-फसाद बढ़ेंगे, जिससे कुल में भारी विपदा आएगी, लेकिन दुर्योधन के आग्रह और पिता के पुत्रप्रेम के कारण धृतराष्ट्र ने आखिरकार युधिष्ठिर को खेल के लिए न्यौता भेजने की अनुमति दे दी और सभा मंडप बनाने का आदेश भी दिया।

इस प्रकार, युधिष्ठिर का निष्कलंक चरित्र और पांडवों का सौभाग्य दुर्योधन के मन में ईर्ष्या की आग भड़का गया। शकुनि की चतुराई और दुर्योधन की लालसा ने ऐसा षड्यंत्र रचा, जो भविष्य में महाभारत युद्ध की नींव बन गया। चौसर का यह खेल केवल मनोरंजन नहीं था, बल्कि यह योजना बनकर पांडवों के साम्राज्य और सत्ता पर कब्जा करने का माध्यम बन गया। - ***फीचर डेस्क***

बोधकथा

# किसी को चोट न लगे

मैं जब छोटी थी, तब उन दिनों गर्मी की छुट्टियों की बात ही कुछ और थी। तब मैं एक महीने पहले से ही मम्मी-पापा से गांव जाने के लिए पूछने लगती थी। एकाध बार तो मम्मी मेरे बार-बार पूछने की वजह से झल्ला जातीं और उसी झल्लाहट में मुझे डांट भी देती थीं, लेकिन तब पापा प्यार से गोद में लेकर बताते कि अगले हफ्ते हम सभी अपने गांव चलेंगे, बिटिया। यह सुनकर मैं खुश हो जाती।

फिर घंटों सोचने बैठ जाती कि इस बार गांव में क्या-क्या और कौन-कौन सी शरारत मुझे करनी है। जिस दिन गांव पहुंचती, उसी दिन से मेरी धमा-चौकड़ी शुरू हो जाती और घर के सभी बड़े कहते कि इसकी सारी आदतें लड़कों से मिलती हैं, लगता ही नहीं कि यह लड़की है। आखिर मैं परिवार की अकेली लड़की जो थी और बाकी सभी लड़के थे।

उन दिनों गर्मी की छुट्टियों में मुझे गिल्ली-डंडा खेलना सबसे ज्यादा पसंद था। मैं गिल्ली-डंडा ज्यादा देर तक खेल सकूं, इसके लिए मैं बेईमानी करने से भी बाज़ नहीं आती थी। लेकिन मम्मी को मेरा गिल्ली-डंडा खेलना बिल्कुल पसंद नहीं था। वह अक्सर मेरे गिल्ली-डंडा खेलने की वजह से झल्ला जाती थीं, क्योंकि उन्हें पता था कि दादा-दादी मेरा ही पक्ष लेंगे।

पर एक दिन मेरी गिल्ली सामने से आ रही पड़ोस की चाची की आंख में जा लगी और वह चीखती हुई बोलीं, "हाय! मार डाला रे, मेरी आंख फूट गई!" चाची के इस शोर-शराबे की वजह से अगल-बगल के लोगों के साथ ही उसके घर के लोग भी बाहर आ गए। और मैं मारे डर के थर-थर कांप रही थी। मेरी तो कुछ समझ में ही नहीं आ रहा था कि यह अचानक से कैसे हो गया। चाची की आँख से खून रिस रहा था। आंख फूलकर ऐसे ढक गई थी, जैसे इससे पहले वहां आंख थी ही नहीं। फिर मम्मी को मानो मौका मिल गया। उन्होंने ऐसी डांट लगाई कि मेरी घिग्घी बंध गई।



मैं चार-पांच दिन तक घर से निकली ही नहीं। एक दिन चाची खुद घर आईं और उन्होंने प्यार से मेरे कंधे पर हाथ रखते हुए कहा, "बिटिया, इसमें तुम्हारी कोई गलती नहीं।" उनके इतना कहते ही मेरी आंखों में आंसू आ गए। मैंने उनकी आंखों की तरफ देखा तो उनकी आंख पहले से ठीक थी, पर उसमें कुछ सूजन अब भी बाकी थी। उन्होंने गिल्ली मेरे हाथों में पकड़ाते हुए कहा, "तुम खूब गिल्ली-डंडा खेलो, लेकिन मैदान में, ताकि किसी को चोट न लगे।" उनके जाते ही मानो मेरे पैरों में पर लग गए हों और मैं झट गिल्ली-डंडे के साथ मैदान में जा पहुंची। जैसे ही मैं डंडे से गिल्ली को मारने वाली थी, वैसे ही मेरी बेटी सिम्मी ने आवाज़ लगाई— "मम्मी, मुझे कुछ खाने दे दो, बड़ी भूख लगी है।"

और मैं बिना डंडे से उस गिल्ली को मारे ही अपने वर्तमान में लौट आई।

–***रंगनाथ द्विवेदी***, *लेखक*

# रिश्ते में ब्रेकअप और ग्रहों का प्रभाव



आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
वास्तु विशेषज्ञ

लव-अफेयर में ब्रेकअप सिर्फ 'किस्मत खराब' होने से नहीं होता, ज्योतिष की भाषा में यह ग्रहों, भावों और चल रही दशा-महादशा का परिणाम होता है। कुंडली में प्रेम (5 वां भाव) और संबंध/साथी (7वां भाव) जब दबाव में आते हैं, तभी अच्छे-भले रिश्ते भी धीरे-धीरे या अचानक टूट जाते हैं।

## प्रेम और रिश्ते के मुख्य भाव

ज्योतिष में लव अफेयर को सीधे-सीधे दो भाव संचालित करते हैं, 5 वां और 7 वां। 5 वां भाव आकर्षण, रोमैंटिक फीलिंग, प्रस्ताव, पहली मुलाकात और दिल की धड़कनें दिखाता है, जबकि 7 वां भाव प्रतिबद्धता, पार्टनर की स्थिरता और लंबे समय की संगति को दर्शाता है। जब 5 वें भाव या उसके स्वामी पर अशुभ ग्रहों का दबाव हो, तो प्यार शुरू तो होता है, पर शादी तक टिक नहीं पाता और बीच में ही ब्रेकअप हो जाता है।

7 वां भाव और उसका स्वामी रिश्ते की गहराई, भरोसा, समझौते की क्षमता और शादी की संभावना बताते हैं। यदि 7 वां भाव, उसका स्वामी या शुक्र/चंद्र अशुभ प्रभाव में हों, तो या तो सही साथी नहीं मिलता, या मिलकर भी संबंध में स्थिरता नहीं आ पाती।

## कौन से ग्रह ब्रेकअप कराते हैं

- ब्रेकअप के मामले में ज्यादातर बार कुछ ग्रह बार-बार सामने आते हैं- शुक्र, मंगल, शनि, राहु, केतु और सूर्य।
- शुक्र : प्यार, आकर्षण, मोहब्बत की भाषा, सेंसुअलिटी और रिलेशनशिप की क्वालिटी का कारक है, कमजोर या पीड़ित शुक्र अक्सर प्रेम-विफलता देता है।
- मंगल : जोश, क्रोध, अहंकार, शारीरिक ऊर्जा और लड़ाई-झगड़े का ग्रह है, 5 वें या 7 वें भाव से जुड़कर अनबन और टकराव बढ़ाता है।
- शनि : दूरी, देरी, बोझ, जिम्मेदारी और ठंडापन लाता है, भावनाओं पर बर्फ डाल देता है, जिससे पार्टनर को उपेक्षा महसूस होती है।
- राहु : भ्रम, जुनून, ओब्सेशन और भ्रमित फैसले देता है, गलत व्यक्ति पर फोकस करवा सकता है या अवास्तविक उम्मीदें पैदा करता है।
- केतु : विरक्ति, अचानक दूरी, कट-ऑफ और बोरियत दिखाता है, एक समय बाद व्यक्ति को लगता है कि अब "कनेक्शन नहीं बचा।"




- सूर्य : अलगाव, ईगो और "मैं" की भावना बढ़ाता है, कई बार सूर्य की दशा या उसका 5 वें/7 वें भाव पर प्रभाव संबंध को अलगाव की ओर धकेल देता है।

## मुख्य ग्रहयोग

- कुछ विशिष्ट योग ऐसे हैं, जिनके चलते अच्छे रिश्ते भी टूटने लगते हैं। शुक्र पर शनि या राहु की कड़ी दृष्टि/संयोग : भावनात्मक ठंडापन, शक, गलतफहमियां और भरोसे की कमी ला सकता है, जिससे धीरे-धीरे दूरी और ब्रेकअप बनता है।
- शुक्र का 6, 8 या 12 वें भाव में होना : 6वां भाव झगड़े और कोर्ट-कचहरी, 8 वां भाव गहरी उलझन, धोखा या छुपी बातों और 12 वां भाव दूरी, त्याग या परदेसीपन का संकेत देता है, जिससे प्रेम जीवन में संघर्ष और टूटन बढ़ सकती है।
- 5 वें भाव या उसके स्वामी पर राहु-केतु, शनि या मंगल का दबाव, प्यार शुरू हो भी जाए, तो किसी न किसी वजह से रिश्ता बीच में टूट जाता है, खासकर तब जब शादी की बात आती है।
- मंगल-शुक्र का तीखा मेल और साथ में राहु/केतु : बहुत तेज आकर्षण, फिजिकल पास्शन और ईगो क्लैश, जो शुरुआत में रोमांचक लगता है, पर बाद में थकान और झगड़े में बदल जाता है।
- 5 वां, 7 वां, 6 वां, 8 वां, 12 वां भाव ज्यादातर लव-ब्रेकअप में यही पांच भाव सक्रिय पाए जाते हैं।
- 5 वां भाव : प्रेम की शुरुआत, क्रश, प्रपोज़ल, डेटिंग और दिल की खुशियां, इसकी कमजोरी से रिश्ते का "आरंभ" तो होता है, पर "अंजाम" अच्छा नहीं होता।
- 7 वां भाव : पार्टनर, लिव-इन, विवाह, सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया गया रिश्ता, इस पर चोट या पाप ग्रह का प्रभाव रिश्ते की नींव हिला देता है।
- 6 वां भाव : विवाद, झगड़े, कोर्ट-केस, ईगो बैटल, 6 वें भाव से जुड़ी दशा चलने पर छोटी बात भी केस या अलगाव तक जा सकती है।
- 8 वां भाव : गुप्त संबंध, धोखा, अचानक घटनाएं, मानसिक दुख, इस भाव की सक्रियता में रिलेशन में रहस्यों का खुलासा, धोखे का एहसास या अचानक ब्रेकअप संभव है।
- 12 वां भाव : दूरी, विदेश, अस्पताल, अकेलापन और त्याग, कई बार 12 वें भाव के प्रभाव से पार्टनर दूर देश चला जाता है, व्यस्त हो जाता है या मानसिक रूप से कट जाता है।

## बार-बार ब्रेकअप होने के कारण

- कुछ कुंडलियां ऐसी होती हैं, जहां एक रिश्ता नहीं, कई रिश्ते टूटते हैं।
- 5 वें और 7 वें दोनों भाव/स्वामी पर एक साथ पाप ग्रहों का बार-बार प्रभाव होना, जैसे राहु, केतु, शनि, मंगल की दृष्टि या संयोग। शुक्र और चंद्र दोनों कमजोर या पीड़ित हों, तो व्यक्ति या तो खुद भावनात्मक रूप से स्थिर नहीं होता या गलत लोगों को आकर्षित करता है।
- राहु के प्रभाव से व्यक्ति को आकर्षण बहुत तेजी से होता है, पर जब वास्तविकता सामने आती है, तो मोह भंग होने में देर नहीं लगती।
- चल रही दशा– भुक्ति ऐसे ग्रहों की हो, जो अलगाव, दूरी या संघर्ष के कारक हैं, जैसे सूर्य, शनि, राहु, 6 वें/8 वें/12 वें भाव के स्वामी आदि।

## कब होता है ब्रेकअप-दशा और गोचर

कुंडली में योग बनने के बाद वास्तविक ब्रेकअप अक्सर दशा और गोचर के समय होता है। जब 6 वां, 8 वां या 12 वां भाव सक्रिय दशा में आ जाए या उनके स्वामी की महादशा/अंतर्दशा चले, तो संबंध में तनाव बढ़कर टूटन तक जा सकता है।

राहु-केतु, शनि या सूर्य का गोचर 5 वें/7 वें भाव, उनके स्वामी या शुक्र-चंद्र पर आ जाए, तो वह समय विशेष रूप से संवेदनशील माना जाता है। परंपरा में ऐसे समय में मंत्र, दान, व्रत, पूजा और ज्योतिषीय उपायों की भी सलाह दी जाती है ताकि मन शांत रहे और निर्णय जल्दबाजी में न लिए जाएं। हर व्यक्ति की कुंडली अलग होती है, इसलिए असली, सटीक उपाय तो वही होता है, जो 5 वें, 7 वें भाव, शुक्र, चंद्र, राहु केतु, शनि और चल रही दशा को देखकर दिया जाए।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2550, राज श्री 1800, फ़ॉर्चून कि. 2245, रविन्द्रा 2445, फॉर्चुन 13 किग्रा 1975, जय जवान 1990, सचिन 2020, सूरज 1990, अवसर 1875, उजाला 1910, गृहणी 13 किग्रा 1870, क्लासिक (किग्रा) 2155, मोर 2185, चक्र टिन 2315, ब्लू 2100, आशीर्वाद मस्टर्ड 2330, स्वास्तिक 2505

**किराना :** हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 24500, लाल मिर्च 14000-18000, धनिया 9400-12000, अजवायान 13500-20000, मेथी 6000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 31000, (प्रतिकि.) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 840, किसमिस पीली 300-400, मखाना 800-1100

**चावल (प्रति कु.) :** डबल चाबी सेला 9600, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 4850, शर्बती स्टीम 5200, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 7400, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1किग्रा, 5 किग्रा ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8400, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350,लाडली 4000

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 12000-13400, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7350-9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8000-8800, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 10300, उड़द साबुत दिल्ली 9900, उड़द धोवा इंदौर 11800, उड़द धोवा 9800-10400,चना काला 7050, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7400, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7800, चना अकोला 6600, डबरा 6700-8800, सच्चा हीरा 8500, मोटा हीरा 9900, अरहर गोला मोटा 7700, अरहर पटका मोटा 8000, अरहर कोरा मोटा 8500, अरहर पटका छोटा 10000-10600, अरहर कोरी छोटी 11000

**चीनी :** पीलीभीत 4280, बहेड़ी 4220

## बिजनेस ब्रीफ

### व्हील्स ने जापान की टोपी इंडस्ट्रीज से समझौता

**नई दिल्ली।** व्हील्स इंडिया ने एल्युमीनियम मिश्र धातु के पहियों के डिजाइन, विकास एवं निर्माण के लिए जापान की टोपी इंडस्ट्रीज के साथ तकनीकी सहायता समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने सोमवार को कहा कि समझौते के तहत टोपी, व्हील्स इंडिया के कास्ट एल्युमिनियम व्हील व्यवसाय के डिजाइन एवं विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने के लिए तकनीकी जानकारी और इंजीनियरिंग सहायता प्रदान करेगी। व्हील्स इंडिया के प्रबंध निदेशक श्रीवत्स राम ने इसकी जानकारी दी।

### आईनॉक्स को मिला 102.3 मेगावाट का ठेका

**नई दिल्ली।** आईनॉक्स विंड को आदित्य बिरला रिन्यूएबल्स (एबीआरईएल) की अनुषंगी कंपनी एबीआरएल ईपीसी से 102.3 मेगावाट बिजली आपूर्ति का ठेका मिला है। प्रमुख पवन ऊर्जा समाधान प्रदाता कंपनी आईनॉक्स विंड ने सोमवार को कहा कि उसे कर्नाटक में एबीआरएल ईपीसी लिमिटेड द्वारा विकसित की जा रही परियोजनाओं के लिए अपने 3.3 मेगावाट के टर्बाइन की आपूर्ति का ठेका मिला है। आईनॉक्स विंड के सीईओ संजीव अग्रवाल ने इसकी पुष्टि की।

### वेकफिट के शेयर की धीमी शुरुआत

**नई दिल्ली।** घरेलू सामान एवं फर्नीचर बनाने वाली कंपनी वेकफिट इनोवेशन्स लिमिटेड के शेयर ने अपने निर्गम मूल्य 195 रुपये के मुकाबले सोमवार को बाजार में धीमी शुरुआत की। बीएसई पर शेयर ने निर्गम मूल्य के मुकाबले 0.46% की गिरावट के साथ 194.10 रुपये पर शुरुआत की। बाद में यह 9.10% टूटकर 177.25 रुपये पर आ गया। एनएसई पर मूल्य 195 रुपये के बराबर ही सूचीबद्ध हुआ।

# अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के करीब भारत

## वाणिज्य सचिव बोले- व्यापार समझौते की रूपरेखा तैयार करने और बीटीए पर कर रहे अलग-अलग वार्ताएं



नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि भारत और अमेरिका अपने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के बेहद करीब हैं और दोनों देश इस मामले में सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं। दोनों देश उच्च शुल्क से निपटने के लिए व्यापार समझौते की रूपरेखा तैयार करने और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर अलग-अलग वार्ताएं कर रहे हैं। अमेरिका के नए उप व्यापार प्रतिनिधि रिक स्विट्जर, वाणिज्यिक सचिव के साथ व्यापार वार्ता करने के लिए पिछले सप्ताह यहां पहुंचे थे। स्विट्जर की यात्रा के दौरान, दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार संबंधों पर गौर किया और समझौते एवं व्यापक बीटीए की बातचीत की प्रगति की समीक्षा की।

अग्रवाल ने कहा कि हम समझौते की रूपरेखा तैयार करने के बेहद करीब हैं, जिसे हम मानते हैं कि कम समय में पूरा किया जा सकता है। हालांकि मैं इसके लिए कोई समय सीमा नहीं बताना चाहूंगा। बीटीए पर और औपचारिक दौर की बैठकें होने की संभावना पर उन्होंने कहा कि अंतिम चरण की वार्ता में आमतौर पर ऐसे दौर की आवश्यकता नहीं होती है। सचिव ने बताया कि भले ही कोई औपचारिक दौर न हो लेकिन समापन के करीब पहुंचने तक भौतिक रूप से एवं ऑनलाइन माध्यमों से बैठकें होंगी। इसलिए, हम उस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और हम जितनी जल्दी हो सके, इसे करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। न्यूजीलैंड के साथ जारी वार्ता का उदाहरण देते हुए सचिव ने कहा कि जब हम एक ऐसे दौर में होते हैं, जहां कुछ मुद्दे या क्षेत्र सुलझाने बाकी होते हैं तो औपचारिक वार्ताओं का कोई दौर नहीं होता। न्यूजीलैंड के साथ हम वार्ता को अंतिम रूप देने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और हर दिन इस पर बात होती है। अग्रवाल ने कहा कि बातचीत का अंतिम चरण सबसे कठिन होता है, जहां शायद मुख्य अधिकारियों को सचिव या मंत्री स्तर पर निर्णय लेना पड़ता है।

### भारत से अमेरिका को नवंबर में निर्यात 22.6 प्रतिशत बढ़कर 7 अरब डॉलर पर

भारत से अमेरिका को वस्तुओं का निर्यात नवंबर में 22.61% बढ़कर 6.98 अरब डॉलर हो गया। अमेरिकी बाजार में भारतीय वस्तुओं पर 50% का भारी शुल्क लगाने के बावजूद यह वृद्धि हुई। इस महीने आयात 38.29% बढ़कर 5.25 अरब डॉलर हो गया। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान देश का अमेरिका को निर्यात 11.38% बढ़कर 59.04 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 13.49% बढ़कर 35.4 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि चुनौतियों के बावजूद निर्यात में सकारात्मक वृद्धि हुई। भारत पर लगाए गए शुल्क अन्य प्रतिस्पर्धियों की तुलना में 30% अधिक हैं। भारत चीन में भी अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। भारत का चीन को निर्यात नवंबर में 90.12% बढ़कर 2.2 अरब डॉलर हो गया। इसमें इलेक्ट्रॉनिक्स और इंजीनियरिंग वस्तुओं की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है।

### अमेरिका को महंगे बासमती चावल का निर्यात, डंपिंग का सवाल ही नहीं

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने भारत अमेरिका को मुख्य रूप से महंगे बासमती चावल का निर्यात करता है लिहाजा भारतीय चावल की अमेरिकी बाजार में डंपिंग करने का मामला ही नहीं बनता है। अग्रवाल ने नवंबर के व्यापार आंकड़ों पर कहा कि भारतीय चावल पर अमेरिका में पहले से ही 50% सीमा शुल्क लागू हैं। हम अमेरिका को बासमती चावल जीआई (भौगोलिक संकेतक) उत्पाद निर्यात करते हैं। हमारे कुल निर्यात का 80% से अधिक हिस्सा बासमती चावल का है। गैर-बासमती सफेद चावल का हमारा निर्यात कम है। अमेरिका में हमारे बासमती चावल की कीमतें सामान्य निर्यात कीमतों से अधिक हैं, लिहाजा डंपिंग का प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता है।

### भारत, ओमान समझौते पर हस्ताक्षर को तैयार

वाणिज्य सचिव ने कहा कि भारत और ओमान आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के मकसद से मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने को तैयार हैं। प्रधानमंत्री मोदी 17-18 दिसंबर को ओमान की यात्रा पर रहेंगे। इस समझौते को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले सप्ताह मंजूरी दी थी। ओमान खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के सदस्य देशों में भारत का तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। भारत का पहले से ही समूह के एक अन्य देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ इसी तरह का समझौता है, जो मई 2022 में लागू हुआ था।

### मतभेदों को दूर करने में लगे हैं भारत-यूरोपीय संघ

वाणिज्य सचिव ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत अब सबसे मुश्किल दौर में प्रवेश कर चुकी है और दोनों पक्ष मतभेदों को पाटने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास कर रहे हैं। अग्रवाल ने कहा कि यूरोपीय संघ की कार्बन सीमा समायोजन प्रणाली (सीबीएएम) से जुड़े मुद्दे पर भी बातचीत चल रही है। इस समय सबसे कठिन मुद्दों पर चर्चा हो रही है। निश्चित रूप से सीबीएएम भी चर्चा में है। भारत और ईयू के बीच व्यापार वार्ता का 16वां दौर इसी महीने नई दिल्ली में संपन्न हुआ।

### भारत ने मेक्सिको के साथ पीटीए का प्रस्ताव रखा

मेक्सिको के ऊंचे आयात शुल्क से घरेलू निर्यातकों को राहत दिलाने के लिए भारत ने इस दक्षिण अमेरिकी देश के साथ एक तरजीही व्यापार समझौते (पीटीए) का प्रस्ताव रखा है। शीर्ष सरकारी अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। मेक्सिको ने उन देशों से आयात होने वाले उत्पादों पर पांच से 50% तक आयात शुल्क लगाने का फैसला किया, जिनके साथ उसका मुक्त व्यापार समझौता नहीं है। यह शुल्क 1,463 श्रेणियों पर लागू होंगे और इनमें भारत, चीन, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया हैं। वाणिज्य सचिव ने कहा कि इस मुद्दे पर भारत ने मेक्सिको के साथ बातचीत शुरू कर दी है।

# निर्यात 19.37% बढ़ा व्यापार घाटा पांच माह में सबसे कम

- देश का आयात 1.88% घटकर 62.66 अरब डॉलर रहा
- सोना, कच्चा तेल, कोयला और कोक के आयात में गिरावट



नई दिल्ली, एजेंसी

देश का निर्यात अक्टूबर की गिरावट से उबरते हुए नवंबर में 19.37% बढ़कर 38.13 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस दौरान इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों का निर्यात बढ़ने से देश का व्यापार घाटा पांच महीने के निचले स्तर 24.53 अरब डॉलर पर आ गया।

वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को नवंबर के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि देश का आयात 1.88%घटकर 62.66 अरब डॉलर रहा। सोना, कच्चा तेल, कोयला और कोक के आयात में कमी से कुल आयात में गिरावट आई। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर में सोने का आयात 59.15% घटकर चार अरब डॉलर रहा, जबकि कच्चे तेल का आयात 11.27% घटकर 14.11 अरब डॉलर हो गया। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-नवंबर अवधि में निर्यात 2.62% बढ़कर 292.07 अरब डॉलर और आयात 5.59% बढ़कर 515.21 अरब डॉलर रहा। इस दौरान देश का कुल व्यापार घाटा 223.14 अरब डॉलर रहा।

### सोने का आयात 60% घटकर 4 अरब डॉलर पर

देश में सोने का आयात नवंबर में 60% घटकर चार अरब डॉलर रहा। वाणिज्य मंत्रालय से जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में सोने के आयात में तीन गुना की वृद्धि हुई थी। एक साल पहले नवंबर में सोने का आयात 9.8 अरब डॉलर था। नवंबर में चांदी के आयात में 125.40% की वृद्धि हुई और यह 1.07 अरब डॉलर पहुंच गया। चांदी का इस्तेमाल इलेक्ट्रॉनिक्स, वाहन एवं दवा जैसे क्षेत्रों में होता है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान सोने का कुल आयात 3.3% बढ़कर 45.26 अरब डॉलर रहा, जबकि गत वर्ष यह 43.8 अरब डॉलर था। अक्टूबर में सोने के आयात में वृद्धि हुई थी और यह 14.72 अरब डॉलर था।

### निर्यात के लिहाज से अच्छा रहा नवंबर

वाणिज्य सचिव ने कहा कि नवंबर में निर्यात ने अक्टूबर में हुए नुकसान की भरपाई की। नवंबर निर्यात के लिहाज से अच्छा रहा। इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग, रसायन, आभूषण और पेट्रोलियम उत्पाद जैसे क्षेत्रों ने निर्यात बढ़ाने में मदद की। पेट्रोलियम उत्पाद का निर्यात 11.65% बढ़कर 3.93 अरब डॉलर हो गया। चाय, कॉफी, लौह अयस्क, काजू, डेयरी, हस्तशिल्प, समुद्री उत्पाद और चमड़े के उत्पादों में भी सकारात्मक वृद्धि दर्ज हुई। पिछले महीने चावल, तिलहन, कालीन और प्लास्टिक के निर्यात में गिरावट आई। 25,060 करोड़ के निर्यात संवर्धन मिशन के लिए विस्तृत दिशानिर्देश तैयार करने का काम अंतिम चरण में है। यह कदम अमेरिकी शुल्क से निपटने को शायद पर्याप्त न हो। निर्यातकों को नकदी मुहैया कराने में राहत मिलेगी।

### उच्च शुल्क के बाद भी भारत रहा प्रमुख गंतव्य

निर्यातकों के राष्ट्रीय महासंघ फियो के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा कि अमेरिकी उच्च सीमा शुल्क के बावजूद भारत प्रमुख निर्यात गंतव्य बना रहा। निर्यात बाजारों का विविधीकरण और प्रमुख क्षेत्रों की मजबूती ने निर्यात वृद्धि को समर्थन दिया है। नवंबर में सेवा निर्यात का अनुमानित मूल्य 35.86 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल इसी महीने 32.11 अरब डॉलर था। चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों में कुल सेवा निर्यात 270 अरब डॉलर रहा, जबकि अप्रैल-नवंबर 2024 में यह 248.56 अरब डॉलर था।

# थोक महंगाई में 0.32% की गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

खाने का सामान, खनिज तेल आदि की कीमतों में कमी से थोक मुद्रास्फीति में नवंबर में गिरावट आई और यह शून्य से नीचे 0.32% रही। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में थोक महंगाई में गिरावट अक्टूबर के मुकाबले कम है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर में शून्य से नीचे 1.21 और नवंबर 2024 में 2.16% रही थी।

उद्योग मंत्रालय ने कहा कि खाद्य पदार्थों, खनिज तेल, कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, बुनियादी धातुओं के उत्पादन और बिजली आदि की कीमतों में कमी से थोक मुद्रास्फीति में गिरावट आई और यह शून्य से नीचे 0.32% रही। डब्ल्यूपीआई के अनुसार, नवंबर में खाद्य पदार्थों की महंगाई दर 4.16% रही जबकि अक्टूबर में यह 8.31% थी। सब्जियों की महंगाई दर 20.23% रही जो अक्टूबर में 34.97% थी। दालों की कीमतों में नवंबर में 15.21% की कमी आई जबकि आलू तथा प्याज की कीमतें क्रमशः 36.14 और 64.70% घटीं।

विनिर्मित उत्पादों में नवंबर में मुद्रास्फीति घटकर 1.33% हो गई जबकि अक्टूबर में 1.54% थी। ईंधन तथा बिजली की कीमतों की महंगाई दर 2.27% रही जो अक्टूबर में 2.55%थी। रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि थोक मुद्रास्फीति दर में गिरावट पर तेजी से अंकुश लगा है और यह उम्मीद से अधिक तेज है। यह अक्टूबर के 1.2% से घटकर नवंबर में 0.32% हो गई है। यह तुलनात्मक आधार प्रभाव, रुपये में गिरावट तथा कुछ जिंसों के दाम में तेजी को बताता है। भारतीय मुद्रा में और गिरावट, वस्तुओं की बढ़ती कीमतों और सब्जियों की कीमतों में बेमौसम वृद्धि के साथ-साथ कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बावजूद हमारा अनुमान है कि दिसंबर 2025 में थोक महंगाई में सालाना आधार पर 0.5% रहेगी...।



- डब्ल्यूपीआई आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर में शून्य से नीचे 1.21 और नवंबर 2024 में 2.16% थी

# डेटा सेंटर का पसंदीदा गंतव्य बनकर उभरा है भारतः गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि पर्याप्त बिजली उपलब्धता और 500 गीगावाट की राष्ट्रीय ग्रिड क्षमता से भारत डेटा सेंटर के लिए पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभर रहा है। गोयल ने ऊर्जा क्षेत्र पर आयोजित सम्मेलन में कहा कि देश में बिजली की कोई कमी नहीं है और बढ़ती मांग को पूरा करने की पूरी क्षमता मौजूद है।

उन्होंने कहा कि भारत की 500 गीगावाट की राष्ट्रीय ग्रिड दुनिया की सबसे बड़ी ग्रिडों में से एक है। गोयल ने कहा कि यूरोप के पास राष्ट्रीय ग्रिड नहीं है। और अमेरिका के पास भी राष्ट्रीय ग्रिड नहीं है। लेकिन भारत के पास राष्ट्रीय ग्रिड है। इसी कारण भारत डेटा सेंटर के लिए पसंदीदा गंतव्य है।



- केंद्रीय उद्योग मंत्री ने ऊर्जा क्षेत्र के सम्मेलन को किया संबोधित

आने वाले वर्षों में डेटा सेंटर और वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के विस्तार की योजनाओं के बीच यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लोगों, किसानों, उद्योग और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों की बिजली जरूरतें पूरी हों।

गोयल का यह बयान ऐसे समय में आया है जब गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन सहित कई वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों ने भारत में बड़ा निवेश करने में रुचि दिखाई है।

# डॉलर के मुकाबले रुपया 29 पैसे टूटकर निचले स्तर 90.78 पर

**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया सोमवार को 29 पैसे फिसल कर अबतक के सबसे निचले स्तर 90.78 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली के चलते रुपये में गिरावट आई। एक समय यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 90.80 तक आ गया था।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि जोखिम से बचने की धारणा और आयातकों की मजबूत डॉलर मांग ने निवेशकों की धारणाओं को और कमजोर किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 90.53 पर खुला, लेकिन बाद में फिसलते हुए कारोबार के दौरान 90.80 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया, जो उसके पिछले बंद भाव से 31 पैसे की गिरावट है। अंत में यह 29 पैसे टूटकर 90.78 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ।

# स्पॉट डोजी क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया

क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया में डोजीकॉइन एक ऐसा नाम है, जिसने शुरुआत के बाद गंभीर निवेशकों का ध्यान खींचा है। जब डोजीकॉइन को सीधे बाज़ार मूल्य पर खरीदा-बेचा जाता है, तो उसे स्पॉट डोजी कहा जाता है। स्पॉट ट्रेडिंग का मतलब है कि निवेशक वास्तविक डोजीकॉइन खरीदते हैं और उन्हें वॉलेट में रखते हैं, न कि किसी अनुबंध या भविष्य के सौदे के रूप में। इसकी सरल प्रक्रिया, कम तकनीकी जटिलता और लोकप्रियता के कारण स्पॉट डोजी नए निवेशकों के बीच तेज़ी से लोकप्रिय है। हालांकि, इसके साथ जोखिम भी जुड़े हुए हैं।

### फ्यूचर्स या मार्जिन ट्रेडिंग से अलग

स्पॉट डोजी से तात्पर्य स्पॉट मार्केट में की जाने वाली खरीद-फरोख्त से है। इसमें निवेशक मौजूदा बाज़ार मूल्य पर डोजीकॉइन खरीदते या बेचते हैं और लेनदेन तुरंत होता है। यह प्रक्रिया फ्यूचर्स या मार्जिन ट्रेडिंग से अलग होती है, जहां उधार या अनुबंधों के माध्यम से ट्रेड किया जाता है। स्पॉट डोजी को समझना उन लोगों के लिए आसान है जो क्रिप्टो में शुरुआती हैं।

### 2013 में मीम के रूप में हुई थी शुरुआत

डोजीकॉइन की शुरुआत 2013 में एक मीम के रूप में हुई थी, लेकिन समय के साथ-साथ इसकी एक मज़बूत कम्युनिटी बन गई। एलन मस्क जैसे प्रभावशाली व्यक्तियों के समर्थन और सोशल मीडिया की भूमिका ने डोजीकॉइन की कीमत में कई बार तेज़ उतार-चढ़ाव पैदा किया है। स्पॉट डोजी ट्रेडिंग में यही उतार-चढ़ाव निवेशकों के लिए अवसर और जोखिम दोनों लेकर आता है।



### लंबे समय तक होल्ड

स्पॉट डोजी का सबसे बड़ा लाभ इसकी पारदर्शिता है। निवेशक जानते हैं कि वे वास्तविक डोजीकॉइन खरीद रहे हैं, जिसे वे लंबे समय तक होल्ड कर सकते हैं या जब चाहें बेच सकते हैं। इसमें लिक्विडेशन का खतरा नहीं होता, जैसा कि फ्यूचर्स ट्रेडिंग में होता है। यही कारण है कि लंबी अवधि के निवेशक स्पॉट डोजी को अधिक सुरक्षित विकल्प मानते हैं।

### कीमतें खबरों पर आधारित

स्पॉट डोजी पूरी तरह जोखिम-मुक्त नहीं है। डोजीकॉइन की कीमतें अक्सर भावनाओं और खबरों पर आधारित होती हैं, जिससे अचानक गिरावट आ सकती है। बिना रिसर्च के निवेश करने पर नुकसान की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए स्पॉट डोजी में निवेश करने से पहले बाज़ार की समझ, सही एंट्री-एग्ज़िट रणनीति और जोखिम प्रबंधन आवश्यक है।

### एक संतुलित निवेश विकल्प

स्पॉट डोजी उन निवेशकों के लिए उपयुक्त है जो सरल तरीके से डोजीकॉइन में निवेश करना चाहते हैं और अत्यधिक लीवरेज के जोखिम से बचना चाहते हैं। सही जानकारी और धैर्य के साथ, स्पॉट डोजी एक संतुलित निवेश विकल्प साबित हो सकता है। साथ ही स्पॉट डोजी एक सुरक्षित निवेश होने के साथ ही जोखिमों से भी जुड़ा हुआ होता है।

# सोना 4,000 रुपये उछलकर 1.37 लाख प्रति 10 ग्राम

नई दिल्ली, एजेंसी

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोना 4,000 रुपये बढ़कर 1,37,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह कहा। शुक्रवार को 99.9% शुद्धता वाला सोना 1,33,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (अनुसंधान विश्लेषक जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय हाजिर बाजार में सोना के 4,350 डॉलर के स्तर की ओर बढ़ने के साथ ही घरेलू बाजार में तेज उछाल देखने को मिला। पीली धातु ने वैश्विक मजबूती को दर्शाते हुए तेज बढ़त के साथ एक नया सर्वकालिक उच्च स्तर छू लिया। इससे पहले 17 अक्टूबर को सोना 1,34,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया था। यह तेजी सुरक्षित निवेश की मांग और इस सप्ताह जारी होने वाले अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों को लेकर बनी उम्मीदों के कारण आई है। अब ध्यान अमेरिकी वृहत आर्थिक संकेतों पर है, जिससे अस्थिरता ऊंची बनी रहने की संभावना है।

चांदी की कीमतें सभी करों सहित 1,99,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहीं।



- अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों और सुरक्षित निवेश की मांग से आई तेजी

# विदेशी निकासी, रुपये में कमजोरी से सेंसेक्स गिरा

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 54 अंक की गिरावट रही जबकि निफ्टी 20 अंक के नुकसान में रहा। विश्लेषकों के मुताबिक, डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर बनी अनिश्चितता ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया।

सेंसेक्स 54.30 अंक फिसलकर 85,213.36 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी 19.65 अंक की गिरावट के साथ 26,027.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, टाइटन और एचडीएफसी बैंक नुकसान में रहीं। हिंदुस्तान यूनिलीवर, ट्रेंट, एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स व टाटा स्टील लाभ में रहे।

प्रतिक्रिया

लोकसभा में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणी पर केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने विपक्ष को दिया जवाब

# उच्च वृद्धि दर साबित करते हैं हमारी अर्थव्यवस्था सबसे तेज

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को देश की 8.2% की आर्थिक वृद्धि और रेटिंग में सुधार का हवाला देते हुए कहा कि अगर भारत एक 'मृत अर्थव्यवस्था' होता तो ऐसे संभव नहीं होता। लोकसभा में विपक्षी सदस्यों द्वारा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत को मृत अर्थव्यवस्था कहने वाले बयान पर सरकार की प्रतिक्रिया मांगे जाने पर वित्त मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है, जिसने सितंबर तिमाही में 8.2% की वृद्धि दर्ज की है।

मंत्री ने कहा कि 10 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था बाहरी कमजोरियों से बाहरी मजबूती की ओर बढ़ी है। सीतारमण ने 2025-26 के लिए अनुपूरक अनुदान मांगों पर चर्चा के जवाब में कहा कि हर संस्था इस साल और आने वाले साल के लिए हमारी वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ा रही है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की ओर से भारत की वृद्धि को मान्यता देने की स्पष्ट बातें सामने आई हैं। कोई भी मृत अर्थव्यवस्था डीबीआरएस, एसएंडपी और आरएंडआई जैसी एजेंसियों से क्रेडिट रेटिंग में सुधार हासिल नहीं कर सकती। वित्त मंत्री ने वैश्विक एजेंसियों के आंकड़ों और रेटिंग सुधार का हवाला देते हुए इस टिप्पणी को खारिज किया। उन्होंने कहा कि आज अर्थव्यवस्था कमजोरी से मजबूती की ओर बढ़ चुकी है। किसी के कुछ कह देने पर, चाहे वह व्यक्ति कितना ही महत्वपूर्ण क्यों न हो, हमें उसे आंख बंद करके मानना नहीं चाहिए। हमें देश के भीतर उपलब्ध आंकड़ों और बाहर से आने वाले आंकड़ों पर भरोसा करना चाहिए। आंकड़ों पर भरोसा कीजिए।



लोकसभा में भाषण देतीं निर्मला सीतारमण।

### कोई मृत अर्थव्यवस्था 8.2% की दर से बढ़ सकती

सीतारमण ने कहा कि क्या कोई मृत अर्थव्यवस्था 8.2% की दर से बढ़ सकती है? क्या किसी मृत अर्थव्यवस्था की क्रेडिट रेटिंग में सुधार हो सकता है? भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले सप्ताह 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7.3% कर दिया, जो पहले 6.8% था। भारत ने सितंबर तिमाही में 8.2% और जून तिमाही में 7.8% की वृद्धि दर्ज की। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा भारत के राष्ट्रीय खातों, जिनमें जीडीपी और सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) के आंकड़े शामिल हैं, को 'सी' ग्रेड दिए जाने पर वित्त मंत्री ने कहा कि भारत की समग्र रेटिंग मध्य स्तर की 'बी' ही बनी हुई है। उन्होंने कहा कि आईएमएफ ने आधार वर्ष पुराना होने की बात कही है और इसे संशोधित करने की जरूरत बताई है।

### आईएमएफ ने समग्र सांख्यिकी के लिए दिया 'बी' ग्रेड

सीतारमण ने कहा कि यह कहना कि आईएमएफ ने भारत की रेटिंग घटाई है, सदन को गुमराह करना है। इस साल आईएमएफ ने समग्र सांख्यिकी के लिए भारत को 'बी' ग्रेड दिया है। उन्होंने कहा कि महामारी के बावजूद भारत लगातार चौथे साल दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। वित्त मंत्री ने कहा कि कोविड के बाद भारत का कर्ज-जीडीपी अनुपात बढ़कर 61.4% हो गया था, लेकिन केंद्र सरकार इसे 2023-24 तक घटाकर 57.1% पर लाने में कामयाब रही। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष के अंत तक यह आंकड़ा और घटकर 56.1 प्रतिशत रह जाएगा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ह्यूस्टन में मनाया गया दिवाली उत्सव

**ह्यूस्टन।** यूनेस्को की सांस्कृतिक विरासत सूची में दिवाली को शामिल किए जाने के उपलक्ष्य में यहां भारतीय मिशन में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। पिछले सप्ताह आयोजित इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और एक लाइट शो शामिल था। इस समारोह में भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्यों प्रतिनिधियों ने भाग लिया। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर और अन्य संगठनों के सहयोग से समारोह का आयोजन किया।

### कोलंबिया में बस हादसे में 17 की मौत

**मेक्सिको सिटी।** कोलंबिया के उत्तर-पश्चिमी प्रांत एंटीओक्विया में रविवार को एक बस के खड्ड में गिर जाने से कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, यह बस कैरिबियन क्षेत्र के पर्यटक शहर टोलू से चली थी और भ्रमण पर गए बच्चों को लेकर लौट रही थी। एंटीओक्विया के गवर्नर आंद्रेस जूलियन रेंडन ने कहा कि यह दुर्घटना एंटीओक्विया के रेमेडियोस नगर पालिका में हुई।

### पाकिस्तान ने किया मिसाइल का परीक्षण

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी नौसेना ने सोमवार को उत्तरी अरब सागर में लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के मीडिया विभाग ने कहा कि पाकिस्तानी नौसेना के जहाज ने फायरपावर प्रदर्शन के दौरान हवाई गतिशील लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से निशाना बनाया।

### चेक गणराज्य में नई गठबंधन सरकार

**प्राग।** चेक गणराज्य में आंद्रेज बाबिस के नेतृत्व वाली नई चेक गठबंधन सरकार ने सोमवार को पद की शपथ ली। नई सरकार ने यूक्रेन को समर्थन देने से दूरी बनाकर एक निश्चित नीतिगत बदलाव और यूरोपीय संघ की प्रमुख पहलों के प्रति संदेहपूर्ण रुख अपनाने का संकेत दिए हैं। राष्ट्रपति पेट्र पावेल ने प्राग कैसल में नये मंत्रिमंडल को पद की शपथ दिलाई।

### आज इजराइल पहुंचेंगे विदेशमंत्री जयशंकर

**यरुशलम।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर मंगलवार को इजराइल पहुंचेंगे, जहां वह देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। जयशंकर अपनी संक्षिप्त यात्रा के दौरान राष्ट्रपति आइजेक हर्जोग व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे और अपने समकक्ष गिदोन सार के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे।

# थाईलैंड में लूथरा बंधुओं के केस पर सुनवाई संभव

- नाइटक्लब आग मामले में दोनों की फुकेट में हुई थी गिरफ्तारी

**बैंकॉक, एजेंसी**

गोवा के जिस नाइटक्लब में छह दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हुई थी, उसके सह-मालिकों गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा से जुड़े मामले की थाईलैंड की अदालत में सुनवाई होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, मामले में आगे की कार्रवाई को लेकर बैंकॉक की एक अदालत द्वारा फैसला किए जाने की संभावना है।

उत्तर गोवा के अरपोरा में स्थित बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब के सह-मालिक लूथरा बंधु आग लगने की घटना के तुरंत बाद थाईलैंड के फुकेट चले गए थे। उनके खिलाफ इंटरपोल का ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। भारतीय दूतावास के हस्तक्षेप के बाद थाईलैंड के प्राधिकारियों ने 11 दिसंबर को फुकेट में लूथरा बंधुओं को हिरासत में लिया। भारतीय मिशन इस मामले में थाईलैंड सरकार के लगातार संपर्क में है। यहां भारतीय दूतावास के सूत्रों के अनुसार, दोनों भाइयों से जुड़े सभी प्रासंगिक दस्तावेज आधिकारिक कानूनी माध्यमों से हस्तांतरित कर दिए गए हैं। संकेत मिलता है कि केस की सुनवाई बैंकॉक की एक अदालत में होने की संभावना है।

## नौसेना को और ताकतवर बनाएगा

भारतीय नौसेना 17 दिसंबर को गोवा के आईएनएस हंस में अपने दूसरे एमएच 60 आर हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन, आईएनएएस 335 -ऑस्प्रे का जलावतरण करेगी। इस अवसर पर नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी भी उपस्थित रहेंगे। स्क्वाड्रन के नौसेना में शामिल होने से भारतीय नौसेना के अभिन्न विमानन क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा। यह हेलीकॉप्टर नौसेना की आंख, नाक, कान बनकर लंबी दूरी तक दुश्मन का सफाया करने में सक्षम हैं। इससे प्रशांत क्षेत्र में भारत की समुद्री युद्धक क्षमता और मजबूत होगी। इसे समुद्र में खुंखार शिकार और बाज की संज्ञा दी जाती है।

यह हेलीकॉप्टर नौसेना की निगरानी क्षमता को भी बढ़ाएगा और समुद्री अभियानों में निगरानी, पनडुब्बी रोधी युद्ध और सतह पर हमले जैसी भूमिकाओं को मजबूत करेगा।

## एमएचआर-60 आर हेलीकॉप्टर



### हर तरह के मौसम में कारगर

- एमएच-60आर हेलीकॉप्टर एक मल्टी-रोल प्लेटफॉर्म है जो पारंपरिक और नए दोनों तरह के खतरों से प्रभावी तरीके से निपटने में सक्षम है। यह हेलीकॉप्टर उन्नत हथियारों, सेंसर और अत्याधुनिक एवियोनिक्स सूट से लैस है, और पनडुब्बी रोधी युद्ध, सर्च एंड रेस्क्यू, मेडिकल इवैक्यूएशन में भी इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके अलावा, यह हेलीकॉप्टर हर मौसम में उड़ान समुद्री जहाजों से टेकऑफ और लैंडिंग कर सकता है और रात में भी ऑपरेशन चलाने में सक्षम है। इसके 2 जीई टी-700 इंजन हैं और इसकी 400+ नॉटिकल माइल रेंज इसे अजेय बनाती है।

### भारतीय नौसेना की क्षमता

- भारतीय नौसेना तटीय क्षेत्रों की रक्षा करने के साथ ही समुद्र के गहरे हिस्सों तक ताकतवर है। भारत के पास युद्धपोतों की संख्या 290 से अधिक है। जिसमें बड़े युद्धपोत, फ्रिगेट, कार्वेट आदि शामिल हैं। आईएनए विक्रांत और आईएनएस 2 एयरक्राफ्ट कैरियर्स हैं। ये फ्लोटिंग एयरबेस हैं जो समुद्र में शक्ति प्रोजेक्ट कर सकते हैं। लगभग 13 डेस्टॉयर्स, कई फ्रिगेट, 18 से ज़्यादा सबमरीन और उन्नत पनडुब्बी-रोधी हेलीकॉप्टर हैं। भारत की नौसेना अपने हेलीकॉप्टर, समुद्री विमान और पनडुब्बी रोधी क्षमताओं को भी लगातार मजबूत कर रही है।

### पाकिस्तानी नौसेना की ताकत

- पाकिस्तान के पास करीब 120-130 युद्धक जहाज हैं। कोई एयरक्राफ्ट कैरियर और डेस्टॉयर्स भी नहीं हैं। पाकिस्तान के पास सीमित संख्या में सबमरीन और फ्रिगेट्स हैं, ये आमतौर पर तटीय रक्षा तथा घातक हमला-पर्यटन भूमिका में ज़्यादा उपयोग होते हैं। पाकिस्तान आधुनिक मिसाइल सिस्टम और समुद्री रक्षा तकनीक में निवेश कर रहा।

### अमेरिका निर्मित हैं ये हेलीकॉप्टर

- एमएच-60आर हेलीकॉप्टर का निर्माण अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन ने किया है। यह एक बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर है जो पनडुब्बी रोधी युद्ध, दुश्मन जहाजों से मुकाबला, निगरानी और खोज-बचाव जैसे अभियानों में बेहद कारगर है। भारतीय नौसेना के पास इसका एक स्क्वाड्रन पहले से है। एक स्क्वाड्रन में लगभग 18 विमान होते हैं। भारत और अमेरिका के बीच 24 एमएच-60आर हेलीकॉप्टरों के लिए 7,995 करोड़ रुपये का समझौता फरवरी, 2020 में हुआ था। स्पेयर पार्ट्स, तकनीकी मदद, प्रशिक्षण और भारत में मरम्मत की सुविधाएं दी जाएंगी।

# आतंकवाद के खिलाफ साथ मिलकर लड़ेंगे भारत-जॉर्डन

## मोदी व जॉर्डन के शाह ने द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की, वैश्विक मुद्दों पर विचार रखे

- प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता से पहले आमने-सामने की बैठक हुई

**अम्मान, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला द्वितीय इब्न अल हुसैन ने सोमवार को यहां मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की तथा पारस्परिक महत्व के क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और जॉर्डन आतंकवाद के खिलाफ साझा और स्पष्ट रुख रखते हैं।

अब्दुल्ला द्वितीय के निमंत्रण पर मोदी दो दिवसीय यात्रा पर जॉर्डन पहुंचे। शाह ने मोदी का हुसैनीया पैलेस में गर्मजोशी से स्वागत किया, जहां प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता से पहले दोनों के बीच आमने-सामने की बैठक हुई। दोनों पक्षों ने अपनी साझेदारी को और गहरा करने पर सहमति जताई, विशेष रूप से व्यापार और निवेश, रक्षा-सुरक्षा, आतंकवाद-रोधी तथा कट्टरपंथ-उन्मूलन, उर्वरक एवं कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा तथा पर्यटन के क्षेत्रों में। दोनों नेताओं ने आतंकवाद के खिलाफ अपने एकजुट रुख की पुनः पुष्टि की। मोदी ने कहा, हमें उम्मीद है कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता कायम होगी। आतंकवाद के खिलाफ हमारी साझा और स्पष्ट सोच है। आपके नेतृत्व में जॉर्डन ने आतंकवाद, चरमपंथ और कट्टरपंथ के खिलाफ दुनिया को एक मजबूत और रणनीतिक संदेश दिया है। उन्होंने क्षेत्र में स्थायी शांति हासिल करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के प्रति भारत के समर्थन की पुनः पुष्टि की। अब्दुल्ला द्वितीय ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के प्रति मजबूत समर्थन व्यक्त किया और सभी तरह के आतंकवाद की निंदा की।



जॉर्डन के अम्मान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उनके समकक्ष जाफर हसन (दाईं ओर) ने औपचारिक स्वागत किया।

### गाजा मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी ने शाह अब्दुल्ला की भूमिका को सराहा

प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद, चरमपंथ और कट्टरपंथ से निपटने में शाह अब्दुल्ला द्वितीय के नेतृत्व तथा इन बुराइयों के खिलाफ वैश्विक संघर्ष में उनके योगदान की सराहना की। प्रधानमंत्री ने गाजा मुद्दे पर शाह अब्दुल्ला द्वितीय की सक्रिय और सकारात्मक भूमिका की सराहना की। मोदी ने याद किया कि 2018 में शाह अब्दुल्ला द्वितीय की भारत यात्रा के दौरान वह इस्लामी विरासत पर आयोजित एक सम्मेलन में शामिल हुए थे। प्रधानमंत्री मोदी ने शाह अब्दुल्ला द्वितीय से कहा कि आपके प्रयास न केवल क्षेत्रीय शांति, बल्कि वैश्विक शांति के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि हमारी पहली मुलाकात भी 2015 में संयुक्त राष्ट्र के इतर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान हुई थी, जिसका जोर हिंसक चरमपंथ का मुकाबला करने पर था। उस समय भी आपने इस विषय पर प्रेरणादायी विचार रखे थे। मोदी ने कहा कि भारत और जॉर्डन इस दिशा में मिलकर आगे बढ़ते रहेंगे तथा आपसी सहयोग के सभी अन्य आयामों को और मजबूत करेंगे।

# बदल रहीं अमेरिका की प्राथमिकताएं, यूरोप को अब बनाना होगा अपना नाटो : मेलोनी

- इटली की प्रधानमंत्री ने कहा-अब अपनी रक्षा खुद करनी होगी

**रोम, एजेंसी**

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा है कि यूरोप को अब अपना नाटो बनाना चाहिए क्योंकि अब अमेरिका की प्राथमिकताएं बदलती जा रही हैं।

उन्होंने यहां अपनी पार्टी की वार्षिक अत्रेजू रैली में रविवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी यूरोप से हाथ खींचने की अपनी मंशा ज़ाहिर कर दी है इसलिये यूरोप को अपनी रक्षा की तैयारी खुद करनी चाहिये। मेलोनी ने कहा कि ट्रंप ने बहुत ज़ोर देकर कहा है कि अमेरिका अलग होना चाहता है। इसलिये यूरोप को अपनी रक्षा के लिए खुद को संगठित करना होगा।



हमने 80 सालों तक अपनी सुरक्षा अमेरिका के हवाले कर दी, यह सोचकर कि यह मुफ़्त है, लेकिन इसकी एक कीमत चुकानी पड़ी। उस कीमत को 'शर्तें' कहते हैं। आज़ादी की एक कीमत होती है। मेलोनी की ये टिप्पणियां यूरोपीय संघ और ट्रंप प्रशासन के बीच चल रहे तनाव के बीच आई हैं।

उन्होंने एक मज़बूत यूरोपीय रक्षा ढांचे की मांग की जो वैश्विक शक्तियों के साथ बराबरी के आधार पर जुड़ सके। उन्होंने कहा कि हमने ऐसे समय में अपनी रक्षा और सुरक्षा क्षमता को मज़बूत करने की ज़रूरत के बारे में बात की है, जब किसी और ने नहीं की थी। हमने ऐसे समय पर यूरोपीय नाटो बनाने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया, जो अमेरिकी नाटो के बराबर ताकत और सम्मान वाला हो।

## तेल अवीव विवि में की जाएगी भारत पीठ की स्थापना

**तेल अवीव।** भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करते हुए, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद और तेल अवीव विश्वविद्यालय (टीएयू) के बीच सोमवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिसके तहत इस शैक्षणिक संस्थान में एक भारत पीठ की स्थापना की जाएगी। इजराइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह और तेल अवीव विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रोफेसर एरियल पोराट ने औपचारिक रूप से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

## हॉलीवुड निर्देशक रॉब रेनर और उनकी पत्नी की हत्या

- मामले में बेटा मुख्य संदिग्ध पुलिस कर रही पूछताछ

**लॉस एंजिल्स, एजेंसी**

हॉलीवुड के जाने-माने फिल्म निर्माता और अभिनेता रॉब रेनर और उनकी पत्नी, मिशेल सिंगर रेनर, लॉस एंजिल्स स्थित अपने घर में मृत पाए गए हैं। पीपल पत्रिका और लॉस एंजिल्स अग्निशमन विभाग ने रविवार को यह जानकारी दी। दमकलर्मियों ने रेनर के घर से दो व्यक्तियों के शव मिलने की सूचना दी।

टीएमजेड पोर्टल के अनुसार, दोनों पीड़ितों के शरीर पर छुरा घोपने के निशान मिले जो गहरे कटे हुये थे। पत्रिका के अनुसार, इस हत्या के मामले में दंपति के बेटे निक रेनर मुख्य संदिग्ध हैं, जिसका नशीली दवाओं के दुरुपयोग का एक लंबा इतिहास रहा है। पुलिस ने फिलहाल इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है लेकिन निक रेनर से पूछताछ की जा रही है। रॉब रेनर ने 1960 के दशक में अपने अभिनय करियर की शुरुआत की और बाद में एक निर्देशक के रूप में प्रभावशाली पहचान बनाई।

# पंजाब पुलिस ने दो आतंकियों को दबोचा

- अंतराज्यीय अभियान के तहत दोनों की मुंबई हुई गिरफ्तारी

**चंडीगढ़, एजेंसी**

गैंगस्टर से आतंकी बने दो लोगों को केंद्रीय एजेंसियों की सहायता से चलाए गए अंतरराज्यीय अभियान में मुंबई में गिरफ्तार किया गया। दोनों विदेश से अपनी गतिविधियां संचालित करते थे और पंजाब में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने का प्रयास कर रहे थे।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने कहा कि साजन मसीह और मनीष बेदी आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा और गैंगस्टर हैप्पी पासियन के महत्वपूर्ण सहयोगी हैं। रिंदा पाकिस्तान में है जबकि पासियान अमेरिका में हिरासत में है। डीजीपी ने एक्स पर कहा कि आतंकवाद और संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई में गैंगस्टर से आतंकी बने दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। वे दुबई और आर्मेनिया सहित विदेश से अपनी गतिविधियों का संचालन करते थे और पंजाब में आपराधिक और आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने का प्रयास कर रहे थे।

वीडियो संदेश में डीजीपी ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों के सहयोग से चलाए गए खुफिया और अंतरराज्यीय अभियान में मसीह और बेदी को मुंबई से गिरफ्तार किया गया। मसीह गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक का रहने वाला है, जबकि बेदी अमृतसर का निवासी है। दोनों दुबई से आर्मेनिया चले गए थे और उन्होंने कुछ अन्य देशों में भी अपना ठिकाना बनाया था। उन्होंने कहा कि दोनों पाकिस्तान स्थित और आईएसआई समर्थित हरविंदर सिंह रिंदा और अमेरिका में हिरासत में लिए गए (गैंगस्टर) हैप्पी पासियन के महत्वपूर्ण सहयोगी थे। हत्याओं, जबरन वसूली, डेरा बाबा नानक, बटाला में हुए हमलों और अमृतसर में हुए ग्रेनेड हमलों सहित कई अपराधों में संलिप्तता रही है।

## जिम्मी लाई राष्ट्रीय सुरक्षा मामले में दोषी करार

**हांगकांग।** हांगकांग की मशहूर मीडिया हस्ती रहे और बीजिंग के मुखर आलोचक जिम्मी लाई को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े एक ऐतिहासिक मामले में सोमवार को शहर की अदालत ने दोषी ठहराया। सरकार द्वारा नियुक्त तीन न्यायाधीशों ने 78 वर्षीय लाई को राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने के लिए विदेशी ताकतों के साथ मिलीभगत करने और राजद्रोहपूर्ण लेख प्रकाशित करने की साजिश रचने का दोषी पाया। लाई ने खुद को निर्दोष बताया है। सजा के संबंध में फैसला बाद में सुनाया जाएगा।

# आतंकवादी हमले में मरने वालों की संख्या 15 हुई

- ऑस्ट्रेलिया में बंदूक से जुड़े कानून सख्त करेगी सरकार

**सिडनी, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया में न्यू साउथ वेल्स की राजधानी सिडनी के बोंडी बीच पर हुए आतंकवादी हमले में मरने वालों की संख्या 15 हो गई है। इस हमले के बाद ऑस्ट्रेलियाई सरकार बंदूक ख़रीदने और लाइसेंस हासिल करने से जुड़े कानून ज़्यादा सख़्त करेगी।

सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की एक खबर के अनुसार, पोर्ट आर्थर नरसंहार के बाद हुए राष्ट्रीय बंदूक समझौते पर फिर से बातचीत होगी और कानून पारित करने के लिए क्रिसमस से पहले एनएसडब्ल्यू संसद को फिर से बुलाया जा सकता है। बॉन्डी बीच पर हुए नरसंहार के बाद, सभी राज्यों और क्षेत्रों ने बंदूक से जुड़े कानूनों को मज़बूत करने के लिये विकल्प विकसित करने पर सहमति जताई है। इन बड़े सुधारों में एक व्यक्ति के पास रखी जा सकने वाली बंदूकों की अधिकतम संख्या को सीमित करने सहित कई शर्तें शामिल है।




सिडनी के बॉन्डी बीच पर रविवार को हुई गोलीबारी के बाद सोमवार की सुबह घटना स्थल पर तैनात पुलिस के जवान।

### न्यूजीलैंड ने यहूदियों की सुरक्षा बढ़ाई


**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड सरकार ने ऑस्ट्रेलिया के बोंडी बीच पर हुए यहूदी विरोधी आतंकवादी हमले के बाद यहूदी समुदायों की सुरक्षा बढ़ा दी है। प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने सोमवार को यह जानकारी दी। लक्सन ने यहूदी नेताओं से निजी तौर पर मुलाकात के बाद इस हमले को बेहद भयावह और क्रूरता भरी यहूदी विरोधी भावना बताया।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 दिसंबर, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वादशी 11.57 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- हेमंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-स्वाती 14.09 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष** - आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। जीवनसाथी की सलाह का आपको करियर में लाभ मिलेगा। धन के लेन-देन वाले कार्य आज कर सकते हैं। संतान को लेकर शुभ समाचार मिल सकते हैं। भविष्य को लेकर आप योजना बनायेंगे।

**वृष** - आज कार्यक्षेत्र की राजनीति से स्वयं को दूर रखें। गृह कार्यों में आज व्यस्त रहेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर अत्यंत उत्सुक रहेंगे। आपको स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** - आज करियर में सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा। छात्रों को शिक्षा में मनोनुकूल परिणाम मिलेगा। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आपके पास नई जिम्मेदारियों का दबाव रहेगा। आक्रोशित होने के बजाय धैर्यपूर्वक निर्णय लेना आपके हित में होगा।

**कर्क** - आज कार्यक्षेत्र में मन नहीं लगेगा। भविष्य के बारे में आपको थोड़ा सोच-विचार करना पड़ेगा। परिजनों के व्यवहार से क्षुब्ध रहेंगे। फोन के माध्यम से शुभ सूचना प्राप्त हो सकती है। संपत्ति के दस्तावेजों और एग्रीमेन्ट आदि की पूरी जांच-परख कर लें।

**सिंह** - आज आप अपनी उन्नति से उल्लासित रहेंगे। प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात होगी। आज घर का माहौल बड़ा ही आनंददायक रहने वाला है। माता-पिता अपने बच्चों को विशेष समय देंगे। भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा।

**कन्या** - आज नए व्यावसायिक संपर्क विकसित हो सकते हैं। अपने खान-पान को हेल्दी रखें। अपना व्यवहार संयमित रखें। अधिकारी वर्ग आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेगा। किसी महिला की आर्थिक सहायता करनी पड़ सकती है। दूसरों की बातों पर अधिक ध्यान न दें।

**तुला** - आज अपनी दिनचर्या अत्यंत अनुशासित रखने का प्रयास करें। इसका लाभ आपको ऊर्जा में बढ़ोत्तरी के रूप में मिलेगा। घर के इंटीरियर में कुछ बदलाव कर सकते हैं। संतान के विवाह की चिंता दूर होगी। मित्रों के साथ हंसी-मजाक में समय बितायेंगे।

**वृश्चिक** - आज कार्यक्षमता में कुछ कमी महसूस होगी। अपनी कमियों में सुधार लाने का प्रयास करें। कारोबार में उतार-चढ़ाव की परेशानी हो सकती है। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। अति आत्मविश्वास को अपने ऊपर हावी न होने दें। बनते कार्यों में विघ्न आ सकते हैं।

**धनु** - आज आपके व्यक्तित्व में सुधार आयेगा। दोस्तों के साथ खुशी के पल बितायेंगे। महत्वपूर्ण आधिकारिक यात्रा हो सकती है। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। करियर को लेकर समस्याओं का समाधान होने की संभावना है। आय के नए स्रोत विकसित होंगे।

**मकर** - आज आपके मन में अच्छे और सतविचार उत्पन्न होंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी योग्यता की प्रशंसा होगी। अपने काम में लगातार सुधार करते रहें। स्वरोजगार में आर्थिक लाभ होने की संभावना है। अपनी रुचि के अनुसार ही काम करें तो अच्छा रहेगा।

**कुंभ** - आज कुछ लोग ईर्ष्यावश आपको गलत सलाह दे सकते हैं। बड़े भाई-बहनों की चिंता रहेगी। अनावश्यक यात्रा करने से बचें। अपनी कमियों पर सुधार लाने का प्रयास करें। बनते कार्यों में विघ्न आने की संभावना है। आपको भागदौड़ अधिक करनी पड़ेगी।

**मीन** - आज परिजनों की चिंता हो सकती है। खर्चों को लेकर अत्यंत चिन्तित रहेंगे। यदि निवेश की योजना बना रहे हैं तो फिलहाल अभी रुक लें। करियर को लेकर मन विचलित रहेगा। छोटे-मोटे विवाद उत्पन्न हो सकते हैं। मन में संदेह की भावना न आने दें।

## सुडोकू-3

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | 2 | | | | 1 | |
| | 3 | | | 8 | | | | |
| 2 | 1 | 6 | | | 4 | | | 5 |
| | 5 | | | 3 | | 6 | 9 | |
| | | 1 | | | | 8 | | |
| | 9 | 2 | | 7 | | | 4 | |
| 1 | | | 9 | | | 5 | 2 | 6 |
| | | | | 5 | | | 3 | |
| | 2 | | | | 6 | | 7 | 4 |

### सुडोकू - 2 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 9 | 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 |
| 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 6 | 9 | 7 | 2 |
| 5 | 2 | 9 | 1 | 6 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 6 | 1 | 3 | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 7 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 3 | 5 | 6 | 9 | 1 |
| 3 | 4 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 6 |
| 8 | 9 | 1 | 6 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 8 | 4 | 2 | 1 | 9 |



> हमारा लक्ष्य समर्पित छात्र-खिलाड़ियों की पहचान करना और उन्हें वह माहौल, कोचिंग और संस्कृति प्रदान करना है जिसकी उन्हें उत्कृष्टता हासिल करने के लिए आवश्यकता है। ये ट्रायल शानदार मौका है जो पढ़ाई से समझौता किए बिना पेशेवर फुटबॉल में करियर बनाने का सपना देखते हैं।
>
> -बाइचुंग भूटिया

# स्टेडियम

बरेली, मंगलवार,16 दिसंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

## हाईलाइट

### श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर दम्मिका गिरफ्तार, रिहा

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर और विश्व कप विजेता कप्तान अर्जुन रणतुंगा के बड़े भाई दम्मिका को देश के भ्रष्टाचार रोधी आयोग ने गिरफ्तार किया था लेकिन सोमवार को उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। भ्रष्टाचार जांच आयोग (सीआईएबीओसी) ने बताया कि 63 वर्षीय दम्मिका को 2017 में सरकारी संस्था सीलोन पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (सीपीसी) द्वारा कच्चे तेल की खरीद में गलत निविदा प्रक्रिया के लिए गिरफ्तार किया गया था। वह उस समय इसके अध्यक्ष थे। सीआईएबीओसी ने कहा कि दम्मिका के अनुचित प्रभाव के कारण सीपीसी को 80 करोड़ श्रीलंकाई रुपये का नुकसान हुआ था।

### दिव्यांग टी-20 सीरीज आज से

**मुंबई।** वानखेड़े स्टेडियम भारत और भारत 'ए' टीमों के बीच तीन मैचों की शारीरिक दिव्यांग टी20 सीरीज की मेजबानी 16 से 18 दिसंबर तक करेगा। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) ने सोमवार को यह घोषणा की। तीन दिवसीय टी20 सीरीज का उद्देश्य समावेशिता, जज्बा और खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के साथ ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शारीरिक दिव्यांगता क्रिकेट की बढ़ती प्रतिष्ठा को उजागर करना है।

### मनु भाकर, सिमरनप्रीत को स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** ओलंपिक की दोहरी कांस्य पदक विजेता मनु भाकर और विश्व कप फाइनल की स्वर्ण पदक विजेता सिमरनप्रीत कौर बरार ने सोमवार को यहां राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिला 25 मीटर पिस्टल वर्ग में क्रमश: सीनियर और जूनियर वर्ग का खिताब जीता। मनु ने फाइनल में 36 अंक के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

# आईपीएल मिनी नीलामी : आज होगा 359 खिलाड़ियों के भाग्य का फैसला

## कैमरन ग्रीन, वेंकटेश अय्यर और लियाम लिविंगस्टोन पर रहेंगी नजरें

**अबु धाबी, एजेंसी**

विश्व स्तरीय तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के उपलब्ध नहीं होने के कारण कैमरन ग्रीन इंडियन प्रीमियर लीग की मंगलवार को यहां होने वाली छोटी नीलामी में फायदे की स्थिति में रह सकते हैं और कोलकाता नाइट राइडर्स तथा चेन्नई सुपरकिंग्स जैसी टीम इस ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर के लिए बड़ी बोली लगा सकती हैं। नीलामी में 10 टीम 77 खिलाड़ियों को खरीदने उतरेंगी और सभी टीम के पास मिलाकर 237 करोड़ 55 लाख रुपये की राशि उपलब्ध है। 1355 खिलाड़ियों ने नीलामी के लिए पंजीकरण कराया था जिनमें 359 खिलाड़ियों को चुना गया है, इसमें 244 भारतीय खिलाड़ी और 115 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं।

मुंबई इंडियन्स की हालांकि नीलामी में अधिक भूमिका नहीं होगी क्योंकि उसके पास सिर्फ दो करोड़ 75 लाख रुपये उपलब्ध हैं और वह कुछ अनकैप्ड (जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो) खिलाड़ियों को उनके आधार मूल्य पर ही खरीद पाएगी। ग्रीन, भारतीय टीम से बाहर चल रहे वेंकटेश अय्यर और इंग्लैंड के आक्रामक बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन पर भारी-भरकम बोली लग सकती है।

छोटी नीलामी हमेशा बड़ी नीलामी से अधिक दिलचस्प होती है क्योंकि फ्रेंचाइजी खास पसंद के साथ आती हैं और अलग-अलग कौशल वाले खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार रहती हैं। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के लिए हमेशा से बड़ी बोलियां लगती रही हैं। इसे देखते हुए ग्रीन, वेंकटेश अय्यर और वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर जेसन होल्डर सबसे अधिक दो करोड़ रुपये के आधार मूल्य वाले खिलाड़ियों की सूची में हैं। जहां तक वेंकटेश का सवाल है तो नाइट राइडर्स के सीईओ वैंकी मैसूर को छोड़कर सभी का मानना है कि नीलामी में 23 करोड़ 75 लाख लाख रुपये की राशि काफी अधिक थी और अपने सबसे खराब सत्र में यह ऑलराउंडर इस राशि को सही ठहराने की कोशिश में ही लगा रहा। टीम ने आंद्र रसेल को भी रिलीज कर दिया है और वह नाइट राइडर्स के नए 'पावर कोच' होंगे। नाइट राइडर्स को ऐसे में शीर्ष क्रम के दो अच्छे बल्लेबाज और एक ऑलराउंडर की दरकार है। तीसरे तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर होल्डर को लेकर भले ही काफी हल्ला नहीं हो लेकिन वह आक्रामक बल्लेबाजी के अलावा प्रभावी गेंदबाजी करने में सक्षम हैं।

बोली की रकम और खिलाड़ियों का वेतन दोनों अलग-अलग होगा जिसमें बोली की रकम को टीम के कुल सालाना खिलाड़ी वेतन में से काटा जाएगा। इसका कारण आईपीएल का 'अधिकतम फीस' नियम है जिसके अनुसार छोटी नीलामी में किसी विदेशी खिलाड़ी की अधिकतम फीस सबसे अधिक कीमत (18 करोड़ रुपये) पर रिटेन किए गए खिलाड़ी और पिछली बड़ी नीलामी सबसे अधिक बोली (2025 में ऋषभ पंत के लिए 27 करोड़ रुपये) में से जो भी कम हो, वह होगी। वेंकटेश के मामले में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या उनकी बोली 10 करोड़ रुपये से ऊपर जाती है जो उनके कौशल और काबिलियत को देखते हुए एक बोली होगी। छोटी नीलामी में राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड इस्तेमाल करने का कोई विकल्प नहीं है इसलिए अगर नाइट राइडर्स को वेंकटेश को वापस लेना है तो कुछ समझदारी भरे फैसले करने होंगे। स्पिन गेंदबाजी भी करने वाले इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी लिविंगस्टोन और दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक भी 10 लाख डॉलर (नौ करोड़ रुपये) का आंकड़ा छू सकते हैं।



कैमरन ग्रीन, वेंकटेश अय्यर व लियाम लिविंगस्टोन।

### कोलकाता के पास सबसे अधिक राशि

कोलकाता नाइट राइडर्स के पास सबसे अधिक 64 करोड़ 30 लाख रुपये की राशि उपलब्ध है और उसकी नजरें टीम को नए सिरे से तैयार करने पर टिकी होंगी। टीम को 13 खिलाड़ियों को खरीदना है और नीलामी में उसे मुख्य रूप से चुनौती सुपरकिंग्स से मिलने की उम्मीद है जिसके पास 43 करोड़ 40 लाख रुपये की राशि उपलब्ध है।

### ग्रीन ने सबको प्रभावित किया

आईपीएल में ग्रीन ने प्रभावित किया है। उन्होंने 29 मैच में 704 रन बनाने के अलावा 16 विकेट भी चटकाए हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के लिए सभी प्रारूपों में नियमित रूप से खेलते हैं और ऐसे में नीलामी में उनका आकर्षण का केंद्र होना लगभग तय है। ऐसी चर्चा है कि ग्रीन आईपीएल नीलामी में सबसे अधिक कीमत वाले विदेशी खिलाड़ियों की सूची में अपने हमवतन मिचेल स्टार्क (24 करोड़ 75 लाख रुपये) को पीछे छोड़ सकते हैं लेकिन इसमें भी एक पेंच है। भले ही ग्रीन की बोली 25 करोड़ रुपये से अधिक हो जाए लेकिन फिर भी इस सत्र के लिए उनका वेतन 18 करोड़ रुपये ही रहेगा।

# गिल पर भरोसा रखना चाहिए: अभिषेक



**धर्मशाला, एजेंसी।** बारह वर्ष की उम्र से शुभमन गिल के साथ खेल रहे अभिषेक शर्मा को पता है कि खराब फॉर्म से उबरकर वह भारत के लिये टी20 विश्व मैच जीतेंगे और अगले साल टी20 विश्व कप में भी शानदार प्रदर्शन करेंगे। भारत की टी20 एकादश में गिल के चयन पर सवाल उठे थे क्योंकि फॉर्म में चल रहे संजू सैमसन को बाहर रखा गया था। गिल 15 पारियों में 137 .3 की स्ट्राइक रेट से 291 रन ही बना सके हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां तीसरे टी20 में उन्होंने 28 गेंद में 28 रन बनाए। गिल और कप्तान सूर्यकुमार यादव के खराब फॉर्म के बारे में पूछने पर अभिषेक ने कहा मैं एक बात साफ बताना चाहता हूं कि आप भरोसा रखिये, ये दोनों खिलाड़ी भारत के लिये विश्व कप में मैच जीतेंगे और इस सीरीज में भी। अपने बचपन के दोस्त गिल के बारे में उन्होंने कहा मैं इतने समय से इनके साथ खेल रहा हूं, खासकर शुभमन के तो मुझे पता है कि वह किसी भी टीम के खिलाफ और किसी भी हालात में रन बना सकता है। उन्होंने कहा मुझे उस पर शुरू से काफी भरोसा है और जल्दी ही सभी को पता चलेगा और सभी इसी तरह से भरोसा करेंगे। तीसरे मैच में 18 गेंद में 35 रन बनाकर भारत को 2-1 से बढ़त दिलाने वाले अभिषेक ने कहा कि दिसंबर के मौसम को ध्यान में रखते हुए उन्होंने बल्लेबाजी की। उन्होंने कहा आपको यह ध्यान में रखना पड़ता है कि गेंद स्विंग कर रही है या सीम ले रही है। मैने कुछ ऐसे शॉट खेले जो ऐसे विकेट पर ही खेले जा सकते हैं।

## भारत के नई गेंद के गेंदबाजों ने हमारे लिए मुश्किलें खड़ी कीं : मार्करम



**धर्मशाला।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम ने तीसरे टी20 मैच में मिली हार के बाद कहा कि भारत के नयी गेंद के गेंदबाजों ने उनके लिये दिक्कतें खड़ी की और उनके बल्लेबाज तेजी से रन नहीं बना सके। भारत के अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा ने पहले चार ओवर के भीतर दक्षिण अफ्रीका के तीन विकेट उस समय निकाल दिए जब स्कोर बोर्ड पर सात रन ही टंगे थे। इन झटकों से मार्करम की टीम उबर नहीं सकी और 117 रन बनाने के बाद सात विकेट से हार गई। मार्करम ने मैच के बाद कहा उन्होंने सही जगहों पर गेंद डाली। अर्शदीप ने उम्दा गेंदबाजी की। उनके नयी गेंद के दोनों गेंदबाजों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा आपको अनुकूल हालात मिल सकते हैं लेकिन आखिर में गेंदबाजों को सही जगहों पर गेंद डालनी होगी और उन्होने वही किया। उन्हें इसका श्रेय दिया जाना चाहिये। पहली गेंद से ही उन्होंने हमारे लिए मुश्किलें खड़ी की। माक्ररम ने स्वीकार किया कि हालात चुनौतीपूर्ण थे लेकिन यह भी कहा कि टीम को इसके अनुकूल ढलना होगा। उन्होंने कहा हालात कठिन थे लेकिन हमें इसके अनुरूप ढलना होगा। मौसम ठंडा था जिसका असर पड़ा पर इससे कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।

### बीमार अक्षर पटेल टी-20 सीरीज के शेष मैचों से बाहर

**नई दिल्ली।** भारतीय हरफनमौला अक्षर पटेल बीमारी के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शेष दो टी20 मैचों से सोमवार को बाहर हो गए। बीसीसीआई की चयन समिति ने उनकी जगह शाहबाज अहमद को टीम में शामिल किया है। अक्षर रविवार को धर्मशाला में खेले गए तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भी नहीं खेल पाए थे, जहां उनकी जगह स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल किया गया था। भारत ने कम स्कोर वाले मैच में दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली। इस श्रृंखला के आखिरी दो मैच क्रमश: बुधवार और शुक्रवार को लखनऊ और अहमदाबाद में खेले जाएंगे। देवजीत सैकिया ने कहा अक्षर पटेल बीमारी के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शेष दो मैचों से बाहर हो गए हैं।

# मेसी ने दिल्ली में फुटबॉल प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध किया

- चार शहरों के 'जीओएटी इंडिया टूर 2025' का समापन, वापस आने का किया वादा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लियोनेल मेसी के बहुप्रतीक्षित 'जीओएटी इंडिया टूर' की शुरुआत भले ही अव्यवस्थित ढंग से हुई हो लेकिन इसका समापन दिल्ली में शानदार तरीके से हुआ जहां प्रशंसक अपने चहेते खिलाड़ी की झलक पाकर खुशी से झूम उठे। फुटबॉल के इस दिग्गज खिलाड़ी ने अपने प्रशंसकों को महज 30 मिनट में ही जीवन भर संजो कर रखने वाले यादगार पल दे दिए और वापस आने का वादा भी किया।

अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम इस दौरान फुटबॉल जगत के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र था। मेसी के दीवानों ने उस शख्स का दीदार किया जो मैदान पर अक्सर 'बेजोड़' प्रदर्शन करता है। मेसी ने जब माइक संभाला और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, आईसीसी अध्यक्ष जय शाह और पूर्व भारतीय फुटबॉल कप्तान बाइचुंग भूटिया समेत कई अन्य लोगों की मौजूदगी में प्रशंसकों को संबोधित किया उनके प्रति दीवानगी चरम पर पहुंच गई। मेसी ने दर्शकों से कहा भारत में इन दिनों मिले प्यार और स्नेह के लिए मैं सभी का धन्यवाद करना चाहता हूं। शहर के अधिकांश लोग स्पेनिश भाषा को नहीं समझते लेकिन इसके बावजूद उनके इन शब्दों ने दर्शकों में एक ऐसी ललक और उत्साह पैदा कर दिया जो पहले शायद ही कभी देखा गया हो। मेसी ने कहा भले ही यह संक्षिप्त दौरा है लेकिन इतना प्यार पाना अद्भुत है। मुझे इस दीवानगी के बारे में पहले से ही पता था, लेकिन इसे सीधे तौर पर महसूस करना और भी अद्भुत था। हमने इन दिनों में जो भी महसूस किया वह हमारे लिए एक अविश्वसनीय अनुभव था। इस विश्व कप विजेता खिलाड़ी ने कहा हम इस सारे प्यार को अपने साथ संजोकर रखेंगे, और हम निश्चित रूप से लौटेंगे, उम्मीद है कि किसी दिन कोई मैच खेलने या किसी अन्य अवसर पर, लेकिन हम भारत की यात्रा अवश्य करेंगे। बहुत-बहुत धन्यवाद। कोलकाता में शनिवार को अराजक शुरुआत के बाद सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि व्यापक रूप से प्रचारित और बहुप्रतीक्षित इस कार्यक्रम का अंत वैसा ही हुआ जैसा आयोजक चाहते थे कोटला की दर्शक दीर्घा में उमड़ी हजारों की भीड़ के साथ ही मैदान के अंदर मौजूद कुछ भारतीय हस्तियां और गणमान्य व्यक्ति दुनिया के सबसे सम्मानित खिलाड़ियों में से एक की मेजबानी के उत्साह में सराबोर थे।



नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, उरुग्वे के फुटबॉलर लुइस सुआरेज़, अर्जेंटीना के फुटबॉलर लियोनेल मेसी, आईसीसी चेयरमैन जय शाह और अर्जेंटीना के फुटबॉलर रोड्रिगो डी पॉल। एजेंसी

### हम आखिर हासिल क्या करना चाह रहे : अभिनव बिंद्रा

**नई दिल्ली।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भारत के पूर्व निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेसी के भारत दौरे के घटनाक्रम की आलोचना करते हुए कहा कि इस महान खिलाड़ी के करीब आने या उसके साथ तस्वीर खिंचवाने के लिए लाखों रुपये खर्च किये जाने को लेकर वह काफी दुखी हैं। ऐसी के तीन दिन के भारत दौरे पर काफी अराजकता देखी गई चूंकि राजनेताओं, फिल्मी हस्तियों, उद्योगपतियों और अधिकारियों में उनके साथ तस्वीर लेने को लेकर होड़ रही। बिंद्रा ने एक्स पर लिखा जैसे जैसे उनका हालिया भारत दौरा आगे बढ़ा, कुछ जगहों पर अफरा तफरी हुई व मुझे काफी असहज लगा।

## तीसरे एशेज टेस्ट के लिए टंग की इंग्लैंड टीम में वापसी

**एडिलेड :** इंग्लैंड ने बुधवार से यहां खेले जाने वाले तीसरे एशेज टेस्ट के लिए गुस एटकिंसन की जगह जोश टंग को टीम में वापस बुलाया है, लेकिन धीमे गेंदबाजों की मददगार पिच की संभावना के बावजूद विशेषज्ञ स्पिनर शोएब बशीर को एकादश में जगह नहीं मिली है।

टंग की वापसी इंग्लैंड की टीम में एकमात्र बदलाव है जिसे गाबा में आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। इंग्लैंड की टीम पांच मैचों की सीरीज में 0-2 से पीछे हैं। उसके लिए सीरीज में बने रहने के लिए एडिलेड में जीत दर्ज करना जरूरी होगा।

चयनकर्ताओं ने बशीर के टीम में होने के बावजूद स्पिन गेंदबाजी करने वाले हरफनमौला विल जैक्स को तरजीह दी है। बशीर को इससे पहले पर्थ और ब्रिसबेन की तेज गेंदबाजों की मददगार परिस्थितियों में खेले गये मैच के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था, तो टीम ने जैक्स को एकादश में बनाये रखने का फैसला किया।

# विजय हजारे ट्रॉफी में भागीदारी अनिवार्य : बोर्ड

- 24 दिसंबर से शुरू हो रही प्रतियोगिता
- सीनियर खिलाड़ियों को कम से कम दो मैच में अपनी उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बीसीसीआई ने भारतीय टीम के मौजूदा खिलाड़ियों के लिए 24 दिसंबर से शुरू हो रही विजय हजारे ट्रॉफी में कम से कम दो वनडे मैच खेलना अनिवार्य कर दिया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी टी20 मैच (19 दिसंबर) और न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे (11 जनवरी , 2026) के बीच तीन सप्ताह से अधिक का अंतर है और बोर्ड चाहता है कि सभी सीनियर खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट खेलें।

अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने सभी को यह निर्देश दे दिया है। इस साल की शुरुआत में आस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज में हार के बाद यह सिफारिश की गई थी। इसमें हर प्रारूप में घरेलू क्रिकेट पर अधिक जोर देने के लिए कहा गया था। विराट कोहली और रोहित शर्मा टूर्नामेंट के लिए अपनी उपलब्धता की सूचना दे चुके हैं। वहीं, सीनियर खिलाड़ी शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार यादव को अपनी अपनी टीमों के लिए कम से कम दो मैच खेलने के लिए कहा जा सकता है। बीसीसीआई ने कहा विजय हजारे ट्रॉफी के छह दौर 24 दिसंबर से खेले जाने हैं। यह खिलाड़ियों और उनके प्रदेश संघों पर निर्भर करता है कि वे कौन से दो दौर खेलना चाहते हैं। किसी को छूट तभी दी जायेगी जब उत्कृष्टता केंद्र से किसी को अनफिट घोषित किया जाता है पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के बाद चोट से उबरने के लिए काफी समय होगा।

# बीबीएल में अफरीदी को गेंदबाजी से रोका गया

**जिलॉन्ग (ऑस्ट्रेलिया), एजेंसी**

बिग बैश लीग (बीबीएल) में ब्रिस्बेन हीट बनाम मेलबर्न रेनेगेड्स के बीच खेले जा रहे मैच में खतरनाक गेंदबाजी कर रहे शाहीन शाह अफरीदी को गेंदबाजी से हटा दिया गया।

यह घटना रेनेगेड्स की पारी के 18वें ओवर में उस समय हुई जब ब्रिस्बेन हीट के लिए अपना पहला मैच खेल रहे अफरीदी ने दो कमर-ऊंचाई वाली फुल टॉस गेंदें फेंकीं एक टिम सीफर्ट को और एक ओली पीक को और इसके बाद उन्हें गेंदबाजी से हटा दिया गया। जब उन्हें बताया गया कि अब वह गेंदबाजी नहीं कर सकते, तो अफरीदी ने हल्की मुस्कान दी, क्योंकि हीट के कप्तान नाथन मैकस्वीनी को ओवर पूरा करने के लिए आखिरी दो गेंदें फेंकनी पड़ीं।



18वें ओवर की खराब गेंदबाजी से पहले, अफरीदी ने उस ओवर में 19 रन दिए।

अफरीदी ने बीबीएल में 2.4 ओवरों में तीन नौ बॉल और दो वाइड गेंदे फेंकी। बहुत धूमधाम के साथ गेम में एंट्री करने वाले अफरीदी को पदार्पण मैच में जहां गेंदबाजी से रोका गया। वहीं पाकिस्तान टीम के अपने साथी मोहम्मद रिजवान भी रेनेगेड्स के लिए अपना बीबीएल में पदार्पण किया और दूसरे ओवर में तीन डॉट गेंदों के साथ अच्छी शुरुआत की थी।

## प्रधानमंत्री ने स्क्वाश विश्व कप विजेता टीम को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को एसडीएटी स्क्वाश विश्व कप 2025 में अपना पहला विश्व कप खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय स्क्वाश टीम को बधाई दी।

सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलवन सेंथिल कुमार और अनाहत सिंह की चौकड़ी की जबरदस्त लगन और दृढ़ संकल्प के लिए तारीफ करते हुए कहा कि उनकी सफलता ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। प्रधानमंत्री ने भारतीय खेल पर इस ऐतिहासिक उपलब्धि के व्यापक प्रभाव पर बल देते हुए कहा यह जीत हमारे युवाओं के बीच स्क्वैश की लोकप्रियता को भी बढ़ाएगी।

**गर्व की बात**

विश्व कप फाइनल में शानदार प्रदर्शन का मिला पुरस्कार, 78 गेंदों पर बनाए थे 87 रन

# शेफाली महीने की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गईं



**दुबई, एजेंसी**

महिला विश्व कप के फाइनल में पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को आईसीसी (अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) का नवंबर महीने का 'माह का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' का पुरस्कार मिला है। प्रतिका रावल के चोटिल होने के बाद अपने विश्व कप अभियान को सेमीफाइनल में शुरू करने वाली शेफाली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 78 गेंदों में 87 रन बनाए। यह महिला विश्व कप फाइनल में किसी भारतीय सलामी बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। भारत ने नवी मुंबई में खेले गए फाइनल में उनकी शानदार बल्लेबाजी के बूते से सात विकेट पर 298 रन बनाए। टीम ने इसके बाद 52 रन से मैच जीतकर पहली बार इस खिताब को अपने नाम किया। शेफाली ने पहले विकेट के लिए स्मृति मंधाना के साथ 104 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। इस 21 साल की बल्लेबाज ने थाईलैंड की थीपैचा पुथावोंग और यूएई की ईशा ओझा को पछाड़ कर अपना पहला 'महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' का पुरस्कार जीता। आईसीसी से जारी विज्ञप्ति में शेफाली ने कहा आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में मेरा पहला अनुभव मेरी उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा, लेकिन यह मेरी कल्पना और उम्मीदों से कहीं बेहतर तरीके से समाप्त हुआ। उन्होंने कहा मैं आभारी हूं कि मैं फाइनल में टीम की सफलता में योगदान दे सकी और घरेलू दर्शकों के सामने पहली बार विश्व कप जीतने के इतिहास का हिस्सा बन सकी। दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर साइमन हार्मर को भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार गेंदबाजी के लिए पुरुष वर्ग का पुरस्कार मिला। हार्मर के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका भारत में 25 साल में पहली बार टेस्ट सीरीज जीतने में सफल रहा।

> मैं नवंबर माह के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुने जाने पर वास्तव में सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं यह पुरस्कार अपनी टीम के साथियों, अपने सभी कोच, परिवार और उन सभी को समर्पित करती हूं जिन्होंने अब तक मेरी यात्रा में मेरा साथ दिया है। हम एक टीम के रूप में जीतते और हारते हैं, यही बात इस पुरस्कार पर भी लागू होती है।
>
> -शेफाली वर्मा

### फीफा फुटबॉल पुरस्कार विजेताओं की घोषणा आज

**ज्यूरिख (स्विट्जरलैंड)।** द बेस्ट फीफा फुटबॉल पुरस्कार 2025 के विजेताओं की घोषणा कतर की राजधानी दोहा में आयोजित एक विशेष समारोह में मंगलवार को होगी। कल होने वाले इस समारोह का सीधा प्रसारण फीफाडॉटकॉम पर स्थानीय समय के अनुसार 20 बजे किया जाएगा। अहमद बिन अली स्टेडियम में पेरिस सेंट-जर्मेन और सीआर फ्लेमेंगो के बीच फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप कतर 2025 के फाइनल की पूर्व संध्या पर, दोहा के फेयरमोंट कटारा हॉल में फीफा सेलिब्रेशन 2025 रात्रिभोज के दौरान इस वर्ष के दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों और कोचों के नामों की घोषणा की जाएगी।